सभी परीक्षाओं को समर्पित प्रतियोगी पत्रिका

# समसामयिकी क्रॉनिकल

नवंबर 2023 ■ ₹ 45

- वैश्विक नवाचार सूचकांक 2023
- 106वां संविधान संशोधन अधिनियम 2023
- 18वां G20 शिखर सम्मेलन
- 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' समिति
- 'स्किल इंडिया डिजिटल' प्लेटफॉर्म का शुभारंभ
- वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2024
- भारत के 2 स्थल यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल
- वर्ल्ड स्पाइस कांग्रेस (WSC) का 14वां संस्करण
- ई-कोर्ट परियोजना चरण-3 को मंजूरी
- एशियन गेम्स 2023 : भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने जीता स्वर्ण
- अभिनेत्री वहीदा रहमान को दादा साहब फाल्के पुरस्कार
- सागर परिक्रमा चरण-VIII का शुभारंभ
- भारत-संयुक्त राष्ट्र क्षमता निर्माण पहल
- डॉ. आर. रवि कन्नन को मिला रेमन मैगसेसे पुरस्कार 2023
- गुजरात में दुर्लभ धातु वैनेडियम की खोज
- सूर्य के अध्ययन के लिए मिशन : 'आदित्य-एल1' लॉन्च
- भारत की पहली ग्रीन हाइड्रोजन ईंधन बस का शुभारंभ
- आईएनएस महेंद्रगिरि का जलावतरण
- सिम्बेक्स-23 नौसैन्य अभ्यास
- अमेरिकी ओपन टेनिस-2023

पत्र-पत्रिका सार संक्षेप

**कुरुक्षेत्र/योजना/ विज्ञान प्रगति (सितंबर 2023)**

**UPPSC-RO/ARO सामान्य अध्ययन**

**अति संभावित तथ्य**

**उत्तर प्रदेश करेंट अफेयर्स**

**वनलाइनर समसामयिकी**

सितंबर 2023 के घटनाक्रम पर आधारित

**समसामयिक प्रश्न**

26 अगस्त से 25 सितंबर, 2023 के घटनाक्रम पर आधारित



नवंबर 2023 / वर्ष : 12 / अंक : 9

सभी परीक्षाओं को समर्पित प्रतियोगी पत्रिका

समसामयिकी क्रॉनिकल

## इस अंक में...


## 06 राज्य

- ग्रेटर नोएडा में अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी आयोजित
- बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण की स्थापना को मंजूरी
- 'हमारी गौ माता, हमारा दायित्व' योजना
- 'मुख्यमंत्री लाडली बहना आवास योजना' का उद्घाटन
- गुजरात विधानसभा के डिजिटल हाउस का उद्घाटन

## 16 राष्ट्रीय

- 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' समिति
- आयुष्मान भव: अभियान
- सागर परिक्रमा चरण-VIII
- 106वां संविधान संशोधन अधिनियम 2023
- नुआखाई उत्सव 2023
- भारत के 2 स्थल यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल

## 22 आर्थिकी

- भारत के आउटवार्ड और इनवार्ड इन्वेस्टमेंट में वृद्धि
- अफगानिस्तान की मुद्रा विश्व में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली मुद्रा
- टाटा स्टील ने UK सरकार के साथ 500 मिलियन पाउंड का समझौता किया
- डेटा-संचालित नवाचार हेतु नाबार्ड की UNDP के साथ साझेदारी
- एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड का नायरा एनर्जी के साथ समझौता
- RBI द्वारा I-CRR को वापस लेने का निर्णय

## 24 अंतरराष्ट्रीय

- 18वां G20 शिखर सम्मेलन
- संयुक्त राष्ट्र महासभा का 78वां सत्र
- 11वें IBSA त्रिपक्षीय मंत्रिस्तरीय आयोग की बैठक
- भारत-सऊदी अरब ने 8 समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए
- भारत और बांग्लादेश ने 3 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए
- सातो किल्मन वानुअतु के प्रधानमंत्री निर्वाचित

## 27 विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

- समुद्री टार्डिग्रेड की एक नई प्रजाति की खोज
- गुरुत्वाकर्षण अस्थिरता और आकाशगंगा विकास
- गुजरात में दुर्लभ धातु वैनेडियम की खोज
- सूर्य के अध्ययन के लिए मिशन : 'आदित्य-एल1' लॉन्च

## 29 पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

- भारत की पहली ग्रीन हाइड्रोजन ईंधन बस का शुभारंभ
- बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में हाथी महोत्सव
- बांध सुरक्षा पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन
- देश की पहली सोलर सिटी 'सांची'
- 13 हिमालयी राज्यों की वहन क्षमता का मूल्यांकन करने का प्रस्ताव
- संयुक्त राष्ट्र जैव विविधता का 'FUNGA' अभियान
- कोनोकार्पस वृक्षारोपण पर प्रतिबंध

## 31 रिपोर्ट एवं सूचकांक

- वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2024
- ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स 2023
- स्टेट ऑफ द राइनो, 2023 रिपोर्ट
- वायु गुणवत्ता जीवन सूचकांक (AQLI) 2023
- विश्व के सर्वश्रेष्ठ देशों की रिपोर्ट 2023
- पशुओं में रोगाणुरोधी उपयोग पर 7वीं रिपोर्ट

## 33 योजना एवं कार्यक्रम

- पीएम विश्वकर्मा योजना का शुभारंभ
- ई-कोर्ट परियोजना चरण-3 को मंजूरी
- प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के विस्तार को मंजूरी
- श्रेयस योजना के तहत 21,000 से अधिक छात्रों को लाभ
- सूर्या क्षेत्रीय जल आपूर्ति परियोजना
- वन वीक वन लैब कार्यक्रम

## 35 बैंकिंग, फाइनेंस, सेवा और बीमा

- भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस ने नई मिड-कैप फंड लॉन्च किया
- भारत के पहले यूपीआई एटीएम का शुभारंभ
- एक्सिस बैंक ने 'निओ फॉर बिजनेस' बैंकिंग प्लेटफॉर्म लॉन्च किया

### सार-संक्षेप

- नियुक्ति........................................ 39
- निधन........................................... 40
- पुरस्कार एवं सम्मान....................... 41
- युद्धाभ्यास...................................... 43
- विविध.......................................... 44


## 46 खेल
## 49 वनलाइनर समसामयिकी
## 52 प्रश्नोत्तर सार
## 54 बिहार शिक्षक भर्ती परीक्षा-सामाजिक विज्ञान
## 61 पत्र-पत्रिका सार संक्षेप
## 72 चर्चित शब्द मंजूषा
## 75 RO/ARO
## 80 समसामयिक प्रश्न


**संपादक:** एन.एन. ओझा
**अध्यक्ष:** संजीव नन्दक्योलियार
**उपाध्यक्ष:** कीर्ति नंदिता
**संपादकीय:** 9582948817, cschindi@chronicleindia.in
**विज्ञापन:** 9953007627, advt@chronicleindia.in
**सदस्यता:** 9953007629, subscription@chronicleindia.in
**प्रसार:** 9953007630, circulation@chronicleindia.in
**व्यावसायिक कार्यालय:** क्रॉनिकल पब्लिकेशन्स प्रा. लि. ए-27 डी, सेक्टर-16, नोएडा-201301
Tel.: 0120-2514610-12, info@chronicleindia.in

**क्रॉनिकल पब्लिकेशन्स प्रा. लि.:** प्रकाशित लेखों में लेखकों के विचार अपने हैं। उनसे संपादक का सहमत या असहमत होना जरूरी नहीं है। संपादक की लिखित अनुमति के बिना इस पत्रिका में प्रकाशित किसी भी सामग्री को उद्धत या उसका अनुवाद नहीं किया जा सकता। पाठकों से अनुरोध है कि पत्रिका में छपे किसी भी विज्ञापन की सूचना की जांच स्वयं कर लें। समसामयिकी क्रॉनिकल, विज्ञापनों में प्रकाशित दावों के लिए किसी प्रकार जिम्मेदार नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली होगा।

क्रॉनिकल पब्लिकेशंस प्रा.लि. के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक-मृणाल ओझा** द्वारा एच-31, प्रथम तल ग्रीन पार्क एक्सटेंशन, नयी दिल्ली-110016, से प्रकाशित एवं इम्प्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट नंबर C-18-19-20-21, सेक्टर-59, नोएडा-201301 से मुद्रित- **संपादक एन.एन. ओझा**

# राज्य समाचार



## उत्तर प्रदेश करेंट अफेयर्स

### ग्रेटर नोएडा में अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी आयोजित

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने 21 सितंबर, 2023 को ग्रेटर नोएडा में उत्तर प्रदेश की पहली अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। यह प्रदर्शनी 21 सितंबर से 25 सितंबर तक आयोजित गई।

- 5 दिवसीय इस व्यापार मेले में 2000 से अधिक उत्पादकों और 300 ब्रांड ने भाग लिया।
- इस अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी से राज्य के निर्माताओं और उद्यमियों के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अपनी पहुंच स्थापित करने में मदद मिलेगी।
- 66 देशों के 400 से अधिक खरीदारों ने इस व्यापार प्रदर्शनी में भाग लिया।
- एक जनपद एक उत्पाद योजना के साथ 54 जीआई उत्पाद भी इस आयोजन में प्रदर्शित किए गये।

### बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण की स्थापना को मंजूरी

12 सितंबर, 2023 को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (Bundelkhand Industrial Development Authority) के गठन को मंजूरी दे दी गई।

- उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में यह पहल महत्वपूर्ण मानी जा रही है।
- इसके माध्यम से इस क्षेत्र में औद्योगिक टाउनशिप (Industrial Township) को स्थापित किया जाएगा।
- इस औद्योगिक टाउनशिप को न्यू ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण (Noida) की तर्ज पर विकसित किए जाने की योजना है।
- प्रस्तावित औद्योगिक टाउनशिप परियोजना के पहले चरण में झाँसी जिले के 33 राजस्व गांवों को शामिल किया जाएगा।
- पहले चरण में इन गांवों की 35,000 एकड़ भूमि को शामिल कर इस टाउनशिप को विकसित किया जाएगा।

### क्षेत्रीय भाषाओं में डिक्शनरी

हाल ही में, उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा विभाग के द्वारा प्रदान की गई जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश राज्य शिक्षा संस्थान (Uttar Pradesh State Institute of Education - SIE) द्वारा भोजपुरी, अवधी, ब्रज और बुंदेलखण्डी जैसी राज्य की क्षेत्रीय बोलियों/भाषाओं में शब्दकोश तैयार किया जा रहा है।

- यह शब्दकोश चार खंडों (volume) में प्रकाशित किया जा रहा है तथा इसमें 76,000 शब्दों को शामिल किया गया है।
- यह राज्य में क्षेत्रीय बोलियों/भाषाओं में तैयार की जाने वाली अपनी तरह की प्रथम पहल है।
- इस पहल का उद्देश्य भाषाई बाधाओं को दूर करते हुए, राज्य की क्षेत्रीय बोलियों को संरक्षित करना और बढ़ावा देना है।
- यह पहल नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (National Education Policy - NEP) 2020 के अनुरूप है।
- इसके माध्यम से शिक्षक छात्रों को उनकी स्थानीय बोलियों में विषयों को बेहतर तरीके से समझाने में सक्षम होंगे।

### कवि अरुण कमल को 'निराला स्मृति सम्मान'

वर्ष 2023 का 'निराला स्मृति सम्मान' समकालीन कविता के कवि अरुण कमल को दिये जाने की घोषणा की गई है।

- कवि अरुण कमल को यह सम्मान छायावादी महाकवि सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की पुण्यतिथि पर 15 अक्टूबर को प्रदान किया जाएगा।
- यह सम्मान महाकवि निराला की चेतना, विचारधारा और उनकी रचनात्मक परंपरा से जुडने वाले रचनाकार को दिया जाता है।
- वर्ष 1980 में कवि अरुण की पहली पुस्तक 'अपनी केवल धार' तथा वर्ष 1989 में उनकी दूसरी पुस्तक 'सबूत' प्रकाशित हुई।
- कवि अरुण की वर्ष 1996 में तीसरा संग्रह 'नये इलाके में' प्रकाशित हुई, जिसके लिए उन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- अरुण कमल आधुनिक हिंदी साहित्य में समकालीन दौर के कवि हैं।

### तत्वा प्लास्टिक पाइप फैक्ट्री का उद्घाटन

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 18 सितंबर, 2023 को गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) में 110 करोड़ रुपए के निवेश से स्थापित 'तत्वा प्लास्टिक पाइप फैक्ट्री' (Tatva Plastic Pipe Factory) का उद्घाटन किया।

- सरकार द्वारा गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण से लेकर धुरियापार तक औद्योगिक गलियारा विकसित किया जा रहा है।
- धुरियापार में 5000 एकड़ में औद्योगिक विकास किया जा रहा है।
- इन फैक्ट्रियों में 1000 करोड़ का निवेश किया जाएगा, जिससे 5000 से अधिक युवाओं को रोजगार मिलेगा।

## राज्य में SEZ की तर्ज पर बनेंगे स्पेशल शैक्षिक जोन

उत्तर प्रदेश में विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZ) की तर्ज पर विशेष शैक्षिक परिक्षेत्र बनाए जाएंगे। ये परिक्षेत्र युवा आबादी, प्रति व्यक्ति आय, इंफ्रास्ट्रक्चर व साक्षरता दर के आधार पर बनाए जाएंगे।

- पहले चरण में नोएडा, लखनऊ में विशेष शिक्षा परिक्षेत्र बनाने की योजना है।
- यह शैक्षिक परिक्षेत्र बहुआयामी शिक्षा, शोध व कौशल विकास पर काम करेंगे।
- अमेरिकन सलाहकार कंपनी 'डेलायट' की विभिन्न सेक्टरों में दी गई रिपोर्ट को विभागों के सहयोग से लागू करने पर उत्तर प्रदेश सरकार ने मंजूरी दे दी है।
- 'डेलायट' के अनुसार शैक्षिक जगत को उद्योग से सीधा जोड़ कर राज्य के लाखों स्नातकों को रोजगार प्रदान किया जा सकता है।
- डेलायट की रिपोर्ट में बताया गया है कि 10,851 छात्रों को निजी कंपनियों में रोजगार मिला है।

## राज्य के स्कूलों में सप्ताह में अब मात्र 29 घंटे पढ़ाई होगी

राज्य सरकार ने 13 सितंबर, 2023 को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अक्षरश: लागू करने के उद्देश्य से शिक्षा विभाग को नई शिक्षा नीति के नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क (NCF) के तहत ही स्कूलों में पढाई के लिये नई नियमावली तैयार करने के निर्देश दिये हैं।

- नई शिक्षा नीति के तहत स्कूलों में सप्ताह में कुल 29 घंटे कक्षाएँ लगाने की संस्तुति की गई है।
- सोमवार से शुक्रवार तक 5 से 5:30 घंटे एवं महीने के दो शनिवार को दो से ढाई घंटे ही क्लास लगेंगे। दो शनिवार को अवकाश रहेगा।
- इसी प्रकार से आम विषयों की कक्षाओं की अधिकतम समय-सीमा 45 से घटकर 35 मिनट की जाएगी, जबकि प्रमुख विषयों की कक्षा 50 मिनट तक लगेंगी।
- नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में बच्चों को पढ़ाई के बोझ से राहत देने के उद्देश्य से साल में अलग-अलग तिथियों में कुल 10 दिनों तक बिना बस्ते के आने की छूट रहेगी।
- बिना बस्ते वाले दिनों में बच्चों को मौखिक और प्रयोगों के जरिये पढ़ाया जाएगा।

## लखनऊ, आगरा, वाराणसी में बनेंगे यूनिटी मॉल

केंद्र सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश को कुल तीन यूनिटी मॉल देने की घोषणा के बाद इस पर काम शुरू हो गया है।

- भारत सरकार के केंद्रीय बजट 2023-24 में देश के समस्त राज्यों में यूनिटी मॉल की स्थापना किये जाने का प्रावधान किया गया है।
- यूनिटी मॉल में राज्यों द्वारा अपने ओडीओपी उत्पादों, जीआई उत्पादों, हस्तशिल्प उत्पादों व अन्य राज्यों के ओडीओपी उत्पादों की प्रदर्शनी तथा बिक्री की व्यवस्था की जाएगी।
- यूनिटी मॉल का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय एकीकरण, मेक इन इंडिया, ओडीओपी प्रयासों को बढ़ावा देना और स्थानीय हस्तशिल्प उत्पाद एवं स्थानीय रोजगार सृजन करना है।
- मॉल में आने वाले लोगों को खाने-पीने की सुविधा उपलब्ध कराने के लिये फूडकोर्ट भी खोले जाएंगे।

## हर घर पेयजल पहुँचाने में उत्तर प्रदेश सबसे आगे

जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर पेयजल पहुँचाने में उत्तर प्रदेश द्वारा की गई प्रगति बाकी प्रदेशों के मुकाबले काफी तेज है।

- उत्तर प्रदेश ने जनवरी 2023 से 61.05 लाख कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन (FHTC) स्थापित करके वर्तमान वित्त वर्ष में प्रगति चार्ट में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है।
- जल जीवन मिशन में देश के शीर्ष 50 जिलों में उत्तर प्रदेश के 26 जिले शामिल हैं, जबकि देश के शीर्ष 10 जिलों में उत्तर प्रदेश के 7 जिले शामिल हैं।

  देश में शीर्ष 10 जिले

1. बुलंदशहर (उत्तर प्रदेश)
2. साउथ सलमारा मनकचर (असम)
3. बरेली (उत्तर प्रदेश)
4. मुजफ्फनगर (उत्तर प्रदेश)
5. बदायूं (उत्तर प्रदेश)
6. मुंगेली (छत्तीसगढ़)
7. तिरुपत्तूर (तमिलनाडु)
8. चंदोली (उत्तर प्रदेश)
9. कन्नौज (उत्तर प्रदेश)
10. लखनऊ (उत्तर प्रदेश)

## 66 लाख से अधिक संपत्ति स्वामित्व कार्ड तैयार

उत्तर प्रदेश में पीएम स्वामित्व योजना के अंतर्गत अब तक 66 लाख से ज्यादा घरौनियां (Property Ownership Cards) तैयार हो चुकी हैं।

- प्रदेश के 90 हजार से अधिक गांवों के लिए घरौनियां तैयार कराई जा रही हैं, जिनमें से 47 हजार से अधिक गांवों की घरौनियों का कार्य पूरा कर लिया गया है।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिसंबर 2023 तक प्रति वर्ष घरौनी बनाने के कार्य को शत-प्रतिशत पूरा करने का लक्ष्य तय किया है।
- प्रतिमाह दो लाख घरौनी बनाने के लक्ष्य के सापेक्ष बीते 45 दिनों में 4 लाख 31 हजार 794 से अधिक घरौनियां बनाई गई हैं, जो 144 प्रतिशत तेज गति से अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रही है।

- स्वामित्व योजना में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले जिलों में ललितपुर सर्वश्रेष्ठ रहा है। इसके बाद कासगंज, मुरादाबाद, जालौन और संभल शीर्ष 5 जिलों में शामिल हैं।
- इन सभी जिलों में लक्ष्य के सापेक्ष 99 प्रतिशत से अधिक कार्य संपन्न हुआ है।
- 24 अप्रैल 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम स्वामित्व योजना का शुभारंभ किया था।

## उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में लागू होगा ई-ऑफिस

उत्तर प्रदेश सरकार राज्य भर में सभी सरकारी कामकाज को पूरी तरह ई-ऑफिस के माध्यम से करेगी तथा इसके लिये सभी जिलों में ई-ऑफिस पहल को लागू किया जाएगा।

- शासन स्तर पर यह व्यवस्था लागू होने के बाद अब जिलों व मंडलों में स्थित सरकारी दफ्तरों में भी यह व्यवस्था लागू होगी।
- हाल ही में कन्नौज जिले में पूरी तरह ई-ऑफिस लागू हो चुका है और उसी के अनुसार वहाँ कार्यालयों में फाइलों का संचालन हो रहा है।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2018 में पूरे प्रदेश के सभी विभागों, जिलों, मंडलों में ई-ऑफिस व्यवस्था लागू करने के आदेश दिये थे।
- **ई-ऑफिस** एक सरलीकृत, उत्तरदायी, प्रभावी, और पारदर्शी कार्यप्रणाली प्राप्त करने का एक माध्यम है।

## एफडीआई में उत्तर प्रदेश 22 राज्यों से आगे

- प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) प्रवाह के आधार पर राज्यों की हालिया रैंकिंग में, उत्तर प्रदेश ने अक्टूबर 2019 और जून 2023 के बीच 11वां स्थान प्राप्त किया है।
- उत्तर प्रदेश से ऊपर महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात, दिल्ली, तमिलनाडु, हरियाणा, तेलंगाना, झारखंड, राजस्थान और पश्चिम बंगाल हैं।
- विशेष रूप से, इसने पंजाब, आंध्र प्रदेश, केरल, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, बिहार, चंडीगढ़, गोवा और छत्तीसगढ़ सहित 22 अन्य राज्यों को पीछे छोड़ दिया है।
- वर्ष 2001 से 2017 के बीच 17 वर्षों में जितना विदेशी निवेश उत्तर प्रदेश में आया, उसका करीब 4 गुना विगत 5 वर्षों में वर्ष 2019 से वर्ष 2023 के बीच आया।
- निवेश किसी भी राज्य की प्रगति और सामाजिक व राजनीतिक माहौल का सूचक माना जाता है।

## अटल आवासीय विद्यालयों का 'गुरुवार्ता संगम' कार्यक्रम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 1 सितंबर, 2023 को अटल आवासीय विद्यालयों के 'गुरुवार्ता संगम' कार्यक्रम में अटल आवासीय विद्यालय की परिचायिका का विमोचन तथा वेबसाइट को लॉन्च किया।

- पहले चरण में 18 अटल आवासीय विद्यालयों का शुभारंभ इस सत्र में किया जा रहा है।
- अगले चरण में बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा बचे हुए 57 जनपदों में इसी तर्ज पर एक-एक विद्यालय स्थापित किया जाएगा।
- अटल आवासीय विद्यालय सी.बी.एस.ई. बोर्ड के पैटर्न पर संचालित होंगे। इनमें लॉजिंग, फूडिंग सहित सभी व्यवस्थाएं होंगी।
- कक्षा-6 से लेकर 12वीं तक की संपूर्ण शिक्षा का दायित्व राज्य सरकार और उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड उठाएगा।
- ये संस्थान न केवल वंचित बच्चों को शिक्षा प्रदान करेंगे, बल्कि भारतीय मूल्यों और गुरुकुल परंपराओं को भी बढ़ावा देंगे।

## झाँसी में मेजर ध्यानचंद म्यूजियम का लोकार्पण

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 29 अगस्त, 2023 को खेल दिवस के अवसर पर मेजर ध्यानचंद म्यूजियम का झाँसी में लोकार्पण किया।

- मेजर ध्यानचंद म्यूजियम रानी लक्ष्मीबाई पार्क में बनाया गया है। हॉकी को समर्पित यह देश का पहला म्यूजियम है।
- 19 करोड़ की लागत से बने मेजर ध्यानचंद संग्रहालय को 20 से अधिक जोन में बांटा गया है।
- इसमें मेजर ध्यानचंद के जीवन से जुड़ी स्मृतियाँ, घटनाएँ एवं भारतीय हॉकी की विभिन्न जानकारियाँ डिजिटल माध्यम से दर्शाई जाएंगी।

## नंदिनी कृषक समृद्धि योजना

उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में मवेशियों की नस्ल बढ़ाने और दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए **नंद बाबा मिशन** के तहत **नंदिनी कृषक समृद्धि योजना** शुरू की है।

- इस योजना का उद्देश्य दूध उत्पादन और डेयरी किसानों की आय बढ़ाने के लिए गाय की नस्लों, विशेष रूप से साहीवाल, गिर, थारपारकर और गंगातिरी में सुधार करना है।
- सरकार 25 दुधारू गायों की एक इकाई स्थापित करने के लिए 62.5 लाख रुपये की अनुमानित लागत पर 50% सब्सिडी प्रदान करेगी, जिसमें प्रति लाभार्थी अधिकतम 31.25 लाख रुपये की सब्सिडी होगी।
- यह योजना शुरुआत में राज्य के 10 संभागीय मुख्यालयों में लागू की जाएगी।
- यह योजना तीन चरणों में लाभ प्रदान करती है।
  - ✧ चरण 1 - इकाई निर्माण लागत पर 25% सब्सिडी प्रदान करता है।
  - ✧ चरण 2 - दुधारू गायों की खरीद, बीमा और परिवहन के लिए 12.5% सब्सिडी प्रदान की जाती है।
  - ✧ चरण 3 -परियोजना लागत पर शेष 12.5% सब्सिडी प्रदान करता है।

## उत्तर प्रदेश : अन्य महत्वपूर्ण समसामयिक घटनाक्रम

- बागपत के अखिल श्योराण ने चीन में चल रहे एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीता है। अखिल ने यह मेडल 50 मीटर थ्री पोजीशन रायफल पुरुष टीम इवेंट में प्राप्त किया है।
- उत्तर प्रदेश के सभी 95 हजार 767 गांवों ने ओडीएफ-प्लस का दर्जा प्राप्त कर लिया है। ओडीएफ प्लस गांव वह है, जिसने ठोस या तरल अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों को लागू करने के साथ-साथ अपनी खुले में शौच मुक्त स्थिति को बनाए रखा है।
- हृदय दिवस के अवसर पर 29 सितंबर, 2023 को मऊ में लोगों को जागरूक करने के लिए 'रन फॉर हार्ट' का आयोजन किया गया।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के 57 जिलों में मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालयों की स्थापना का निर्णय लिया।
- राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने 29 सितंबर, 2023 को कानपुर के छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय में आंगनबाड़ी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 17 सितंबर, 2023 को गोरखपुर में 343 करोड़ रूपए की 76 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में घंटाघर में बनने वाले बंधू सिंह कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स व मल्टीलेवल पार्किंग और 20 करोड़ 43 लाख रुपये से बनने वाले गौरव संग्रहालय का शिलान्यास भी शामिल है।
- 20वाँ राष्ट्रीय पुस्तक मेला 22 सितंबर से 2 अक्टूबर, 2023 तक लखनऊ में आयोजित किया जा रहा है। वर्ष 2023 के राष्ट्रीय पुस्तक मेले की थीम- 'ज्ञान कुंभ' है।
- उत्तर प्रदेश के मेरठ में सीवेज उपचार संयंत्र (एसटीपी) और अन्य अवसंरचना के विकास के लिये एनएमसीजी उत्तर प्रदेश जल निगम और मेरठ एसटीपी प्रा. लिमिटेड के बीच समझौते पर हस्ताक्षर किये गए।
- आगरा के फतेहपुर सीकरी ब्लॉक में नियुक्त 'वर्षा चाहर' को उत्तर प्रदेश राज्य शिक्षक पुरस्कार, 2022 प्रदान किया गया है।
- वाहन निर्माता कंपनी अशोक लीलैंड उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रिक बस निर्माण की इकाई लगाएगी। 15 सितंबर, 2023 को अशोक लीलैंड और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच इस आशय के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए।
- केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने 16 सितंबर, 2023 को आगरा में अंगदान पंजीकरण महाशिविर का शुभारंभ किया।
- केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री ए. नारायण स्वामी ने 15 सितंबर, 2023 को वाराणसी में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा लगाए गये दिव्य कला मेले का उद्घाटन किया।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 17 सितंबर, 2023 को गोरखपुर में 343 करोड़ रूपए की 76 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

## उत्तराखंड

### 8वां देहरादून इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल

8वें देहरादून इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का आयोजन 22 से 24 सितंबर, 2023 को किया गया।

- फिल्म फेस्टिवल के साथ-साथ उत्तराखंड टैलेंट हंट एवं आंगन बाजार एग्जिबिशन का आयोजन भी किया गया।
- पिछले 8 वर्षों से देहरादून इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का आयोजन होता आ रहा है। जिसमें अनेक नए-नए डायरेक्टर एवं प्रोड्यूसर को एक प्लेटफार्म देने की कोशिश की गई है।
- उत्तराखंड टैलेंट हंट के माध्यम से युवाओं को अन्य क्षेत्रों में भी अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका देने का प्रयास किया जा रहा है।

### स्वदेश दर्शन 2.0 योजना में उत्तराखंड के दो जिले चंपावत और पिथौरागढ़ शामिल

भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन 2.0 योजना में उत्तराखंड के दो सीमांत जिलों चंपावत और पिथौरागढ़ को शामिल किया है।

- इस पहल का उद्देश्य पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देना, इन क्षेत्रों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करना तथा आगंतुकों को बुनियादी सुविधाएं प्रदान करना है।
- स्वदेश दर्शन 2.0 से जुड़ने के बाद उत्तराखंड के ये दूरस्थ जिले पर्यटन के जरिए विकास की मुख्यधारा से जुड़ सकेंगे।
- **स्वदेश दर्शन योजना** केंद्र सरकार की एक पहल है, जिसके तहत भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा थीम आधारित पर्यटन सर्किट का एकीकृत विकास किया जाता है।
- स्वदेश दर्शन योजना का उद्देश्य भारत के पर्यटन क्षेत्र की क्षमता को विकसित करना, व्यापक बनाना और अधिकतम करना है।

### राज्य की पहली सेवा क्षेत्र नीति को मंजूरी

उत्तराखंड सरकार ने सेवा क्षेत्र के लिए नई नीति को मंजूरी दे दी है।

- इस नीति के माध्यम से 20 लाख रोजगार सृजित करने और 10 लाख श्रमिकों के कौशल विकास को सुविधाजनक बनाने का लक्ष्य रखा गया है।
- इस नीति में स्वास्थ्य, शिक्षा, आतिथ्य, कल्याण, IT, डेटा सेंटर, खेल और फिल्म उद्योग को शामिल किया गया है।

### सस्ती बिजली उत्पादन के लिये प्रदेश में बनी पंप स्टोरेज पॉलिसी

उत्तराखंड में सस्ती बिजली मुहैया कराने के लिये राज्य सरकार पंप स्टोरेज पॉलिसी लेकर आई है। इस पर कैबिनेट ने अपनी मंजूरी दे दी है।

- पंप स्टोरेज पॉलिसी से राज्य की नदियों पर परियोजनाएँ लगाने वालों को जहाँ राज्य सरकार को 12.5 प्रतिशत रॉयल्टी नहीं देनी होगी, वहीं उन्हें स्थानीय क्षेत्र विकास शुल्क, पारेषण शुल्क से भी छूट मिलेगी।

- नदियों पर पहले से चल रही परियोजनाओं में कंपनियों को प्राथमिकता दी जाएगी। ये परियोजनाएं 45 साल के लिये होंगी, जिसके बाद राज्य सरकार के हवाले हो जाएंगी।
- विदेशों से आने वाली लिक्विफाइड गैस की तर्ज पर अब राज्य के उधम सिंह नगर जिले के काशीपुर में स्थित दो गैस आधारित बिजली प्लांट के लिये आने वाली सीएनजी पर भी वैट शून्य होगा।

### व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये शुरू होगा 'हब एंड स्पोक' मॉडल

प्रदेश में व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये 47 स्कूलों में 'हब एंड स्पोक' मॉडल शुरू होगा, जिससे इन स्कूलों के छात्र-छात्राओं की व्यावसायिक विषयों की पढ़ाई की राह आसान होगी।

- केंद्र सरकार की ओर से इस योजना को मंजूरी दी गई है। इसी महीने से राज्य में यह मॉडल शुरू हो जाएगा।
- योजना के तहत जिन स्कूलों में प्रयोगशाला नहीं है, उन स्कूलों के छात्र-छात्राओं को सरकार प्रयोगशाला तक आने-जाने के लिये प्रतिवर्ष परिवहन के लिये 3,000 रुपए देगी।
- इन सभी स्कूलों में टूरिज्म, एग्रीकल्चर, प्लंबर आदि विभिन्न 8 व्यावसायिक कोर्स चलाए जा रहे हैं।

## बिहार

### पटना नगर निगम ने कैश फॉर वेस्ट योजना शुरू की

वेस्ट टू वेल्थ के विषय पर कार्य करते हुए, पटना नगर निगम ने हाल ही में स्थापित मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी में आम लोगों के लिए कैश फॉर वेस्ट योजना शुरू की है।

- इसके तहत लोगों को उनके सूखे कचरे के लिए प्रत्येक वस्तु के लिए निर्धारित मूल्य सूची के तहत भुगतान किया जाएगा।
- अत्याधुनिक सुविधा में प्रतिदिन 2 टन सूखा कचरा और 1.5 टन गीला कचरा संसाधित करने की क्षमता है।

### पटना में जीएसटी ट्रिब्यूनल बेंच खुलेगा

पटना में जीएसटी ट्रिब्यूनल जल्द ही शुरू करने के लिए हाल ही में एक अधिसूचना जारी की गई है।

- जीएसटी ट्रिब्यूनल बेंच बनने के बाद कारोबारी पटना हाइकोर्ट के बदले जीएसटी ट्रिब्यूनल में जा सकेंगे।
- जीएसटी ट्रिब्यूनल में रजिस्ट्रेशन रिजेक्ट रिफंड, इ-वे बिल, आइटीसी से संबंधित मामले और विवादित जीएसटी से संबंधित मामलों का कम समय में निपटान किया जाएगा।
- जीएसटी ट्रिब्यूनल में 4 सदस्यों की नियुक्ति होगी, जिसमें दो न्यायिक और दो तकनीकी सदस्य होंगे।

### बिहार के 4 शीर्ष कलाकारों को संगीत नाटक अकादमी अवार्ड

कला, संगीत और अभिनय के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए बिहार के 4 कलाकारों को इस वर्ष का संगीत नाटक अकादमी अमृत पुरस्कार दिया गया है।

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बिहार के सुमन कुमार, भरत सिंह भारती, गणेश प्रसाद सिन्हा और रघुवीर मलिक सहित देश भर के 84 कलाकारों को 16 सितंबर, 2023 को नई दिल्ली में सम्मानित किया।
- सुमन कुमार को नाट्य अभिनय के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया गया। वे आकाशवाणी पटना से भी जुड़े हुए हैं और दूरदर्शन में समाचार वाचक रहे हैं।
- दरभंगा जिले के रघुवीर मलिक को हिन्दुस्तानी संगीत में ध्रुपद गायिकी जबकि भोजपुर जिले के भरत सिंह भारती को लोक संगीत के लिए यह पुरस्कार दिया गया।
- भरत सिंह भारती ने 1000 से अधिक गीत गाए और लिखे हैं। उन्होंने सैकड़ों भोजपुरी गीतों को संगीतबद्ध भी किया है। उनके गीतों के दो संग्रह 'नयका बिहान' और 'सप्त सरोवर' आ चुके हैं।
- वहीं, नवादा जिले के गणेश प्रसाद सिन्हा को प्रदर्शन कला के क्षेत्र में समग्र योगदान के लिए यह सम्मान दिया गया।

### एनएमसीएच में देश की सबसे बड़ी लॉन्ड्री का शुभारंभ

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 15 सितंबर, 2023 को नालंदा चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल (NMCH) में देश के सबसे बड़े एकीकृत लॉन्ड्री सुविधा का शुभारंभ किया।

- एनएमसीएच में यह इकाई देश के साथ-साथ बिहार की भी सबसे बड़ी व पहली यूनिट है। इसकी क्षमता प्रतिदिन 12-14 टन की है।
- यहाँ एचएनएमसीएच, इंदिरा गांधी हृदय रोग संस्थान जैसे विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों के दैनिक उपयोग वाले कपड़ों की एक साथ धुलाई होगी।
- यहाँ गुणवत्तापूर्ण सफाई के लिये स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्विक क्लीन एजेंसी को संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### बिहार के 4 किसानों और दो किसान समूह को राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 12 सितंबर, 2023 को नई दिल्ली में चल रहे 4 दिवसीय सम्मेलन में बिहार के 4 किसान और 2 किसान समूह को सम्मानित किया।

- पुरस्कृत होने वाले किसानों में रोहतास के दो, जमुई और मुंगेर के एक-एक किसान शामिल हैं।
- किसान समूह में लीची कृषक उत्पादक समूह और भागलपुर कतर्नी चावल उत्पादक समूह हैं।

**सम्मानित व्यक्ति**

- जमुई के अर्जुन मंडल को औषधीय पौधों की खेती का संरक्षण करने के लिए;
- मुंगेर के सत्यदेव सिंह को चना और तीसी के प्रभेद संरक्षित करने के लिए;
- रोहतास के किसान दिलीप कुमार सिंह को बैगन, टमाटर, करेला एवं धनिया के सफेद प्रभेद को संरक्षित करने के लिए; तथा
- रोहतास के ही अर्जुन सिंह को चावल, हल्दी एवं लौकी को संरक्षित करने के लिये।

# Sure Success Books
## from Chronicle Publications

### YEAR BOOK/Current Affairs

| Book Name | Price |
|---|---|
| ➢ Chronicle Year Book - A Compendium of India | 350 |
| ➢ क्रॉनिकल इयर बुक-भारत संदर्भ कोश | 330 |

### General Knowledge

| | |
|---|---|
| ➢ GK/GS पॉइंटर रूप में (15K) | 295 |
| ➢ झारखंड GK/GS तथ्यावलोकन | 275 |
| ➢ बिहार GK/GS सामान्य ज्ञान | 300 |

### Union & State Public Service Commission

| | |
|---|---|
| **Mains Examinations** | |
| ➢ The LEXICON For Ethics, Integrity & Aptitude | 495 |
| ➢ द लेक्सिकन - नीतिशास्त्र, सत्यनिष्ठा व अभिरुचि | 495 |
| ➢ GS (Mains) GENERAL STUDIES Solved Papers | 550 |
| ➢ GS (Mains) सामान्य अध्ययन हल प्रश्न-पत्र | 490 |
| ➢ GS (Mains) ENGLISH COMPULSORY Solved Papers | 200 |
| **Prelims Examinations** | |
| ➢ GS (PT) GEOGRAPHY India & World | 300 |
| ➢ GS (PT) GENERAL STUDIES Solved Papers | 495 |
| ➢ GS (PT) सामान्य अध्ययन हल प्रश्न-पत्र | 375 |

### BPSC, BSSC, BPSSC Special

| | |
|---|---|
| ➢ GS (Mains) BPSC कला-संस्कृति एवं समाज | 210 |
| ➢ GS (Mains) BPSC सांख्यिकी एक सरल अध्ययन | 225 |
| ➢ GS (Mains) BPSC सामान्य अध्ययन हल प्रश्न-पत्र | 250 |
| ➢ GS (PT) BPSC सामान्य अध्ययन हल प्रश्न-पत्र | 295 |
| ➢ BPSC अध्यापक भर्ती परीक्षा हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा | 210 |
| ➢ BPSC अध्यापक भर्ती परीक्षा सामान्य अध्ययन प्रश्न मंजूषा | 350 |

### UPPSC Special

| | |
|---|---|
| UPPCS-RO/ARO-BEO हल प्रश्न-पत्र सामान्य अध्ययन प्रश्नावलोकन (वस्तुनिष्ठ रूप में) भारत का इतिहास तथा भारत एवं विश्व का भूगोल | 225 |
| UPPCS-RO/ARO-BEO हल प्रश्न-पत्र सामान्य अध्ययन प्रश्नावलोकन (वस्तुनिष्ठ रूप में) भारतीय राजव्यवस्था एवं भारतीय अर्थव्यवस्था | 300 |
| UPPCS-RO/ARO-BEO हल प्रश्न-पत्र सामान्य अध्ययन प्रश्नावलोकन (वस्तुनिष्ठ रूप में) सामान्य विज्ञान तथा पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी | 300 |
| UPPSC (मुख्य परीक्षा) सामान्य अध्ययन (प्रश्न पत्र -V) | 250 |
| UPPSC (मुख्य परीक्षा) सामान्य अध्ययन (प्रश्न पत्र -VI) | 180 |
| UPPSC (मुख्य परीक्षा) सामान्य अध्ययन हल प्रश्न-पत्र | 350 |

### To The Point NCERT PLUS Series for IAS/PCS/SSC/ BANK/ RAILWAY/NDA/CDS etc.

| | |
|---|---|
| **English Medium** | |
| 1. History of India | 450 |
| 2. Indian Polity | 395 |
| 5. Geography of World | 375 |
| 6. Geography of India | 380 |
| **हिन्दी माध्यम** | |
| 5. भारत का भूगोल | 385 |
| 6. भारत का इतिहास | 395 |

### UGC-NET/JRF/SET/SLET/ TGT/PGT/IAS/PCS

| | |
|---|---|
| ➢ वैकल्पिक **भूगोल** | 595 |
| ➢ वैकल्पिक **इतिहास** | 750 |

**Chronicle Publications Pvt. Ltd.**

Ph.: 0120-2514610/12,Mob.: 9953099442, E-mail: info@chronicleindia.in

Books Available in www.chronicleindia.in amazon Flipkart snapdeal

### जल संचय के लिये पटना में बनेंगे 21 चेकडैम

पटना जिले में जल संचय के लिये 21 चेकडैम बनाए जाएंगे। 31 मार्च, 2024 तक चालू वित्तीय वर्ष में अधिकांश चेकडैम का काम पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

- मनरेगा से 18 और कृषि विभाग के माध्यम से तीन चेकडैम बनाने की स्वीकृति मिली है। इसमें 14 चेकडैम बनाने का काम शुरू भी हो गया है।
- पटना जिले में पहले 80 चेकडैम बनाने की योजना थी, लेकिन भौतिक सत्यापन करने के बाद 21 की ही अनुमति दी गई।
- मनरेगा के तहत एक चेकडैम बनाने के लिये न्यूनतम 1500 वर्ग फीट क्षेत्र की जरूरत होती है।

### वेटलैंड्स की देखरेख के लिये आर्द्रभूमि मित्र (केयरटेकर) का होगा का चयन

बिहार में 45 आर्द्रभूमियों (वेटलैंड्स) का हेल्थ कार्ड बनाया जा रहा है तथा वेटलैंड्स की देखरेख के लिये आर्द्रभूमि मित्र (केयरटेकर) का चयन किया जाएगा।

- राज्य के 10 जिलों में करीब 10 हजार 778 हेक्टेयर में फैले 45 वेटलैंड्स का हेल्थ कार्ड बनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य इनके विकास सहित उपयोग की कार्य योजना बनाना है।
- इन 10 जिलों में मुजफ्फरपुर, बेगूसराय, खगड़िया, समस्तीपुर, पूर्णिया, कटिहार, भागलपुर, मुंगेर, लखीसराय, बक्सर शामिल हैं।
- इनमें से समस्तीपुर जिले में सबसे अधिक 11 वेटलैंड्स करीब 3,910 हेक्टेयर में हैं।
- वर्तमान में बेगूसराय जिले का कांवरताल रामसर साइट घोषित किया जा चुका है।
- रामसर साइट अंतरराष्ट्रीय मानकों को पूरा करने वाले वेटलैंड्स को घोषित किया जाता है।
- विश्व के रामसर साइट घोषित वेटलैंड्स के संरक्षण और उसे बढ़ावा देने के लिये यूनेस्को सहित विश्व की अन्य संस्थाओं द्वारा सहयोग किया जाता है।

### 'जीविका दीदी की रसोई' योजना 6 और अस्पतालों में शुरू की गई

उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने 4 सितंबर, 2023 को राज्य के दो मेडिकल कॉलेज के साथ 4 अनुमंडलीय अस्पतालों में मरीजों के लिये 'जीविका दीदी की रसोई' कार्यक्रम को लॉन्च किया।

- जीविका एवं राज्य स्वास्थ्य समिति के बीच हुए समझौते के तहत जननायक कर्पूरी ठाकुर चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल मधेपुरा एवं भगवान महावीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज नालंदा (पावापुरी) के शुभारंभ के साथ अनुमंडलीय अस्पताल राजगीर, दानापुर, धमदाहा और फारबिसगंज में 'जीविका दीदी की रसोई' का शुभारंभ किया गया।
- वर्तमान में बिहार सरकार और जीविका योजना के संकल्प के अधीन विभिन्न विभागों और समुदाय आधारित संगठनों के साथ सहयोग से कुल 106 जीविका दीदी की रसोइयों को संचालित किया जा रहा है।
- इस पहल के अंतर्गत लगभग 100 ग्रामीण दीदी एवं उनके परिवार के सदस्यों को रोजगार उपलब्ध होगा तथा यह उनके आर्थिक एवं सामाजिक विकास में सहायक बनेंगे।
- बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति द्वारा जीविका दीदी की रसोई के संचालन की शुरुआत वर्ष 2018 में की गई थी।

## झारखंड

### 'हमारी गौ माता, हमारा दायित्व' योजना

झारखंड में 20 सितंबर, 2023 को 'हमारी गौ माता, हमारा दायित्व' योजना के साथ कई अन्य प्रस्ताव पारित किये गए। झारखंड में जल्द ही इस योजना को शुरू किया जाएगा।

- करीब 15 साल के बाद नवगठित झारखंड गौ सेवा आयोग की बैठक हाल ही में आयोजित हुई, जिसमें यह निर्णय लिया गया।
- इस योजना से आम-जन को जोड़ा जाएगा।
- यह गोशालाओं में पोषित गोवंशीय पशुओं को गोद लेने के रूप में क्रियान्वित की जाएगी।

### झारखंड में पर्यटक स्थलों में खुलेंगे योगायुष केंद्र

झारखंड के प्रमुख टूरिस्ट स्पॉट्स पर मेडिको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिये योगायुष केंद्र खोलने की योजना है। यहाँ पर्यटकों को एक छत के नीचे योग-आयुर्वेद और पंचकर्म का अनुभव मिलेगा।

- इसके लिये 3 प्रमुख पर्यटन स्थलों का चयन किया गया है, इनमें नेतरहाट, पतरातू और मैक्लुस्कीगंज शामिल हैं।
- राज्य सरकार द्वारा इन्हें योगायुष केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना बनाई गई है।
- केंद्र को श्रेष्ठ प्रामाणिक आयुर्वेदिक क्लिनिक, पंचकर्म केंद्र के रूप में स्थापित किया जाएगा। यहाँ पर्यटन के साथ ही तनाव मुक्ति जैसे कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

## मध्य प्रदेश

### प्रारंभिक शिक्षा के लिये संचालित छात्रावासों की रैंकिंग में सीहोर जिला प्रथम

राज्य शिक्षा केंद्र, स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा 18 सितंबर, 2023 को प्रदेश में प्रारंभिक शिक्षा के लिये संचालित छात्रावासों की सत्र 2022-23 की रैंकिंग जारी की गई, जिसमें सीहोर जिले ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

- इस रैंकिंग प्रणाली को विकसित करने का मुख्य उद्देश्य रहवासी सुविधाओं के साथ छात्रावासों में अध्ययन-अध्यापन की बेहतर व्यवस्थाओं हेतु स्वस्थ प्रतिस्पर्धा जागृत करना है।
- सीहोर जिले ने प्रथम स्थान कार्यक्षमता एवं प्रदर्शन के आधार पर प्राप्त किया है।
- रायसेन, देवास, डिंडोरी, मंडला, छिंदवाड़ा, अलीराजपुर, बड़वानी, इंदौर एवं धार क्रमशः प्रथम दस शीर्ष जिलों में हैं।

- इसके साथ ही प्रदेश भर के छात्रावासों की भी रैंकिंग जारी की गई है। इसमें अलीराजपुर जिले के ग्राम जोहट का कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, छात्रावास प्रथम स्थान पर है।

## बीना में 51 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शिलान्यास

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 सितंबर, 2023 को सागर जिले में स्थित भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) की बीना रिफाइनरी परिसर में लगभग 51 हजार करोड़ रुपए के पेट्रोकेमिकल परिसर की आधारशिला रखी और अन्य नवीन औद्योगिक परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

- इनमें बीना रिफाइनरी परिसर में 49 हजार करोड़ रुपए की लागत से पेट्रो-केमिकल कॉम्प्लेक्स और प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर 1,800 करोड़ रुपए की लागत की 10 नई औद्योगिक परियोजनाएँ शामिल हैं।
- लगभग 49,000 करोड़ रुपए की लागत से विकसित होने वाली यह अत्याधुनिक रिफाइनरी लगभग 1,200 केटीपीए (किलो-टन प्रतिवर्ष) एथिलीन और प्रोपलीन का उत्पादन करेगी।
- इस कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री ने दस परियोजनाओं की भी आधारशिला रखी, जिनमें नर्मदापुरम जिले में 'विद्युत और नवीकरणीय ऊर्जा विनिर्माण क्षेत्र', इंदौर में दो आईटी पार्क, रतलाम में एक मेगा औद्योगिक पार्क और पूरे मध्य प्रदेश में 6 नए औद्योगिक क्षेत्र शामिल हैं।

## कृषक लहरी बाई को 'पादप जीनोम संरक्षक किसान सम्मान'

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 12 सितंबर, 2023 को नई दिल्ली में डिंडोरी जिले की कृषक लहरी बाई को श्रीअन्न प्रजातियों के संरक्षण और संवर्द्धन के लिये वर्ष 2021-22 का 'पादप जीनोम संरक्षक किसान सम्मान' प्रदान किया।

- डिंडोरी जिले की बजाग तहसील निवासी लहरी बाई ने बैगा समुदाय की सहायता से कोदो, कुटकी, सांवा, काग, सिकिया, मडुआ जैसे दुर्लभ श्रीअन्न प्रजातियों का सीड बैंक विकसित किया है।
- मिलेट्स संरक्षण के लिये लहरी बाई द्वारा अद्भुत कार्य किया गया है। उनके कार्य की सराहना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी प्रसिद्ध रेडियो प्रोग्राम 'मन की बात' में कर चुके हैं।

## 'मुख्यमंत्री लाडली बहना आवास योजना' का उद्घाटन

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 17 सितंबर, 2023 को भोपाल में 'मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना' का उद्घाटन किया।

- इस योजना में वे परिवार शामिल होंगे, जिनके पास पक्की छत वाले मकान नहीं हैं या दो कमरे से कम के कच्चे मकानों में रहते हैं।
- योजना के तहत जो परिवार विभिन्न आवासीय योजनाओं में आवास सुविधा का लाभ पाने से वंचित रह गये थे, उन्हें इसके तहत अपना मकान मिलेगा।
- इस योजना के तहत 4 लाख 75 हजार हितग्राहियों को लाभ मिलेगा।

## स्टैच्यू ऑफ वननेस

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 18 सितंबर, 2023 को ओंकारेश्वर में महान दार्शनिक आदि शंकराचार्य की 108 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया है। इस प्रतिमा का नाम स्टैच्यू ऑफ वननेस रखा गया है।

- स्टैच्यू ऑफ वननेस परियोजना के निर्माण के लिए 2,141 करोड़ रुपये से अधिक का बजट आवंटित किया गया है।
- इसमें "अद्वैत लोक" नामक एक संग्रहालय की स्थापना शामिल है, जो देशवासियों में एकता के संवर्धन के साथ ही अद्वैत वेदांत दर्शन के प्रचार और संरक्षण के लिए समर्पित होगा।
- इस दर्शन के अध्ययन और प्रचार के लिए एक अंतरराष्ट्रीय वेदांत संस्थान स्थापित किया जा रहा है।
- आदि शंकराचार्य का बचपन उनकी आध्यात्मिक खोज के संदर्भ में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है।

# छत्तीसगढ़

## छत्तीसगढ़ ने सेतुबंध आसन के प्रदर्शन में बनाया विश्व रिकॉर्ड

छत्तीसगढ़ ने 10 सितंबर, 2023 को सेतुबंध आसन के प्रदर्शन के लिये गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करा लिया है।

- राजधानी रायपुर के बूढ़ापारा स्थित स्वर्गीय बलबीर जुनेजा इंडोर स्टेडियम में प्रदेश भर से आए 2000 से अधिक योगाभ्यासियों ने तिरंगे रंग का प्रतिरूप बनाते हुए एक साथ वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिये सेतुबंध आसन का सामूहिक प्रदर्शन किया।
- छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा लोगों को योग के महत्त्व के प्रति जागरुक करने और स्वस्थ जीवन-शैली के लिये प्रेरित करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# हरियाणा

## औद्योगिक श्रमिकों की बेटियों को 50,000 रुपये

हरियाणा के मुख्यमंत्री खट्टर ने उच्च शिक्षा हासिल कर रही औद्योगिक श्रमिकों की बेटियों को इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन खरीदने के लिए 50,000 रुपये के अनुदान की घोषणा की है।

- इस पहल का उद्देश्य औद्योगिक श्रमिकों की बेटियों के बीच गतिशीलता और स्वतंत्रता को बढ़ावा देना है।
- औद्योगिक श्रमिकों के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति राशि में वृद्धि की गई है और यह 10,000 रुपये से 21,000 रुपये तक है।

## गुजरात

### गुजरात विधानसभा के डिजिटल हाउस का उद्घाटन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 13 सितंबर, 2023 को कागज रहित कामकाज को बढ़ावा देने के लिए गुजरात विधानसभा के राष्ट्रीय ई-विधान एप्लिकेशन (NeVA) परियोजना का उद्घाटन किया।

- राष्ट्रीय ई-विधान एप्लिकेशन (National eVidhan Application- NeVA) परियोजना का मुख्य उद्देश्य पूरे भारत के सभी विधानमंडलों को 'डिजिटल सदनों' में परिवर्तित करना है।
- 'वन नेशन वन एप्लीकेशन' लागू करने वाला गुजरात पहला राज्य बन जाएगा।
- राज्यों और केंद्रशासित प्रदशों में NeVA के कार्यान्वयन के लिये संसदीय कार्य मंत्रालय, 'नोडल मंत्रालय' है।
- 'वन नेशन वन एप्लीकेशन' से सदन के कामकाज में गति और पारदर्शिता लाएगी।
- NeVA ऐप के माध्यम से विधायक अपने क्षेत्र में रहकर भी सरकार व विधानसभा से जुड़े रह सकेंगे।
- गुजरात विधानसभा के डिजिटल हो जाने से विधानसभा में प्रयोग होने वाले 25 टन कागज की बचत होगी।

## राजस्थान

### विश्व के पहले हैरिटेज रिवर फ्रंट का लोकार्पण

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 12 सितंबर, 2023 को प्रदेश के कोटा शहर में विश्व के पहले हैरिटेज चंबल रिवर फ्रंट का लोकार्पण किया।

- चंबल रिवर फ्रंट भारत में विकसित प्रथम हैरिटेज रिवर फ्रंट है, इससे कोटा में देशी-विदेशी पर्यटकों का आवागमन बढ़ेगा।
- कोटा शहर में कोटा बैराज से नयापुरा पुलिया तक 2.75 किमी. की लंबाई में चंबल नदी के दोनों तटों पर 1400 करोड़ रुपए की लागत से चंबल रिवर फ्रंट विकसित किया गया है।
- इसके बनने से चंबल नदी के किनारे बसी सभी बस्तियाँ बाढ़ से मुक्त हो चुकी हैं।

### इंदिरा रसोई योजना (ग्रामीण) का शुभारंभ

- राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 10 सितंबर, 2023 को टोंक जिले से 'इंदिरा रसोई योजना (ग्रामीण)' के तहत पूरे प्रदेश में 400 ग्रामीण इंदिरा रसोइयों का शुभारंभ किया।
- शहरों में सार्वजनिक, धार्मिक, व्यावसायिक स्थलों एवं कच्ची बस्तियों के आस-पास इंदिरा रसोई खुलने से मजदूरों, विद्यार्थियों, कामकाजी लोगों को मात्र 8 रुपए में पौष्टिक भोजन मिल रहा है।
- राज्य सरकार ने 'कोई भूखा न सोए' की संकल्पना को साकार करने के लिये इंदिरा रसोइयों का विस्तार ग्रामीण क्षेत्रों में किया है।
- इस योजना में वर्ष भर में 1000 रसोई से ग्रामीण क्षेत्र में जरूरतमंदों को करीब 7 करोड़ 30 लाख भोजन थालियाँ परोसने का लक्ष्य रखा गया है।

## ओडिशा

### ओडिशा सरकार की कुपोषण को दूर करने की पहलें

ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने 14 सितंबर, 2023 को मुख्यमंत्री संपूर्ण पुष्टि योजना तथा पद पुष्टि योजना को प्रारंभ किया है।

- इन योजनाओं के द्वारा गर्भवती महिलाओं तथा नई माताओं, किशोर लड़कियों और बच्चों के पोषण संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति की जाएगी।
- **मुख्यमंत्री संपूर्ण पुष्टि योजनाः** इस योजना के तहत 15 से 19 वर्ष की उम्र की सभी किशोरियों को पूरक पोषण आहार उपलब्ध कराया जाएगा।
    - ✧ इस योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को अतिरिक्त ड्राई फूड उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है। यह कार्यक्रम राज्य के नागरिकों की पोषण के स्तर को बढ़ाने में सहायक माना जा रहा है।
- **पद पुष्टि योजनाः** यह ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में रहने वाले युवाओं को उनके परिक्षेत्रों और गांवों में पका हुआ भोजन पहुंचाने पर केंद्रित है।
    - ✧ यह पहल बच्चों, विशेषकर दूरदराज के क्षेत्रों के बच्चों को ताजा तैयार भोजन उपलब्ध कराने में सहायक है।

## पूर्वोत्तर राज्य

### पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए कोहिमा और नामची को जोनल स्मार्ट सिटी पुरस्कार

- नागालैंड की राजधानी कोहिमा और सिक्किम के नामची को वर्ष 2022 के लिए भारत स्मार्ट सिटी पुरस्कार प्रतियोगिता (ISAC) के तहत पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए जोनल स्मार्ट सिटी पुरस्कार प्रदान किया गया है।
- कोहिमा और नामची शहर भारत के 66 स्मार्ट शहरों की सूची में शामिल हैं।
- इंडिया स्मार्ट सिटीज अवार्ड प्रतियोगिता का आयोजन केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के स्मार्ट सिटीज मिशन के तहत किया जाता है।

### मुख्यमंत्री श्रमिक कल्याण योजना

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने राष्ट्रीय मजदूर दिवस समारोह के हिस्से के रूप में मुख्यमंत्री श्रमिक कल्याण योजना (MMSKY) शुरू करने की घोषणा की है।

- योजना का उद्देश्य राज्य की श्रम शक्ति के कल्याण को बढ़ाना है और पंजीकृत श्रमिकों के लिए विभिन्न प्रोत्साहन और लाभ प्रदान करना है।

- MMSKY अरुणाचल प्रदेश सरकार द्वारा राज्य की श्रम शक्ति के कल्याण को बढ़ाने के लिए शुरू की गई एक कल्याणकारी योजना है।
- इस योजना के तहत, मातृत्व लाभ, प्राकृतिक मृत्यु मुआवजा, आकस्मिक मृत्यु मुआवजा, अंत्येष्टि सहायता, चिकित्सा सहायता आदि जैसे लाभों में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है।
- यह योजना राज्य और राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंटों में उपलब्धियों के लिए नकद प्रोत्साहन की पेशकश करके श्रमिकों के बच्चों के बीच खेल भागीदारी को प्रोत्साहित करती है।

## दक्षिण भारतीय राज्य

### तेलंगाना में भारत की पहली गोरिल्ला ग्लास मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी

कॉर्निंग इंक, तेलंगाना में अपनी गोरिल्ला ग्लास विनिर्माण सुविधा स्थापित करेगा, जो देश में अपनी तरह का पहला निवेश है।


- प्रस्तावित विनिर्माण सुविधा स्मार्टफोन उद्योग के लिए कवर ग्लास का निर्माण करेगी।
- यह परियोजना 934 करोड़ रुपये के प्रस्तावित निवेश के साथ वास्तविकता बनने के लिए तैयार है।
- इससे 800 से अधिक व्यक्तियों के लिए रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।
- यह विनिर्माण सुविधा तेलंगाना और व्यापक राष्ट्र में स्मार्टफोन विनिर्माण पारिस्थितिक तंत्र को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण शक्ति होने की क्षमता रखती है।

### बेंगलुरु में मल्टी मोडल लॉजिस्टिक्स पार्क विकसित

- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) ने 18 सितंबर, 2023 को बेंगलुरु में मल्टी मोडल लॉजिस्टिक्स पार्क (MMLP) विकसित करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- डिजाइन-बिल्ड-फाइनेंस-ऑपरेट-ट्रांसफर (DBFOT) मॉडल के तहत 1,770 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से इस पार्क को विकसित करने का प्रस्ताव है।
- सार्वजनिक क्षेत्र के बेंगलुरु एमएमएलपी प्राइवेट लिमिटेड और रियायतग्राही एसपीवी मैसर्स पाथ के बीच समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं।
- मल्टी मोडल लॉजिस्टिक्स पार्क को कर्नाटक के बेंगलुरु के मुदेलिंगनहल्ली ग्रामीण जिले में 400 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया जा रहा है।
- यह परियोजना पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत देश में लागू की गई पहली और सबसे बड़ी एमएमएलपी बनने की ओर अग्रसर है।
- एमएमएलपी का विकास भारतीय रसद क्षेत्र में माल ढुलाई की समग्र लागत और समय को कम करने, कुशल भंडारण प्रदान करने और माल की ट्रैकिंग में सुधार करने की दिशा में भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। ■



**यूपीपीएससी मुख्य परीक्षा 2023 में सामान्य अध्ययन पेपर-V एवं VI में निम्न पुस्तकों से पूछे गए प्रश्न**

**प्रश्न पत्र-V**




प्रश्न-3 : UPPSC मुख्य परीक्षाा, प्रश्न पत्र-V पृष्ठ 124-126
प्रश्न-4 : UPPSC मुख्य परीक्षा, प्रश्न पत्र-V पृष्ठ 204
प्रश्न-5 : UPPSC मुख्य परीक्षा, प्रश्न पत्र-V पृष्ठ 152-153
प्रश्न-6 : UPPSC मुख्य परीक्षा, प्रश्न पत्र-V पृष्ठ 45
प्रश्न-7 : UPPSC मुख्य परीक्षा, प्रश्न पत्र-V पृष्ठ 2
प्रश्न-10 : UPPSC मुख्य परीक्षा, प्रश्न पत्र-V पृष्ठ 138
प्रश्न-11 : UPPSC मुख्य परीक्षा, प्रश्न पत्र-V पृष्ठ 146-147
प्रश्न-15 : UPPSC मुख्य परीक्षा, प्रश्न पत्र-V पृष्ठ 150
प्रश्न-17 : UPPSC मुख्य परीक्षा, प्रश्न पत्र-V पृष्ठ 57, 58, 59
प्रश्न-18 : UPPSC मुख्य परीक्षा, प्रश्न पत्र-V पृष्ठ 9


**प्रश्न पत्र-VI**




प्रश्न-1 : UPPSC मुख्य परीक्षा विशेष, प्रश्न पत्र-VI पेज-65
प्रश्न-4 : UPPSC मुख्य परीक्षा विशेष, प्रश्न पत्र-VI पेज-26
प्रश्न-5 : UPPSC मुख्य परीक्षा विशेष, प्रश्न पत्र-VI पेज-28
प्रश्न-6 : UPPSC मुख्य परीक्षा विशेष, प्रश्न पत्र-VI पेज-80
प्रश्न-11 : UPPSC मुख्य परीक्षा विशेष, प्रश्न पत्र-VI पेज-1, 2, 3
प्रश्न-12 : UPPSC मुख्य परीक्षा विशेष, प्रश्न पत्र-VI पेज-32, 33
प्रश्न-13 : UPPSC मुख्य परीक्षा विशेष, प्रश्न पत्र-VI पेज-56
प्रश्न-14 : UPPSC मुख्य परीक्षा विशेष, प्रश्न पत्र-VI पेज-55, 56
प्रश्न-15 : UPPSC मुख्य परीक्षा विशेष, प्रश्न पत्र-VI पेज-45
प्रश्न-18 : UPPSC मुख्य परीक्षा विशेष, प्रश्न पत्र-VI पेज-144, 145, 146

**Chronicle Publications Pvt. Ltd.**
Ph.: 0120-2514610/12,Mob.: 9953099442, E-mail: info@chronicleindia.in
Books Available in www.chronicleindia.in amazon Flipkart snapdeal

# राष्ट्रीय



## 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' समिति

केंद्र सरकार ने 2 सितंबर, 2023 को 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' (One nation One election- ONOE) पर विचार करने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 8 सदस्यीय समिति के गठन की घोषणा की।

- यह समिति लोक सभा और राज्य विधानसभाओं के एक साथ चुनाव कराए जाने के मुद्दे पर विचार-विमर्श करेगी।
- समिति, भारत के संविधान के तहत मौजूदा ढांचे और अन्य वैधानिक प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए अपनी सिफारिशें देगी।
- समिति इस बात की भी जांच करेगी कि क्या इसके लिए संविधान में संशोधन हेतु राज्यों द्वारा अनुसमर्थन की आवश्यकता होगी।
- भारत में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की अवधारणा का उद्देश्य लोक सभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनावों को एक साथ कराना है।
- गठन के पश्चात एक राष्ट्र एक चुनाव समिति की पहली बैठक 23 सितंबर, 2023 को नई दिल्ली में हुई।
- पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाले पैनल ने सुझाव देने के लिए विधि आयोग और राजनीतिक दलों को आमंत्रित करने का निर्णय लिया है।
- वर्ष 2018 में न्यायमूर्ति बीएस चौहान की अध्यक्षता वाले 21वें विधि आयोग ने भी एक मसौदा रिपोर्ट में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की सिफारिश की थी।

## 'स्किल इंडिया डिजिटल' प्लेटफॉर्म का शुभारंभ

केंद्रीय शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 13 सितंबर, 2023 को डिजिटल प्लेटफॉर्म 'स्किल इंडिया डिजिटल' (SID) का शुभारंभ किया।

- 'स्किल इंडिया डिजिटल' का उद्देश्य भारत के कौशल, शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता परिदृश्य को रूपांतरित करना है।
- यह शिक्षार्थियों को प्रासंगिक कौशल हासिल करने, उद्योग के रुझानों के प्रति अपडेट रहने और भारत के कार्यबल विकास में प्रभावी ढंग से योगदान करने में सक्षम बनाएगा।
- 'स्किल इंडिया डिजिटल' भारत में कौशल विकास के लिए डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (DPI) है।
- यह एक अत्याधुनिक मंच है, जो सभी कौशल पहलों को एक साथ लाता है।

## अंतरराष्ट्रीय अधिवक्ता सम्मेलन 2023

भारतीय अधिवक्ता परिषद द्वारा 23-24 सितंबर, 2023 को नई दिल्ली में 'न्याय वितरण प्रणाली में उभरती चुनौतियां' नामक विषय पर अंतरराष्ट्रीय अधिवक्ता सम्मेलन - 2023 (International Lawyers Conference - 2023) का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

- सम्मेलन का उद्देश्य विभिन्न कानूनी विषयों पर सार्थक संवाद और चर्चा के लिए एक मंच प्रदान करना है।
- सम्मेलन में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर विचार तथा अनुभवों का आदान-प्रदान किया गया।
- कानूनी विषयों पर अंतरराष्ट्रीय सहयोग और समझ को इस सम्मेलन में मजबूत किया गया।
- देश में पहली बार आयोजित इस सम्मेलन में उभरते कानूनी प्रचलन, सीमा पार मुकदमेबाजी में चुनौतियां, कानूनी प्रौद्योगिकी, पर्यावरणीय कानून आदि विषयों पर चर्चा की गई।
- कार्यक्रम में प्रतिष्ठित न्यायाधीशों, कानूनी पेशेवरों और वैश्विक कानूनी पृष्ठभूमि के नेताओं ने भाग लिया।

## DAC द्वारा रक्षा उपकरणों के खरीद की मंजूरी

रक्षा अधिग्रहण परिषद (DAC) ने 15 सितंबर, 2023 को लगभग 45,000 करोड़ रुपये के 9 पूंजी अधिग्रहण प्रस्तावों के लिए आवश्यकता की स्वीकृति (AoN) प्रदान की।

- ये सभी खरीद भारतीय विक्रेताओं से की जाएंगी, जो 'आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में भारतीय रक्षा उद्योग को पर्याप्त बढ़ावा देगी।

**DAC द्वारा निम्नलिखित के लिए स्वीकृति प्रदान की गईः**

- हल्के बख्तरबंद बहुउद्देशीय वाहन (LAMV) एवं एकीकृत निगरानी और लक्ष्यीकरण प्रणाली (ISAT-S) की खरीद।
- आर्टिलरी गन और रडार की तेजी से तैनाती के लिए हाई मोबिलिटी व्हीकल (HMV) गन टोइंग वाहनों की खरीद।
- अगली पीढ़ी के सर्वेक्षण जहाजों की खरीद, जो हाइड्रोग्राफिक ऑपरेशन में भारतीय नौसेना की क्षमताओं को काफी बढ़ाएगी।
- संचालन में सटीकता और विश्वसनीयता में सुधार के लिए डोर्नियर विमान का एवियोनिक अपग्रेडेशन।
- एक शक्तिशाली स्वदेशी सटीक निर्देशित हथियार के रूप में कम दूरी की हवा से सतह पर मार करने वाली 'ध्रुवास्त्र' मिसाइल की खरीद।
- हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) से 12 Su-30 MKI विमानों की खरीद।

## कृषि क्षेत्र से संबंधित 3 पहलों का शुभारंभ

भारत में कृषि क्रांति लाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने हाल ही में 3 महत्वपूर्ण पहलों को शुरू करने की घोषणा की है।

- कृषि-ऋण और फसल बीमा पर केंद्रित इन पहलों का अनावरण वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने 19 सितंबर, 2023 को किया।
- ये पहलें वित्तीय समावेशन को बढ़ाने, प्रौद्योगिकी का उपयोग करने और देश भर में किसानों की आजीविका में सुधार करने के उद्देश्य से शुरू की गई है।

**ये 3 पहलें हैं**

1. **किसान ऋण पोर्टल (केआरपी):** यह डिजिटल प्लेटफॉर्म किसानों को उनके डेटा, ऋण वितरण विशिष्टताओं, ब्याज सहायता दावों का व्यापक दृष्टिकोण प्रदान करता है और कुशल कृषि ऋण की सुविधा भी प्रदान करता है।
   - ✧ यह किसानों के लिए उधार लेने की प्रक्रिया को सरल और सुव्यवस्थित करने का प्रयास करता है।
2. **डोर टू डोर केसीसी अभियान:** घर-घर किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) अभियान एक महत्वाकांक्षी अभियान है, जो भारत के हर किसान को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना का लाभ पहुंचाने हेतु उद्देशित है।
   - ✧ इस अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक किसान की ऋण सुविधाओं तक निर्बाध पहुंच हो।
3. **मौसम सूचना नेटवर्क डेटा सिस्टम (विंड्स) मैनुअल:** इस पहल का उद्देश्य मौसम के पैटर्न पर हितधारकों को कार्रवाई योग्य अंतर्दृष्टि प्रदान करके, किसानों को उनकी कृषि गतिविधियों के बारे में सूचित निर्णय लेने में सहायता करना है।
   - ✧ यह डेटा-संचालित दृष्टिकोण फसल प्रबंधन को बढ़ाएगा और किसानों को प्रतिकूल मौसम की स्थिति के प्रभाव को कम करने में मदद करेगा।

## राज्य सभा उपाध्यक्षों के पैनल में 50 प्रतिशत महिला सांसद

राज्य सभा के सभापति और उपाध्यक्ष जगदीप धनखड़ द्वारा 18 सितंबर, 2023 को की गई घोषणा के अनुसार राज्य सभा में उपाध्यक्षों के पैनल का पुनर्गठन किया गया है, जिसमें 50 प्रतिशत महिला सांसद शामिल हैं।

- इस 8 सदस्यीय पैनल में 4 महिला सदस्य होंगी, जिनमें भारतीय जनता पार्टी की सांसद कांता कर्दम, सुमित्रा बाल्मीक, गीता उर्फ चंद्रप्रभा और बीजू जनता दल की ममता मोहंता शामिल हैं।
- इनके अलावा कांग्रेस के अखिलेश प्रसाद सिंह, आम आदमी पार्टी के नारायण दास गुप्ता, वाईएसआरसीपी के वी. विजयसाई रेड्डी और तृणमूल कांग्रेस के शांतनु सेन को समिति का सदस्य घोषित किया गया है।
- सभापति या उपसभापति की अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष सदन की अध्यक्षता करने के पात्र होते हैं।

## रक्षा मंत्रालय ने 'प्रलय' मिसाइल खरीद के प्रस्ताव को मंजूरी दी

रक्षा मंत्रालय ने सेना की मारक क्षमता को और बढ़ाने के लिए 17 सितंबर, 2023 को 'प्रलय' बैलिस्टिक मिसाइलों की एक रेजीमेंट की खरीद को मंजूरी दी।

- 'प्रलय' बैलिस्टिक मिसाइल को चीन से लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) और पाकिस्तान से लगी नियंत्रण रेखा (LOC) पर तैनात किया जाएगा।
- प्रलय मिसाइल को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) द्वारा विकसित किया गया है।

**प्रलय मिसाइल की विशेषताएं**

- यह सतह से सतह पर मार करने वाली एक अर्द्ध-बैलिस्टिक मिसाइल है, जिसमें इंटरसेप्टर मिसाइलों को विफल करने के लिए डिजाइन की गई उन्नत क्षमताएं विद्यमान हैं।
- 'प्रलय' बैलिस्टिक मिसाइलों की मारक क्षमता 150 से 500 किलोमीटर तक है।
- यह लगभग 350 किलोग्राम से 700 किलोग्राम तक के घातक हथियार ले जाने में सक्षम है।
- यह एक उच्च विस्फोटक पूर्वनिर्मित फ्रेगमेंटेशन वारहेड, पेनेट्रेशन-कम-ब्लास्ट (PCB) और रनवे डिनायल पेनेट्रेशन सबम्युनिशन (RDPS) भी ले जा सकती है।
- यह एक निश्चित दूरी तय करने के बाद उड़ान के बीच में अपने प्रक्षेप पथ को बदलने की क्षमता प्रदर्शित करती है।
- इसकी तुलना चीन की डोंग फेंग 12 और रूसी इस्कंदर (Iskander) मिसाइल से की जा सकती है।

## DMRC और BEL के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (DMRC) और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL) ने 13 सितंबर, 2023 को स्वदेशी संचार आधारित ट्रेन नियंत्रण प्रणाली (i-CBTC) विकसित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

- यह साझेदारी रेल परिवहन में नवाचार को बढ़ावा देगी, लागत कम करेगी और ट्रेन नियंत्रण सिग्नलिंग सिस्टम के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देगी।
- संचार-आधारित ट्रेन नियंत्रण प्रणाली रेल बुनियादी ढांचे का कुशलतापूर्वक उपयोग करते हुए ट्रेन संचालन को अनुकूलित करेगी और यात्री सेवाओं को बढ़ाएगी।

## "भारतः लोकतंत्र की जननी" पोर्टल

G20 लीडरशिप समिट से पूर्व 8 सितंबर, 2023 को संस्कृति मंत्रालय ने मेगा प्रदर्शनी- 'भारत: द मदर ऑफ डेमोक्रेसी' का एक पोर्टल लॉन्च किया।

- यह पोर्टल भारत में लोकतंत्र के इतिहास पर सामग्री प्रदर्शित करता है, जिसमें सिंधु-सरस्वती सभ्यता से लेकर 2019 तक 7,000 वर्षों के लोकतांत्रिक लोकाचार को प्रदर्शित किया गया है।
- यह अंग्रेजी और हिंदी के अलावा जर्मन, फ्रेंच, स्पेनिश, अरबी, पुर्तगाली, इतालवी, तुर्की और रूसी सहित 16 भाषाओं में उपलब्ध है।
- इसकी वेबसाइट (www.motherofdemocracyg20.com) इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) द्वारा संचालित है।

## बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली के निर्माण हेतु 3 ,760 करोड़ रुपये की मंजूरी

केंद्र सरकार ने 6 सितंबर, 2023 को बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली [Battery Energy Storage Systems (BESS)] बनाने के लिए 3,760 करोड़ रुपये के व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण को मंजूरी दी है।

- केंद्रीय कैबिनेट द्वारा बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणालियों के विकास हेतु व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण के लिए एक योजना को मंजूरी दी गई है।
- इस योजना में 2030-31 तक 4,000 मेगावाट की बीईएसएस (BESS) परियोजनाओं के विकास की परिकल्पना की गई है।
- इसमें बजटीय सहायता के रूप में पूंजीगत लागत के 40% तक वित्तीय सहायता दी जाएगी।
- यह कोष वर्ष 2030-31 तक 5 किस्तों में जारी किया जाएगा। इससे 4,000 मेगावाट घंटे का ऊर्जा भंडार तैयार करने में मदद मिलेगी।
- व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण से 9,500 करोड़ रुपये का निवेश होने की उम्मीद है।
- भारत ने अगले कुछ वर्षों में अपनी आधी ऊर्जा जरूरतों को नवीकरणीय ऊर्जा और गैर-जीवाश्म ऊर्जा स्रोतों के माध्यम से पूरा करने का लक्ष्य रखा है।
- भंडारण प्रणाली की स्थापना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## हिमाचल एवं उत्तराखंड में औद्योगिक विकास हेतु वित्तीय मंजूरी

केंद्र सरकार ने 6 सितंबर, 2023 को औद्योगिक विकास योजना-2017 के अंतर्गत उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के लिए 1,164.53 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है।

- सरकार इन दोनों राज्यों में निवेश के लिए कंपनियों को औद्योगिक विकास योजना के तहत प्रोत्साहन प्रदान करती है। इन प्रोत्साहनों में ऋण और बीमा तक पहुंच शामिल है।
- अभी तक हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के लिए आईडीएस-2017 का वित्तीय परिव्यय केवल 131.90 करोड़ रुपये था। यह 2021-22 के दौरान जारी किया गया था।
- हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में औद्योगिक विकास योजना 1 अप्रैल, 2017 से शुरू होकर 31 मार्च, 2022 तक प्रभावी थी।

## दिव्यांगों के सशक्तीकरण हेतु अमेजन का 5 राज्यों के साथ समझौता

अमेजन इंडिया ने 6 सितंबर, 2023 को रोजगार योग्य विकलांग व्यक्तियों (PwD) के साथ जुड़ने और मुख्यधारा के कार्यबल में उनकी भागीदारी को सक्षम करने के लिए 5 राज्य सरकारों के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

- ये राज्य हरियाणा, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक और तमिलनाडु हैं।
- इस साझेदारी के माध्यम से, अमेजन अपने ऑपरेशंस नेटवर्क में दिव्यांगजनों के लिए सहायता, ऑन-द-जॉब प्रशिक्षण और एक समावेशी कार्य वातावरण की पेशकश करेगा।

## आयुष्मान भवः अभियान

सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (Universal Health Coverage- UHC) प्राप्त करने तथा सभी के लिये स्वास्थ्य देखभाल सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने गांधीनगर से 13 सितंबर, 2023 को "आयुष्मान भवः अभियान" का शुभारंभ किया।

- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया 'आयुष्मान भवः' अभियान एक व्यापक राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्य सेवा पहल है।
- इस पहल का उद्देश्य देश के हर गांव और शहर तक पहुंचने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की अधिकतम कवरेज प्रदान करना है।
- यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर, 2023 तक 'सेवा पखवाड़ा' के दौरान सम्पूर्ण देश में संचालित किया गया है।
- यह पहल आयुष्मान भारत कार्यक्रम की सफलता पर आधारित है और स्वास्थ्य सेवाओं में परिवर्तन का प्रतीक है।

**अभियान के उद्देश्य में शामिल 3 घटक**

- **आयुष्मान आपके द्वार 3.0:** इस पहल का उद्देश्य पीएम-जेएवाई योजना के तहत नामांकित शेष पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान करना है और यह सुनिश्चित करना है कि अधिकाधिक व्यक्तियों की स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच हो।
- **एचडब्ल्यूसी और सीएचसी में आयुष्मान मेलेः** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (PHCs) और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (CHC) में आयोजित होने वाले इन मेलों से आभा आईडी (स्वास्थ्य आईडी) जारी करने और आयुष्मान भारत कार्ड जारी करने में सुविधा होगी।
- **आयुष्मान सभाएंः** प्रत्येक गांव और पंचायत में ये सभाएं आयुष्मान कार्ड वितरित करने, आभा आईडी बनाने तथा महत्वपूर्ण स्वास्थ्य योजनाओं और रोग की स्थितियों, जैसे गैर-संचारी रोग, तपेदिक (निक्षय मित्र), सिकल सेल रोग, साथ ही रक्तदान एवं अंग दान अभियान के बारे में जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

## विश्व की पहली 100% इथेनॉल-ईंधन वाली कार लॉन्च

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने 31 अगस्त, 2023 को नई दिल्ली में विश्व की पहली 100 प्रतिशत इथेनॉल-ईंधन वाली कार (100 percent Ethanol-fueled car) लॉन्च की।

- यह कार कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को कम करने और वाहनों में ईंधन दक्षता में सुधार करने की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण कदम है।
- सरकार के अनुसार पेट्रोल में 20% इथेनॉल मिश्रण लागू होने से देश को आयात बिल के रूप में सालाना 35 हजार करोड़ रुपये की बचत होगी।
- फ्लेक्स फ्यूल एक ऐसी तकनीक है, जो इंजन को 20 प्रतिशत से अधिक इथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल या गैसोलीन का उपयोग करने की अनुमति देती है।

## NCERT को डीम्ड विश्वविद्यालय का दर्जा

1 सितंबर, 2023 को राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (NCERT) को डीम्ड विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान किया गया।

- शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नई दिल्ली में NCERT के 63वें स्थापना दिवस समारोह कार्यक्रम में भाग लेने के दौरान यह घोषणा की।
- उन्होंने यह भी घोषणा की कि बाल भवन का जल्द ही NCERT में विलय कर दिया जाएगा।
- एनसीईआरटी, स्कूली शिक्षा का शीर्ष संगठन है। यह शैक्षिक शोध एवं नवाचार, पाठ्यक्रम/सिलेबस का विकास करने और पढ़ने-पढ़ाने से जुड़ी अन्य सामग्रियों को तैयार करता है।
- यह भारत सरकार का एक स्वायत्त संगठन है। इसकी स्थापना 27 जुलाई, 1961 को हुई थी और औपचारिक संचालन 1 सितंबर, 1961 को शुरू हुआ था।

### ट्रांसजेंडरों के लिए भारत का पहला समर्पित ओपीडी

नई दिल्ली स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल ने ट्रांसजेंडरों के लिए भारत की पहली समर्पित OPD का उद्घाटन किया।

- अस्पताल में हार्मोन विश्लेषण और मुफ्त हार्मोनल उपचार के साथ एक एंडोक्रिनोलॉजी सुविधा, नैदानिक-मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन के साथ एक मनोरोग सुविधा और प्लास्टिक सर्जरी प्रदान की जाएगी।
- यह भारत में ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए सुलभ और समावेशी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### आईएनएस महेंद्रगिरि का जलावतरण

1 सितंबर, 2023 को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की पत्नी सुदेश धनखड़ ने मुंबई के मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड में भारतीय नौसेना के युद्धपोत 'INS महेंद्रगिरि' का जलावतरण किया।

- प्रोजेक्ट 17 अल्फा के तहत निर्मित युद्धपोतों में INS महेंद्रगिरि सातवां और आखिरी स्टील्थ फ्रिगेट है।
- युद्धपोत 'महेंद्रगिरि' बेहतर स्टेल्थ फीचर्स, एडवांस्ड हथियार प्रणाली और सेंसर से लैस है।
- महेंद्रगिरि की लम्बाई 149 मीटर, चौड़ाई 17.8 मीटर और इसकी स्पीड 28 नॉट्स है।
- युद्धपोत का नाम ओडिशा में स्थित पूर्वी घाट की एक पर्वत शृंखला के नाम पर रखा गया है।
- इसके पहले के 6 जहाजों INS नीलगिरि, INS हिमगिरि, INS तारागिरि, INS उदयगिरि, INS दूनागिरि और INS विंध्यगिरि के नाम भी पर्वत शृंखलाओं के नाम पर रखे गए थे।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 17 अगस्त, 2023 को कोलकाता में छठे फ्रिगेट INS विंध्यगिरि का जलावतरण किया था।
- भारतीय नौसेना ने 2019 में सात जंगी जहाज बनाने के लिये प्रोजेक्ट 17 अल्फा फ्रिगेट्स (P-17A) लॉन्च किया था।
- मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स (MDL) और गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (GRSE) ने इनका निर्माण किया है।

### सफदरजंग हवाई अड्डे पर 'उड़ान भवन' का उद्घाटन

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ने 18 सितंबर, 2023 को दिल्ली के सफदरजंग हवाई अड्डे पर एक एकीकृत कार्यालय परिसर 'उड़ान भवन' का उद्घाटन किया।

- 'उड़ान भवन' का उद्घाटन सभी विमानन नियामक प्राधिकरणों के मध्य बेहतर समन्वय को बढ़ावा देने के लिए किया गया है।
- इस अवसर पर एक 'पायलट ई-वॉलेट सुविधा' (Pilot E-Wallet Facility) का भी शुभारंभ हुआ, जो भारतकोश पोर्टल में नियामक अनुमोदन से संबंधित प्रसंस्करण शुल्क के लिए एक सुविधाजनक भुगतान समाधान की पेशकश करता है।
- 'उड़ान भवन', एक GRIHA-5 रेटेड इमारत है, जो स्थिरता और पर्यावरण-अनुकूल सुविधाओं को प्राथमिकता देती है।
- ग्रीन रेटिंग फॉर इंटीग्रेटेड हैबिटेट असेसमेंट (GRIHA), भारत की राष्ट्रीय हरित भवन रेटिंग प्रणाली है। यह नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के साथ द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (TERI) के आपसी सहयोग से विकसित की गई है।

## सागर परिक्रमा चरण-VIII

- केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री ने 31 अगस्त, 2023 को कन्याकुमारी जिले के थेंगापट्टनम समुद्र तट पर सागर परिक्रमा के 8वें चरण (Sagar Parikrama Phase-VIII) का शुभारंभ किया।
- सागर परिक्रमा का यह चरण कन्याकुमारी, तिरुनेलवेली, थूथुकुडी और रामनाथपुरम सहित तमिलनाडु के चार तटीय जिलों को कवर करेगा।

- सागर परिक्रमा का तमिलनाडु चरण-31, 2 सितंबर, 2023 तक रामनाथपुरम जिले के थोंडी में संचालित किया गया। इस दौरान थोंडी के वलमावुर में एकीकृत समुद्री शैवाल पार्क (Integrated Seaweed Park) की आधारशिला रखी गई।
- 5 मार्च, 2022 को सागर परिक्रमा के प्रथम चरण की शुरुआत मांडवी, गुजरात से की गई थी।
- सागर परिक्रमा यात्रा एक आउटरीच कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य तटीय क्षेत्र में मछुआरा समुदाय तक पहुंचना है।
- इसका उद्देश्य, प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (PMMSY), मत्स्य पालन तथा एक्वाकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड (FIDF), किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) एवं राज्य योजनाओं जैसी विभिन्न मत्स्य पालन योजनाओं एवं कार्यक्रमों के माध्यम से मछुआरों एवं अन्य हितधारकों की आर्थिक संभावनाओं को बढ़ाते हुए उनके समक्ष आने वाली चुनौतियों का समाधान करना है।

## 106वां संविधान संशोधन अधिनियम 2023

भारत के राष्ट्रपति ने 28 सितंबर, 2023 को 106वें संविधान संशोधन अधिनियम 2023 [Constitution (106th Amendment) Act 2023] को मंजूरी दे दी, जो लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 1/3 आरक्षण का प्रावधान करता है।

- संसद में इसे 128वें संविधान संशोधन विधेयक के रूप में पेश किया गया था। इसे 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' का नाम भी दिया गया है।
- 128वें संविधान संशोधन विधेयक के रूप में यह 20 सितंबर, 2023 को लोक सभा में और 21 सितंबर, 2023 को राज्यसभा में पारित किया गया था।
- उल्लेखनीय है कि वर्तमान में लोक सभा में 82 महिला सांसद (15.2%) और राज्य सभा में 31 महिलाएँ (13%) हैं।

### विधेयक की मुख्य विशेषताएं

- यह लोक सभा, राज्य विधानसभाओं एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की विधान सभा में महिलाओं के लिए यथासंभव एक-तिहाई सीटें आरक्षित करता है।
- अधिनियम अनुच्छेद 239AA (दिल्ली के संबंध में प्रावधान) में संशोधन का प्रस्ताव करता है, तथा तीन नए अनुच्छेद अर्थात् अनुच्छेद 330A, 332A और 334A को सम्मिलित करता है।
- इस अधिनियम के तहत आरक्षण अधिनियम के लागू होने के पश्चात होने वाली जनगणना के प्रकाशन के बाद ही प्रभावी होगा। जनगणना के आधार पर महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित करने के लिए परिसीमन किया जाएगा।

## राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग को वैश्विक मान्यता

भारत के राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (NMC) को 10 वर्षों के उल्लेखनीय कार्यकाल के लिए प्रतिष्ठित वर्ल्ड फेडरेशन फॉर मेडिकल एजुकेशन (WFME) द्वारा हाल ही में मान्यता प्राप्त हुई है।

- इस मान्यता के भाग के रूप में, भारत में सभी 706 मौजूदा मेडिकल कॉलेजों को डब्ल्यूएफएमई से मान्यता प्राप्त हो जाएगी।
- आगामी 10 वर्षों में स्थापित होने वाले नए मेडिकल कॉलेजों को भी स्वत: डब्ल्यूएफएमई से मान्यता प्राप्त हो जाएगी।
- इससे मेडिकल कॉलेजों और पेशेवरों को अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त होगी और उनकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।
- भारतीय मेडिकल स्नातक अब अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसे देशों में स्नातकोत्तर और मेडिकल प्रैक्टिस कर सकते हैं।
- वर्ल्ड फेडरेशन फॉर मेडिकल एजुकेशन (WFME) चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ावा देने के लिए समर्पित एक वैश्विक संगठन है।
- राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (NMC) भारत का प्रमुख नियामक निकाय है, जो चिकित्सा शिक्षा और मेडिकल प्रैक्टिस का निरीक्षण करता है।

## विशाखापत्तनम बंदरगाह के अंतरराष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उद्घाटन

विशाखापत्तनम बंदरगाह पर अंतरराष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उद्घाटन 4 सितंबर, 2023 को पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री द्वारा किया गया।

- यह दूरदर्शी परियोजना पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के एक प्रस्ताव में शुरू की गई थी।
- विशाखापत्तनम पोर्ट ट्रस्ट (BPT) द्वारा प्रदान की गई कुल अनुमोदित परियोजना की लागत 77 करोड़ रुपये थी।
- क्रूज टर्मिनल बिल्डिंग 4,580.46 वर्ग मीटर के क्षेत्र में फैली हुई है, जिसमें भूतल और पहली मंजिल दोनों शामिल हैं।

## ट्रांसजेंडर व्यक्तियों का कल्याण सुनिश्चित करने के लिए एडवाइजरी

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) ने 26 सितंबर, 2023 को ट्रांसजेंडर व्यक्तियों का कल्याण सुनिश्चित करने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकारों को एडवाइजरी जारी की।

- आयोग द्वारा यह सिफारिश की गई कि ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को पैतृक कृषि भूमि का उत्तराधिकार प्राप्त करने की अनुमति दी जाए, साथ ही उन्हें एक बहुउद्देशीय पहचान पत्र भी प्रदान किया जाए।
- आयोग ने एलजीबीटीआई मुद्दों पर विभिन्न हितधारकों और आयोग के कोर समूह के सदस्यों के साथ व्यापक चर्चा के बाद यह परामर्शिका तैयार की है।

- ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के अधिकारों को ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 2019 के अधिनियमन के माध्यम से मान्यता और कानूनी वैधता प्राप्त हुई है, जिसका उद्देश्य उनके अधिकारों का संरक्षण करना और उन्हें बनाए रखना है।
- परामर्शिका में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, रोजगार, समावेशिता, कल्याण और शिकायत निवारण तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए केंद्र, राज्यों और केंद्रशासित प्रदेश प्रशासनों द्वारा कार्रवाई के लिए 6 प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

## कला–संस्कृति

### नुआखाई उत्सव 2023

पारंपरिक नुआखाई उत्सव (Nuakhai Festival) ओडिशा में 20 सितंबर, 2023 को मनाया गया। यह पारंपरिक रूप से गणेश चतुर्थी के अगले दिन मनाया जाता है।

- यह त्यौहार पश्चिमी ओडिशा और झारखंड के सिमडेगा जैसे पड़ोसी क्षेत्रों में विशेष महत्व रखता है।
- नुआखाई राज्य में एक वार्षिक फसल उत्सव है, जो नए चावल के मौसम के आगमन का प्रतीक है।
- 'नुआ' शब्द का अर्थ नया और 'खाई' का अर्थ भोजन होता है।
- नुआखाई का मुख्य आकर्षण चावल की पहली फसल है, जिसे 'नबन्ना' के नाम से जाना जाता है, जिसकी इस उत्सव में केंद्रीय भूमिका है।
- नुआखाई के दौरान, क्षेत्र के लोग उत्कृष्ट फसल, पर्याप्त वर्षा एवं कृषि हेतु अच्छे मौसम के लिए अपने देवी-देवताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।

### फणीगिरि कलाकृतियां

200 ईसा पूर्व से 400 ईस्वी तक की फणीगिरि कलाकृतियाँ (Phanigiri artefacts), जिन्हें 1942 में खोजा गया था, वर्तमान में न्यूयॉर्क मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट में आयोजित एक प्रदर्शनी में प्रदर्शित की जा रही हैं।

- "वृक्ष और सर्प: भारत में प्रारंभिक बौद्ध कला" नामक विषय पर आयोजित यह प्रदर्शनी 21 जुलाई, 2023 से शुरू हुई थी तथा यह 13 नवंबर, 2023 तक प्रदर्शित की जायेगी।
- फणीगिरि (अर्थात् साँप के फन की पहाड़ी) तेलंगाना राज्य का एक छोटा सा गांव है।
- फणीगिरि बौद्ध स्थल को इस सहस्राब्दी में बौद्ध प्रतिमा विज्ञान में सबसे महत्वपूर्ण खोजों में से एक माना जाता है।
- फणीगिरि में खोजे गए थोराना (thoranas) बहुत महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि वे साँची के दक्षिण में सबसे पहले पाए गए थोराना में से हैं।

CHRONICLE
Nurturing Talent Since 1990

यूपीपीसीएस मुख्य परीक्षा 2023 के
सामान्य अध्ययन-I में इतिहास से संबंधित कुल 6 प्रश्नों में से 5 प्रश्न वैकल्पिक इतिहास से पूछे गए




प्रश्न-1 वैदिक साहित्य का परिचय दीजिए।
स्रोत-वैकल्पिक इतिहास, पृष्ठ संख्या 47-48

प्रश्न-2 आधुनिक शिक्षा में सर सैयद अहमद खान के योगदान पर एक टिप्पणी लिखिए।
स्रोत-वैकल्पिक इतिहास, पृष्ठ संख्या 562

प्रश्न-3 स्वतंत्रता प्राप्ति के उपरांत भारत के एकीकरण में सरदार पटेल की भूमिका की विवेचना कीजिए।
स्रोत-वैकल्पिक इतिहास, पृष्ठ संख्या 706-707

प्रश्न-11 नागर शैली के मंदिरों की वास्तुकला विशेषताओं का वर्णन कीजिए।
स्रोत-वैकल्पिक इतिहास, पृष्ठ संख्या 251-252

प्रश्न-12 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के वैचारिक आयामों को रेखांकित कीजिए।
स्रोत-वैकल्पिक इतिहास, पृष्ठ संख्या 627-629

नोट: छठा प्रश्न विश्व इतिहास से पूछा गया है।

Ph.: 0120-2514610/12,Mob.: 9953099442
www.chronicleindia.in amazon Flipkart snapdeal

- उसी थोराना में एक पैनल है, जो महायान और हीनयान दोनों विचारधाराओं को दर्शाता है।
- फणीगिरि से ऐसे साक्ष्य मिले हैं, जो बुद्ध के देवत्व को दर्शाते हैं।

## 'मेरी माटी–मेरा देश' के तहत "अमृत कलश यात्रा"

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 1 सितंबर, 2023 को नई दिल्ली में 'मेरी माटी-मेरा देश' अभियान के तहत अमृत कलश यात्रा की शुरुआत की।

- इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को श्रेष्ठ भारत के निर्माण के विचार से भावनात्मक रूप से जोड़ना है।
- अमृत कलश यात्रा के तहत 1-30 सितंबर तक, प्रत्येक घर, वार्ड और गांव से एक बर्तन में 'मिट्टी' या अनाज एकत्रित किया जाएगा, इसके बाद 1-13 अक्टूबर, 2023 तक ब्लॉक में और बाद में 22-27 अक्टूबर, 2023 तक राज्य स्तर पर इसका पालन किया जाएगा।
- अंत में, 28-30 अक्टूबर, 2023 के 3बीच ये 7,500 बर्तन देश की राजधानी नई दिल्ली पहुंच जाएंगे। इन अमृत कलशों की मिट्टी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिल्ली में बनी अमृत वाटिका में रखी जाएगी।

## भारत के 2 स्थल यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल

- पश्चिम बंगाल के 'शांतिनिकेतन' और कर्नाटक के 'होयसल के पवित्र मंदिर समूह' को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया है।
- शांतिनिकेतन यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल होने वाली भारत की 41वीं, जबकि कर्नाटक के 'होयसल के पवित्र मंदिर समूह' 42वीं धरोहर है।
- शांतिनिकेतन और 'होयसल के पवित्र मंदिर समूह' को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल करने का निर्णय सऊदी अरब में विश्व धरोहर समिति के 45वें सत्र के दौरान लिया गया।
- भारत में यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों की संख्या बढ़कर 42 हो गई है। इनमें सांस्कृतिक श्रेणी में 34, प्राकृतिक श्रेणी में सात और एक मिश्रित श्रेणी में शामिल है।

**शांतिनिकेतन**

- दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे और सुंदरबन राष्ट्रीय उद्यान के बाद शांतिनिकेतन पश्चिम बंगाल का तीसरा विश्व धरोहर स्थल बन गया है।
- शांतिनिकेतन की शुरुआत रबींद्रनाथ टैगोर के पिता देवेंद्रनाथ टैगोर ने 1863 में एक आश्रम के तौर पर की थी।
- टैगोर ने 1921 में यहां विश्व भारती की स्थापना की, जिसे 1951 में केंद्रीय विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय महत्व का संस्थान घोषित किया गया।

**'होयसल के पवित्र मंदिर समूह'**

- होयसल मंदिर 12वीं और 13वीं शताब्दी ईस्वी के दौरान बनाए गए थे, जो होयसल साम्राज्य की अद्वितीय वास्तुकला और कलात्मक प्रतिभा को प्रदर्शित करते हैं।
- होसयल के पवित्र मंदिर समूह बेलूर, हलेबिड और सोमनाथपुरा में स्थित है।
- होयसल मंदिर भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण (Archaeological Survey of India- ASI) के संरक्षित स्मारक हैं।
- होयसल के पवित्र मंदिर समूह अप्रैल 2014 से यूनेस्को की अस्थायी सूची में शामिल थे।

## इंडियन हेरिटेज ऐप और ई-परमिशन पोर्टल लॉन्च

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) ने 4 सितंबर, 2023 को समवेत ऑडिटोरियम, नई दिल्ली में 'एडॉप्ट ए हेरिटेज 2-0' (Adopt a Heritage 2-0) कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

- एडॉप्ट ए हेरिटेज 2.0 कार्यक्रम 2017 में शुरू की गई पिछली योजना का नया संस्करण है तथा यह 'प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958' (AMASR Act, 1958) के अनुसार विभिन्न स्मारकों के लिए मांगी गई सुविधाओं को स्पष्ट रूप से परिभाषित करता है।
- यह कार्यक्रम स्मारकों के संरक्षण में कॉर्पोरेट हितधारकों के साथ सहयोग का मार्ग प्रशस्त करेगा।
- भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के संरक्षण में 3,696 स्मारक हैं, जो पूरे देश में विस्तृत है।
- ये स्मारक भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करते हैं, साथ-ही आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**इंडियन हेरिटेज ऐप एवं पोर्टल**

- इस अवसर पर 'इंडियन हेरिटेज' (Indian Heritage) नामक एक मोबाइल ऐप तथा ई-अनुज्ञा पोर्टल (e-permission portal) भी लॉन्च किया गया।
- इंडियन हेरिटेज ऐप भारत के विरासत स्मारकों को प्रदर्शित करेगा।
- इस ऐप में तस्वीरों के साथ-साथ स्मारकों का राज्यवार विवरण, उपलब्ध सार्वजनिक सुविधाओं की सूची, भू-टैग किए गए स्थान और नागरिकों के लिए फीडबैक तंत्र की सुविधा होगी।
- ई-अनुज्ञा पोर्टल विभिन्न अनुमतियाँ प्राप्त करने की प्रक्रिया को तेज करेगा और इसमें शामिल परिचालन और लॉजिस्टिक बाधाओं को हल करेगा।

# आर्थिकी



## भारत के आउटवार्ड और इनवार्ड इन्वेस्टमेंट में वृद्धि

हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा की गई गणना के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2023 में भारतीय कंपनियों द्वारा इनवार्ड प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) में वृद्धि के साथ-साथ आउटवार्ड डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट (ODI) में भी वृद्धि हुई है।

- प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) किसी देश के एक फर्म या व्यक्ति द्वारा दूसरे देश में स्थित व्यावसायिक गतिविधियों में किया गया निवेश है।
- यह विभिन्न प्रकार का हो सकता है, जैसे शेयर खरीदना, सहायक कंपनी अथवा संयुक्त उद्यम स्थापित करना या ऋण प्रदान करना अथवा प्रौद्योगिकी हस्तांतरण करना।
- FDI को आर्थिक विकास का एक प्रमुख चालक माना जाता है, क्योंकि यह मेजबान देश में पूंजी, प्रौद्योगिकी, कौशल, बाजार तक पहुँच और रोजगार के अवसर प्रदान कर सकता है।
- आउटवर्ड डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट (ODI) एक व्यावसायिक रणनीति है, जिसमें एक घरेलू फर्म अपने परिचालन का विस्तार किसी विदेशी देश में करती है।

## अफगानिस्तान की मुद्रा विश्व में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली मुद्रा

ब्लूमबर्ग के डेटा विश्लेषण की रिपोर्ट के अनुसार, सितंबर तिमाहीं के दौरान अफगानिस्तान की मुद्रा, 'अफगानी' ने विश्व की सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली मुद्रा का खिताब प्राप्त किया है।

- इस अवधि में, अफगानी के मूल्य में 9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिसका मुख्य कारण मानवीय सहायता का एक महत्वपूर्ण प्रवाह और पड़ोसी एशियाई देशों के साथ व्यापार गतिविधियों में वृद्धि है।
- ब्लूमबर्ग डेटा के अनुसार, वर्ष 2023 में अफगानिस्तान की मुद्रा में लगभग 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।
- वर्तमान में डॉलर के मुकाबले अफगानी का मूल्य 78.25 है। सितंबर तिमाहीं में 3% मजबूती के साथ दूसरे नंबर पर कोलंबिया की करेंसी 'पेसो' है।
- सालाना आधार पर 'अफगानी' तीसरे स्थान पर है। 'पेसो' पहले स्थान पर और श्रीलंकाई रुपया दूसरे स्थान पर है।
- अपनी मुद्रा पर नियंत्रण स्थापित करने के प्रयास में, तालिबान ने स्थानीय लेनदेन में अमेरिकी डॉलर और पाकिस्तानी रुपये के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने सहित विभिन्न उपाय लागू किए हैं।

## वर्ल्ड स्पाइस कांग्रेस (WSC) का 14वां संस्करण

विश्व मसाला कांग्रेस (World Spice Congress- WSC) 2023 का 14वां संस्करण 15-17 सितंबर, 2023 को नवी मुंबई के वाशी में आयोजित किया गया।

**थीमः विजन 2030ः मसाले (स्थिरता, उत्पादकता, नवाचार, सहयोग, उत्कृष्टता और सुरक्षा)।**

- तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन मसाला बोर्ड इंडिया, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा विभिन्न व्यापार निकायों और निर्यात मंचों के सहयोग से किया गया है।
- इस आयोजन में नीति निर्माताओं, नियामक अधिकारियों, मसाला व्यापार संघों, सरकारी अधिकारियों के साथ-साथ जी20 देशों के तकनीकी विशेषज्ञों की उपस्थिति भी शामिल है।
- WSC 2023 के हिस्से के रूप में मसालों और मूल्यवर्द्धित मसाला उत्पादों की विविधता के साथ-साथ मसाला उद्योग में नवीन प्रौद्योगिकियों और समाधानों पर प्रकाश डालने वाली एक प्रदर्शनी भी आयोजित की गई है।

## KVIC ने अपने उत्पादों को लोकप्रिय बनाने के लिए 3 समझौतों पर हस्ताक्षर किए

खादी और ग्रामोद्योग आयोग (KVIC) ने 18 सितंबर, 2023 को तीन अलग-अलग समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए।

- खादी और ग्रामोद्योग आयोग (KVIC) ने यह समझौता प्रसार भारती, एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड और डिजिटल इंडिया कार्पोरेशन के साथ किया है।
- इन समझौता ज्ञापनों का उद्देश्य खादी और ग्रामोद्योग आयोग को आधुनिक बनाने और युवाओं के बीच अपने उत्पादों को लोकप्रिय बनाने के लिए एक रोडमैप तैयार करना है।
- प्रसार भारती के साथ हुए समझौतों में डीडी न्यूज और डीडी इंटरनेशनल चैनलों के एंकर खादी परिधानों में नजर आएंगे।
- प्रसार भारती एक सांविधिक स्वायत्त निकाय है। यह देश का सरकारी प्रसारण केंद्र है।
- एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड देश भर में खादी और ग्रामोद्योग आयोग के लिए नए आधुनिक बुनियादी ढांचे का निर्माण करेगा।
- एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड, जिसे पहले नेशनल बिल्डिंग्स कंस्ट्रक्शन कॉर्पोरेशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था, भारत सरकार का नवरत्न उद्‌यम है।
- केवीआईसी को नवीनतम तकनीक के साथ अपडेट रखने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए केवीआईसी ने डिजिटल इंडिया कॉरपोरेशन के साथ हाथ मिलाया है।

- डिजिटल इंडिया कॉर्पोरेशन, केवीआईसी को नवीनतम तकनीक के साथ अपडेट रखने पर मदद करेगा।

## सुवेन फार्मास्युटिकल्स में FDI की मंजूरी

आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने 13 सितंबर, 2023 को भारतीय कंपनी सुवेन फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड में साइप्रस की बेरहायन्दा लिमिटेड द्वारा 9,589 करोड़ रुपये तक के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) को स्वीकृति दी ।

- सरकार की इस मंजूरी के तहत सुवेन फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड के 76 प्रतिशत इक्विटी शेयरों का अधिग्रहण किया जाएगा।
- भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (SEBI), भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) और अन्य संबंधित एजेंसियों द्वारा प्रस्ताव के मूल्यांकन के बाद इसे मंजूरी दी गई है।
- स्वीकृत विदेशी निवेश का लक्ष्य संयंत्र और उपकरणों में निवेश के माध्यम से नये रोजगारों का सृजन करते हुए भारतीय कंपनी सुवेन फार्मास्यूटिकल्स की क्षमता का विस्तार करना है।
- मौजूदा एफडीआई नीति के अनुसार, ग्रीनफील्ड फार्मास्युटिकल परियोजनाओं में स्वचालित व्यवस्था के तहत 100 प्रतिशत विदेशी निवेश की अनुमति है।
- विगत 5 वर्षों (2018-19 से 2022-23 तक) के दौरान फार्मास्युटिकल क्षेत्र में कुल एफडीआई प्रवाह 43,713 करोड़ रुपये रहा है।
- पिछले वित्तीय वर्ष में इस क्षेत्र में एफडीआई में 58 प्रतिशत की महत्वपूर्ण वृद्धि देखी गई है।

## आरबीआई द्वारा बैंकों के निवेश पोर्टफोलियो मानदंडों में संशोधन

भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने 12 सितंबर, 2023 को वाणिज्यिक बैंकों के निवेश पोर्टफोलियो के वर्गीकरण, मूल्यांकन और संचालन के लिये संशोधित मानदंड जारी किये।

- वैश्विक मानकों और सर्वोत्तम प्रथाओं के साथ इन मानदंडों को संरेखित करने के प्रयास के तहत RBI द्वारा यह कदम उठाया गया है।
- 'भारतीय रिजर्व बैंक (वाणिज्यिक बैंकों के निवेश पोर्टफोलियो का वर्गीकरण, मूल्यांकन और संचालन) दिशा-निर्देश, 2023' के रूप में जारी ये संशोधित मानदंड 1 अप्रैल, 2024 से सभी वाणिज्यिक बैंकों पर लागू होंगे। इसमें क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शामिल नहीं हैं।
- नये दिशा-निर्देशों में निवेश पोर्टफोलियो का सिद्धांत-आधारित वर्गीकरण शामिल है।
- संशोधित मानदंडों के अनुसार, बैंकों को अपने संपूर्ण निवेश पोर्टफोलियो को तीन श्रेणियों में वर्गीकृत करना होगा। ये 3 श्रेणियां निम्नलिखित हैं-
- 1. परिपक्वता तक धारित (HTM),
  2. बिक्री के लिए उपलब्ध (AFS) और
  3. लाभ और हानि के माध्यम से उचित मूल्य (FVTPL)।

## टाटा स्टील ने UK सरकार के साथ 500 मिलियन पाउंड का समझौता किया

ब्रिटेन सरकार और टाटा स्टील ने 15 सितंबर, 2023 को वेल्स में पोर्ट टैलबोट स्टीलवर्क्स के लिए 1.25 अरब पाउंड के संयुक्त निवेश पैकेज पर सहमत हुए।

- ब्रिटेन ने स्टील उद्योग के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए टाटा स्टील में 500 मिलियन पाउंड (621 मिलियन डॉलर) के निवेश की घोषणा की है।
- इस परियोजना का लक्ष्य एक दशक में प्रत्यक्ष उत्सर्जन में 50 मिलियन टन की कमी करना और ब्रिटेन के संपूर्ण कार्बन उत्सर्जन में लगभग 1.5% की कटौती करना है।
- इस समझौते से 5,000 नौकरियों के सृजन में मदद मिलेगी।

## श्रम एवं रोजगार मंत्रालय का निजी नौकरी फर्मों के साथ समझौता

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने 12 सितंबर, 2023 को राष्ट्रीय कैरियर सेवा (NCS) पोर्टल के साथ एकीकृत करने के लिए प्रमुख निजी नौकरी पोर्टलों, कंपनियों/नियोक्ताओं और कौशल प्रदाताओं के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

- समझौता ज्ञापनों का उद्देश्य NCS पोर्टल पर नौकरी चाहने वालों के लिए रोजगार के अवसरों और सेवाओं को बढ़ाना है।
- मंत्रालय के साथ साझेदारी करने वाले निजी जॉब पोर्टल, NCS पर अपनी रिक्तियां साझा करेंगे।
- इस तरह के प्रशिक्षण से कार्यबल के चयन एवं उनकी गुणवत्ता को सुधारने में मदद मिलेगी।

## डेटा-संचालित नवाचार हेतु नाबार्ड की UNDP के साथ साझेदारी

नाबार्ड ने कृषि और खाद्य प्रणालियों में डेटा-संचालित नवाचार बनाने के लिए संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) इंडिया के साथ साझेदारी की है।

- यह साझेदारी छोटे किसानों को समर्थन देने के लिए उत्पाद विकास, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और नीति-निर्माण के लिए ओपन-सोर्स डेटा का उपयोग करेगी।
- यह साझेदारी DiCRA (Data in Climate Resilient Agriculture) का भी लाभ उठाएगी, जो एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है तथा जो जलवायु-लचीले कृषि पर भू-स्थानिक डेटासेट प्रदान करता है।
- साझेदारी का उद्देश्य DiCRA जैसी सहयोगी डिजिटल सार्वजनिक पहलों को प्रसारित करना है।

## TCS ने लिविंग हार्ट प्रोजेक्ट में डसॉल्ट सिस्टम्स के साथ सहयोग किया

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS) ने बायो-फिजिकल सिमुलेशन के माध्यम से कार्डियोवास्कुलर साइंस में डिजिटल परिवर्तन लाने के लिए लिविंग हार्ट प्रोजेक्ट के हिस्से के रूप में डसॉल्ट सिस्टम्स के साथ साझेदारी की है।

- लिविंग हार्ट प्रोजेक्ट कार्डियोवैस्कुलर शोधकर्ताओं और अभ्यास करने वाले कार्डियोलॉजिस्ट के एक पारिस्थितिक तंत्र को एकजुट करता है।
- TCS डिजिटल मानव हृदय मॉडल विकसित करने में योगदान देने के लिए अपनी प्रौद्योगिकी विशेषज्ञता का उपयोग करेगी।
- डसॉल्ट सिस्टम्स अपने अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर समाधानों के लिए प्रसिद्ध है, जो ग्राहकों को आभासी अनुभवों का उपयोग करके नवीन उत्पाद और सेवाएँ बनाने में सशक्त बनाता है।
- डसॉल्ट सिस्टम्स के साथ सहयोग करके, टीसीएस हृदय विज्ञान के क्षेत्र में क्रांति लाने और अधिक कुशल और नैतिक चिकित्सा प्रगति का मार्ग प्रशस्त करने के लिए तैयार है।

## एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड का नायरा एनर्जी के साथ समझौता

एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (NGEL) और अंतरराष्ट्रीय स्तर की डाउनस्ट्रीम ऊर्जा कंपनी 'नायरा एनर्जी' ने 11 सितंबर, 2023 को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

- इस समझौते का उद्देश्य हरित हाइड्रोजन और हरित ऊर्जा क्षेत्र में अवसरों की पड़ताल करना है।
- इस एमओयू में नायरा एनर्जी के अपने उपयोग के लिए ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन करने, डीकार्बोनाइजेशन में तेजी लाने और कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के लिए सहयोग की परिकल्पना की गई है।
- एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड भारत की अग्रणी एकीकृत विद्युत उत्पादक कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है।
- यह साझेदारी ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन करने के लिए अत्याधुनिक तकनीकों का पता लगाएगी और उन्हें लागू करेगी।

## बिजनेस रिस्पॉन्सिबिलिटी एंड सस्टेनेबिलिटी रिपोर्टिंग पर कार्यशाला

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स (IICA) ने 12 सितंबर, 2023 को मुंबई में यूनिसेफ और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के सहयोग से बिजनेस रिस्पॉन्सिबिलिटी एंड सस्टेनेबिलिटी रिपोर्टिंग (BRSR) पर एक कार्यशाला का आयोजन किया।

- इस कार्यशाला में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR), पर्यावरण, सामाजिक और शासन (ESG) और व्यावसायिक मानवाधिकार (BHR) से जुड़े पेशेवरों ने भाग लिया।
- कार्यशाला का उद्देश्य BRSR की संरचना की व्यापक समझ प्रदान करना है।
- नेशनल गाइडलाइन फॉर रिस्पॉन्सिबल बिजनेस कंडक्ट (NGRBC) में कुल 9 सिद्धांत हैं, ये BRSR की बुनियाद के रूप में कार्य करते हैं।
- BRSR संरचना शीर्ष 1000 सूचीबद्ध कंपनियों और व्यवसायों के लिए पर्यावरण, सामाजिक और शासन (ESG) पहलुओं पर अपने प्रदर्शन की रिपोर्ट करने और जिम्मेदार व्यावसायिक प्रथाओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने के लिए एक अनिवार्य प्रकटीकरण तंत्र है।

## RBI का वित्तीय समावेश सूचकांक मार्च में 60.1 पर

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 15 सितंबर, 2023 को एक बयान में कहा कि मार्च 2023 में समाप्त वित्त वर्ष के लिए वित्तीय समावेश सूचकांक 60.1 अंक रहा है, जबकि मार्च, 2022 में यह 56.4 रहा था।

- इस दौरान सभी उप-सूचकांकों में वृद्धि दर्ज की गई है।
- आरबीआई का यह सूचकांक वित्तीय समावेश के विभिन्न पहलुओं से संबंधित आंकड़ों के संकलन पर आधारित है।
- इस सूचकांक को शून्य से लेकर 100 तक के मूल्य दायरे के आधार पर तैयार किया जाता है।
- रिजर्व बैंक ने अगस्त 2021 में सरकारी एवं विभिन्न नियामकों के साथ परामर्श के बाद एक समग्र सूचकांक की संकल्पना पेश की थी।
- इसमें बैंकिंग, निवेश, बीमा, डाक सेवा और पेंशन क्षेत्र से जुड़े ब्योरे शामिल होते हैं।
- वित्तीय समावेशन सूचकांक तीन व्यापक मानकों पर आधारित होता है। इसमें पहुंच का भारांश 35 प्रतिशत, उपयोग का भारांश 45 प्रतिशत और गुणवत्ता का भारांश 20 प्रतिशत होता है।

## RBI द्वारा I-CRR को वापस लेने का निर्णय

भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने 8 सितंबर, 2023 को चरणबद्ध तरीके से वृद्धिशील नकद आरक्षित अनुपात (I-CRR) को बंद करने का निर्णय लिया।

- इस निर्णय का उद्देश्य बैंकिंग प्रणाली में 2000 रुपये के नोटों की वापसी सहित विभिन्न कारकों से उत्पन्न अधिशेष तरलता को अवशोषित करना था।
- केंद्रीय बैंक कई चरणों में I-CRR के तहत बैंकों द्वारा रखी गई राशि जारी करेगा।
- I-CRR रिवर्सल के पहले और दूसरे चरण में प्रत्येक बैंक की जब्त धनराशि का 25% जारी किया जाएगा। शेष 50% राशि तीसरे चरण में जारी की जाएगी।
- RBI ने बैंकिंग प्रणाली में अतिरिक्त तरलता को प्रबंधित करने के लिये एक अस्थायी उपाय के रूप में I-CRR की शुरुआत की।
- I-CRR आमतौर पर एक अस्थायी उपाय माना जाता है। इसे तब शुरू किया जा सकता है, जब अतिरिक्त तरलता को अस्थायी रूप से अवशोषित करने की आवश्यकता होती है। ■

# अंतरराष्ट्रीय

## 18वां G20 शिखर सम्मेलन

नई दिल्ली में 9 और 10 सितंबर, 2023 को 18वें ळ20 शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह G20 देशों का पहला शिखर सम्मेलन था, जिसकी मेजबानी भारत ने की। इस सम्मेलन में वर्ष 2024 के लिए G-20 की अध्यक्षता ब्राजील को सौंपी गई।

**शिखर सम्मेलन के मुख्य बिंदुः**

- इस शिखर सम्मेलन का विषय (Theme) 'वसुधैव कुटुंबकम' था, जिसका अर्थ है 'विश्व एक परिवार है'।
- सम्मेलन के प्रथम दिन 9 सितंबर, 2023 को 55 देशों वाले अफ्रीकी संघ (African Union- AU) को G20 की स्थायी सदस्यता प्रदान की गई।
- कोमोरोस संघ के राष्ट्रपति और अफ्रीकी संघ (एयू) के अध्यक्ष अजाली असौमानी ने जी20 के स्थायी सदस्य के तौर पर आसन ग्रहण किया।
- सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने सिंगापुर, बांग्लादेश, इटली, अमेरिका, ब्राजील, अर्जेंटीना, मॉरीशस और संयुक्त अरब अमीरात के नेताओं के साथ 9 सितंबर 2023 को 'वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन' (Global Biofuel Alliance) का शुभारंभ किया।
- 18वें G20 शिखर सम्मेलन के मौके पर महत्वाकांक्षी भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (IMEC) की भी घोषणा की गई।
- प्रस्तावित IMEC में भारत को खाड़ी क्षेत्र से जोड़ने वाला एक पूर्वी गलियारा और खाड़ी क्षेत्र को यूरोप से जोड़ने वाला एक उत्तरी गलियारा शामिल होगा।
- नई दिल्ली शिखर सम्मेलन में जी20 ट्रोइका बैठक का भी आयोजन किया गया। ट्रोइका में इंडोनेशिया, भारत और ब्राजील देश शामिल हैं।
- भारत की G20 अध्यक्षता की प्रमुख प्राथमिकताओं में सतत विकास लक्ष्य और जलवायु कार्रवाई शामिल रही।
- G20 देशों की नई दिल्ली घोषणा में धारणीय विकास, खाद्य सुरक्षा जैसे विविध वैश्विक मुद्दों पर सहमति बनी।
- G20 देशों ने वर्ष 2030 तक वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को 3 गुना करने की दिशा में काम करने का संकल्प लिया।
- G-20 का गठन सितंबर 1999 में अंतरराष्ट्रीय वित्तीय स्थिरता को बनाए रखने के लिहाज से किया गया था।

## संयुक्त राष्ट्र महासभा का 78वां सत्र

संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) का 78वां सत्र 19 से 26 सितंबर, 2023 तक न्यूयार्क में आयोजित किया गया। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र की शुरुआत नए महासभा अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने की।

**यूएनजीए 78 के मुख्य बिंदुः**

- सत्र की थीमः "विश्वास का पुनर्निर्माण और वैश्विक एकजुटता को फिर से जागृत करनाः सभी के लिए शांति, समृद्धि, प्रगति और स्थिरता की दिशा में 2030 एजेंडा और इसके सतत विकास लक्ष्यों पर कार्रवाई में तेजी लाना"।
- सत्र में वैश्विक शांति प्राप्त करने के लिए जलवायु परिवर्तन, संघर्ष और गरीबी से उत्पन्न चुनौतियों के बारे में चर्चा की गई।
- विशेष रूप से विकास की कमी वाले क्षेत्रों में समृद्धि सुनिश्चित करना एक प्राथमिकता है। अन्य प्राथमिकताओं में उन्नत वित्तपोषण, प्रौद्योगिकी, ऋण स्थिरता और क्षमता निर्माण शामिल हैं।
- सदस्य देशों से शांति को बढ़ावा देने के साधन के रूप में कमजोर आबादी को सशक्त बनाने का आह्वान किया गया।
- साझा समृद्धि के महत्व और परिवर्तनकारी परिणामों के लिए आवश्यक संसाधनों को खोलने पर जोर दिया।
- प्रगति को गति देने में युवा, नवाचार और प्रौद्योगिकी की भूमिका पर प्रकाश डाला गया।
- सदस्य देशों से स्थिरता को प्राथमिकता देने और प्रभावी समस्या-समाधान के लिए सच्चे बहुपक्षवाद में संलग्न होने का आग्रह किया गया।
- 18 सितंबर, 2023 को विश्व नेताओं ने 17 सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) को लागू करने पर कार्रवाई में तेजी लाने के लिए एक ऐतिहासिक राजनीतिक घोषणा-पत्र को अपनाया।
- उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा के हिस्से के रूप में 18-19 सितंबर, 2023 के मध्य न्यूयॉर्क में SDG सम्मेलन 2023 का आयोजन किया गया।
- एसडीजी सम्मेलन में 2030 एजेंडा और इसके 17 सतत विकास लक्ष्यों के कार्यान्वयन की समीक्षा की गई।

## भारत-संयुक्त राष्ट्र क्षमता निर्माण पहल

भारत और संयुक्त राष्ट्र ने 24 सितंबर, 2023 को वैश्विक दक्षिण (Global South) के लिए संयुक्त क्षमता निर्माण पहल का शुभारंभ किया।

- इस पहल (India-UN Capacity Building Initiative) का उद्देश्य भारत के विकास के अनुभव, सर्वोत्तम प्रक्रिया और विशेषज्ञता को ग्लोबल साउथ के देशों के साथ साझा करना है।
- इस पहल की घोषणा 23 सितंबर, 2023 को न्यूयॉर्क में 'इंडिया-यूएन फॉर द ग्लोबल साउथ-डिलीवरिंग फॉर डेवलपमेंट' नामक एक कार्यक्रम में की गई थी।
- भारत संयुक्त राष्ट्र अभियान पहले से चल रहे भारत संयुक्त राष्ट्र विकास भागीदारी कोष से जुड़ेगा।
- इसके अंतर्गत पिछले 6 वर्ष से 61 देशों में चल रही 75 विकास परियोजनाएं हैं।
- इस अभियान के अंतर्गत संयुक्त राष्ट्र भारत टीम और बिल एंड मिलिंडा फाउडेंशन भारत के तकनीकी और आर्थिक सहयोग मंच के जरिए सहयोग करेंगे।
- यह पहल भारत की अध्यक्षता में जी20 शिखर सम्मेलन के निष्कर्षों को लागू करने का काम करेगी।
- ग्लोबल साउथ में अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और कैरेबियन देश, एशिया (इजरायल, जापान और दक्षिण कोरिया को छोड़कर) ओशिनिया (ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड को छोड़कर) शामिल हैं।

## 11वें IBSA त्रिपक्षीय मंत्रिस्तरीय आयोग की बैठक

11वें IBSA त्रिपक्षीय मंत्रिस्तरीय आयोग की बैठक 22 सितंबर, 2023 को 78वें संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र 2023 के मौके पर न्यूयॉर्क में आयोजित की गई थी। बैठक की मेजबानी ब्राजील के विदेश मंत्री ने की थी।

- आईबीएसए का मुख्य उद्देश्य दक्षिण-दक्षिण सहयोग के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों पर समन्वय को बढ़ावा देना है।
- IBSA भारत, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका का डायलॉग फोरम है, जिसकी स्थापना वर्ष 2003 में की गई थी।
- बैठक में भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर, ब्राजील के विदेश मंत्री माउरो विएरा और दक्षिण अफ्रीका के अंतरराष्ट्रीय संबंध और सहयोग मंत्री ग्रेस नलेदी पंडोर ने भाग लिया।
- इस बैठक में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार और एशिया, अफ्रीका लैटिन अमेरिका के विकासशील देशों के अधिक प्रतिनिधित्व का आह्वान किया गया।
- IBSA की पहली शिखर-स्तरीय बैठक 2006 में ब्राजील में आयोजित की गई थी।

## अमेरिका में 25वीं आईएसएस आयोजित

भारतीय नौसेना प्रमुख (सीएनएस) एडमिरल आर. हरि कुमार ने संयुक्त राज्य अमेरिका में आयोजित 25वें अंतरराष्ट्रीय समुद्री शक्ति संगोष्ठी (आईएसएस) में भाग लिया।

- इस कार्यक्रम का आयोजन 19 से 22 सितंबर, 2023 तक अंतरराष्ट्रीय समुद्री शक्ति संगोष्ठी (आईएसएस) अमेरिकी नौसेना द्वारा यूएस नेवल वॉर कॉलेज न्यूपोर्ट रोड आइलैंड में किया गया।
- कार्यक्रम के दौरान संयुक्त राज्य अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, मिस्र, फिजी, इजरायल, इटली, जापान, केन्या, पेरू, सऊदी अरब, सिंगापुर और ब्रिटेन सहित विभिन्न देशों के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी की गई।
- यह कार्यक्रम हिंद-प्रशांत क्षेत्र एवं अंतरराष्ट्रीय नियम आधारित व्यवस्था के विजन को साकार करने की दिशा में भारतीय नौसेना की दृढ़ता का प्रदर्शन है।
- भारत और अमेरिका की नौसेनाओं के बीच मालाबार, 'सी ड्रैगन', 'रिम ऑफ द पैसिफिक एक्सरसाइज' (आरआईएमपीएसी) और 'टाइगर ट्रायम्फ' जैसे द्विपक्षीय तथा बहुपक्षीय अभ्यासों में संचालनात्मक भागीदारी तलाशने पर विचार-विमर्श किया गया।
- कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षित कर्मियों की भर्ती के संदर्भ में मानव संसाधन प्रबंधन की चुनौतियों, अग्निपथ योजना, महिलाओं को सशक्त बनाने और भारतीय नौसेना को लिंग-तटस्थ बल में चलाने की दिशा में भारत की पहल के बारे में चर्चा की गई।

## भारत-सऊदी अरब ने 8 समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

भारत और सऊदी अरब ने ऊर्जा सहित 8 क्षेत्रों में सहयोग पर 11 सितंबर, 2023 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

**8 समझौता ज्ञापन**

1. भारत के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय और सऊदी अरब के ऊर्जा मंत्रालय के बीच ऊर्जा के क्षेत्र में समझौता ज्ञापन।
2. डिजिटलीकरण और इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण के क्षेत्र में सऊदी अरब के संचार और आईटी मंत्रालय और भारत के MEITY के बीच सहयोग ज्ञापन।
3. भारत के केंद्रीय सतर्कता आयोग (CVC) और सऊदी ओवरसाइट एंड एंटी करप्शन अथॉरिटी के बीच समझौता ज्ञापन।
4. अभिलेखीय सहयोग के क्षेत्र में भारत के राष्ट्रीय अभिलेखागार और सऊदी अरब के किंग अब्दुलअजीज फाउंडेशन के बीच सहयोग ज्ञापन।
5. इन्वेस्ट इंडिया और सऊदी अरब के निवेश मंत्रालय के बीच द्विपक्षीय निवेश बढ़ाने पर सहयोग की रूपरेखा पर समझौता।
6. सऊदी एक्जिम बैंक और एक्जिम बैंक ऑफ इंडिया के बीच समझौता ज्ञापन।
7. सिडबी और सऊदी अरब के एसएमई बैंक के बीच लघु और मध्यम उद्यम बैंक की स्थापना और तकनीकी क्षेत्र में सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन।
8. भारत के राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान और सऊदी अरब के खारा जल रूपांतरण निगम के बीच समुद्री जल अलवणीकरण पर समझौता ज्ञापन।

## भारत और अमेरिका के बीच 2+2 अंतरसत्रीय संवाद वाशिंगटन में आयोजित

अमेरिका के वाशिंगटन में 26 सितंबर, 2023 को भारत-अमेरिका 2+2 अंतरसत्रीय वार्ता आयोजित की गई।

- आपसी संबंधों में बदलाव की गति का उल्लेख करते हुए दोनों देशों ने मिल-जुलकर और संचालन व्यवस्था में सहयोग को आगे मजबूत करने के अवसरों के संबंध में चर्चा की।
- दोनों देशों ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में संयुक्त समुद्री गतिविधियों के संबंध में विचार-विमर्श किया।
- अंतरिक्ष और साइबर क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर भी बातचीत हुई।
- दोनों पक्षों ने संपूर्ण हिंद प्रशांत क्षेत्र में क्षेत्रीय सुरक्षा संबंधी गतिविधियों और सामरिक प्राथमिकताओं के संबंध में बातचीत की।
- 2+2 अंतरसत्रीय संवाद में भारत और अमेरिका के बीच व्यापक स्तर पर साझेदारी से जुड़ी महत्वाकांक्षी पहलों के संबंध में आगे चर्चा हुई।
- इसमें प्रतिरक्षा, उभरती प्रौद्योगिकी, लोगों के बीच आपसी संपर्क, स्वच्छ ऊर्जा और आपूर्ति श्रृंखला में लचीलेपन (Supply Chain Resilience) जैसे मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

## डैनियल तूफान

हाल ही में डैनियल तूफान (Storm Daniel) के कारण लीबिया तथा ग्रीस जैसे देशों में व्यापक क्षति देखी गई।

- डेनियल, एक तीव्र भूमध्यसागरीय तूफान है। तीव्र भूमध्यसागरीय तूफान को 'मेडिकेन' (medicane) भी कहा जाता है।
- इस तूफान ने भूमध्य सागर में जाने से पहले ग्रीस में विनाशकारी बाढ़ ला दी थी, जो एक उष्णकटिबंधीय चक्रवात में बदल गई।
- डैनियल तूफान के कारण लीबिया में 5,000 से अधिक लोगों के मारे जाने और 10 हजार से ज्यादा लोगों के लापता होने की आशंका है।
- समुद्री तूफान डैनियल की वजह से सबसे ज्यादा खराब स्थिति लीबिया के समुद्री तट के किनारे स्थित शहर डेर्ना (Derna) की है। डेर्ना में दो डैम थे, तूफान और बाढ़ से ये टूट गए।
- लीबिया के प्रधानमंत्री ने 11 सितंबर, 2023 को तीन दिन के शोक की घोषणा की और देश भर में झंडों को आधा झुकाने का आदेश दिया।

## भारत और बांग्लादेश ने 3 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए

भारत और बांग्लादेश ने 9 सितंबर, 2023 को 3 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए।

- डिजिटल भुगतान तंत्र में सहयोग पर भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) और बांग्लादेश बैंक के बीच पहले समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- दूसरा समझौता ज्ञापन 2023-2025 के लिए सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के नवीनीकरण पर केंद्रित है।
- तीसरे समझौता ज्ञापन पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और बांग्लादेश कृषि अनुसंधान परिषद के बीच हस्ताक्षर किए गए।

## मैक्सिको में गर्भपात अपराध की श्रेणी से बाहर

मैक्सिको के सर्वोच्च न्यायालय ने 6 सितंबर, 2023 को देश में गर्भपात को विधिसंगत ठहराया है।

- न्यायालय ने कहा कि गर्भपात के लिए दंडित करने वाली व्यवस्था असंवैधानिक है, क्योंकि यह महिलाओं के मानवाधिकार का हनन है।
- वर्ष 2021 में गर्भपात को अपराध की श्रेणी से निकाल दिया गया था, लेकिन तब यह सिर्फ 2 राज्यों पर लागू हुआ था।
- मैक्सिको में गर्भपात कराने वाली महिलाओं पर 3 वर्ष तक की जेल और जुर्माना लगाया जाता था।
- मैक्सिको के 12 राज्यों ने पहले ही गर्भपात को अपराध की श्रेणी से बाहर कर दिया था।

## सातो किल्मन वानुअतु के प्रधानमंत्री निर्वाचित

प्रशांत द्वीपीय राष्ट्र वानुअतु की संसद ने 5 सितंबर, 2023 को सातो किल्मन को देश के नए प्रधानमंत्री के रूप में चुना है।

- यह निर्णय एक अदालत द्वारा किल्मन के पूर्ववर्ती के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को बरकरार रखने के बाद आया।
- पीपुल्स प्रोग्रेसिव पार्टी के नेता सातो किल्मन को 27 मतों से चुना गया।
- गुप्त मतदान में उनके प्रतिद्वंद्वी कालसाकाउ को 23 मत मिले।
- 65 वर्षीय किल्मन मई 2023 में अपदस्थ होने से पहले कालासाकाउ की सरकार में उप प्रधानमंत्री के पद पर थे।
- वानुअतु 83 द्वीपों का एक द्वीपसमूह है, जिनमें से 16 द्वीपों पर बसावट है।

## नेपाल के ललितपुर में काठमांडू-कलिंग साहित्य महोत्सव

नेपाल के ललितपुर में 1-3 सितंबर, 2023 को तीन दिवसीय काठमांडू-कलिंग साहित्य महोत्सव आयोजित किया गया।

- यशस्वी अकादमी, नेपाल और भारत के कलिंग साहित्य महोत्सव-केएलएफ द्वारा संयुक्त रूप से इस महोत्सव को आयोजित किया गया था।
- नेपाल, भारत, भूटान, बांग्लादेश और श्रीलंका के साहित्यकार इस महोत्सव में शामिल हुए।
- इस आयोजन ने दक्षिण एशिया में साहित्यिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देते हुए संस्कृति के आदान-प्रदान में अपनी भूमिका निभाई।
- प्रोफेसर अवधेश प्रधान, अभिनेत्री और लेखिका दिव्या दत्ता, प्रोफेसर माधव प्रसाद पोखरेल और अभिनेत्री मनीषा कोइराला को 'यशस्वी साहित्य सम्मान' से सम्मानित किया गया। ■

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी



## समुद्री टार्डिग्रेड की एक नई प्रजाति की खोज

कोचीन यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (CUSAT) के शोधकर्ताओं ने हाल ही में दक्षिण-पूर्व तमिलनाडु के मंडपम (Mandapam) में समुद्री टार्डिग्रेड (Marine Tardigrade) की एक नई प्रजाति की खोज की है।

- शोधकर्ताओं ने समुद्री टार्डिग्रेड की एक नई प्रजाति का नाम दिवंगत पूर्व राष्ट्रपति और वैज्ञानिक ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के नाम पर 'बैटिलिप्स कलामी' (Batillipes kalami) रखा है।
- टार्डिग्रेड्स की यह नई प्रजाति शोधकर्ताओं को रामेश्वरम में पूर्व राष्ट्रपति कलाम के जन्मस्थान के करीब, मंडपम तट के अंतरराष्ट्रीय समुद्र तट तलछट में मिली।
- बैटिलिप्स कलामी भारतीय जल क्षेत्र से खोजा जाने वाला दूसरा समुद्री टार्डिग्रेड है और पूर्वी तट से खोजा जाने वाला पहला है।
- वर्ष 2021 में, दक्षिण-पश्चिमी तट से एक समुद्री टार्डिग्रेड की खोज की गई थी और केरल राज्य के नाम पर इसका नाम 'स्टाइगारक्टस केरलेंसिस' रखा गया।
- बैटिलिप्स कलामी बैटिलिप्स वंश (जीनस) की 37वीं प्रजाति है।
- टार्डिग्रेड्स, जिन्हें वाटर बियर के नाम से भी जाना जाता है, पानी में पाए जाने वाले 8 पैरों वाले सूक्ष्म जीव हैं।

## गुरुत्वाकर्षण अस्थिरता और आकाशगंगा विकास

हाल ही में भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान (IIA) द्वारा एक अध्ययन जारी किया गया, जिसका उद्देश्य गुरुत्वाकर्षण अस्थिरता (Gravitational Instabilities) और आकाशगंगा विकास (Galaxy Evolution) के बीच संबंधों को समझना है।

- शोधकर्ताओं ने स्पिट्जर फोटोमेट्री और एक्यूरेट रोटेशन कर्व्स (SPARC) डेटाबेस से 175 आकाशगंगाओं के नमूने के स्थिरता स्तर का विश्लेषण कर आस-पास की आकाशगंगाओं में गुरुत्वाकर्षण अस्थिरता वृद्धि के लिये तारों की निर्माण दर, गैस अंश और समय के पैमाने की तुलना की।
- अध्ययन में जाँच की गई कि आकाशगंगाओं में स्थिरता के स्तर को कैसे नियंत्रित किया जाता है, जिसमें डार्क मैटर की संभावित भूमिका भी शामिल है।
- अध्ययन में यह निर्धारित करने की कोशिश की गई कि क्या तारे और गैस स्थिरता के स्तर को स्व-विनियमित कर सकते हैं।
- गुरुत्वाकर्षण अस्थिरता एक मौलिक भौतिक घटना को संदर्भित करती है, जो खगोल भौतिकीय प्रणालियों, विशेष रूप से आकाशगंगाओं, तारों और ग्रहीय प्रणालियों जैसे आकाशीय पिंडों में घटित होती है।
- ये अस्थिरताएं गुरुत्वाकर्षण बल से प्रेरित होती हैं और इन ब्रह्मांडीय कार्यप्रणालियों की संरचना, विकास और गतिशीलता को आकार देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

## निपा संक्रमण का पता लगाने हेतु ट्रूनेट टेस्ट को मंजूरी

केरल के कोझिकोड में फैले निपा वायरस संक्रमण से निपटने हेतु राज्य की स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (ICMR) ने 20 सितंबर, 2023 को ट्रूनेट जांच (TrueNat test) की अनुमति दे दी।

- ICMR की इस मंजूरी के साथ, केरल राज्य में अब अधिक प्रयोगशालाओं में ट्रूनेट टेस्ट का उपयोग करके निपा वायरस (NiV) का निदान करने की क्षमता होगी।
- TrueNat एक चिप-आधारित, बैटरी से चलने वाला RT-PCR किट है।
- इसके तहत कुछ अस्पतालों में सचल, स्मार्ट चिप आधारित और बैटरी से संचालित आरटी-पीसीआर (RT-PCR) किट से जांच की जा सकेगी।
- ट्रूनेट जांच की अनुमति द्वितीय श्रेणी की जैव सुरक्षा (BSL 2) से लैस अस्पतालों को दी गई है।
- द्वितीय श्रेणी की जैव सुरक्षा में सख्त प्रोटोकॉल का अनुपालन किया जाता है, ताकि नमूनों से संक्रमण को फैलने से रोका जा सके।
- निपा संक्रमण की पुष्टि होने वाले नमूनों की जाँच तिरुवनंतपुरम, थोन्नाक्कल या कोझिकोड की प्रयोगशाला में की जा सकेगी।
- निपा वायरस एक जूनोटिक वायरस है, यानी यह जंतुओं से इंसानों में संचरित होता है।

## गुजरात में दुर्लभ धातु वैनेडियम की खोज

हाल ही में भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण (GSI) ने गुजरात में अलंग के पास खंभात की खाड़ी से एकत्र किए गए तलछट के नमूनों में दुर्लभ धातु 'वैनेडियम' (Vanadium) की खोज की है।

- खंभात की खाड़ी में, इसकी पहचान खनिज टिटानोमैग्नेटाइट के भीतर की गई है, जो पिघले हुए लावा के तेजी से ठंडा होने से बनता है।
- प्राकृतिक रूप से अपने शुद्ध रूप में दुर्लभ रूप से पाया जाने वाला वैनेडियम 55 से अधिक विभिन्न खनिजों में मौजूद होता है।

### वैनेडियम का उपयोग

- स्टील मिश्र धातु के उत्पादन के लिए,
- बैटरी निर्माण में,
- रक्षा और एयरोस्पेस में,
- ऊर्जा भंडारण और महत्वपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक घटकों (पुर्जों) को बनाने में।

### सूर्य के अध्ययन के लिए मिशन : 'आदित्य-एल1' लॉन्च

इसरो ने पीएसएलवी-सी 57 (PSLV-C57) प्रक्षेपण यान से 2 सितंबर, 2023 को सूर्य के अध्ययन के लिए "आदित्य-एल1" को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया।

- यह लॉन्चिंग श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से की गई। आदित्य-एल1 भारत का पहला सूर्य मिशन है।
- आदित्य एल-1 अंतरिक्ष यान जिस निश्चित स्थान तक जाएगा, उसे लैग्रेंज प्वाइंट 1 (एल-1) [Lagrange point 1 (L1)] कहते हैं। ये दूरी पृथ्वी और सूर्य की दूरी का मात्र 1 प्रतिशत है।
- सूर्य के अध्ययन के लिए 'आदित्य एल-1' को धरती से 15 लाख किलोमीटर दूर सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के 'लैग्रेंज-1' बिंदु तक पहुंचने में 125 दिन लगेंगे।
- धरती और सूर्य के बीच लैग्रेंज प्वाइंट ही वह जगह है, जहां से सूर्य को बिना किसी ग्रहण या अवरोध के देखा जा सकता है।
- आदित्य एल1 के साथ 7 पेलोड भेजे गए हैं, जो सूर्य का विस्तृत अध्ययन करेंगे।
- 4 पेलोड सूर्य के प्रकाश का अध्ययन करेंगे और 3 सूर्य के प्लाज्मा और चुंबकीय क्षेत्र का अध्ययन करेंगे।

### कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करने की एक नवीन पद्धति

भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc) के वैज्ञानिकों ने कैंसर कोशिकाओं का संभावित रूप से पता लगाने और उन्हें खत्म के लिए एक नवीन पद्धति विकसित की है। इन कैंसर कोशिकाओं में विशेष रूप से वे कोशिकाएं शामिल हैं, जो एक ठोस 'ट्यूमर' बनाती हैं।

- इससे संबंधित शोध अध्ययन हाल ही में 'एसीएस एप्लाइड नैनो मैटेरियल्स' (ACS Applied Nano Materials) नामक जर्नल में प्रकाशित किया गया।
- वैज्ञानिकों द्वारा सोने और तांबे के सल्फाइड से हाइब्रिड नैनो कण बनाए गए, जो ताप का उपयोग करके कैंसर कोशिकाओं को खत्म कर सकते हैं और ध्वनि तरंगों का उपयोग करके उनका पता लगा सकते हैं।
- सोने और तांबे के सल्फाइड से बने ये हाइब्रिड नैनोकण गर्मी का उपयोग करके कैंसर कोशिकाओं को मार सकते हैं।
- कॉपर सल्फाइड नैनोकणों का उपयोग कैंसर निदान में किया जाता है।

### जापान द्वारा 'मून स्नाइपर' चंद्र लैंडर SLIM का प्रक्षेपण

जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (JAXA) ने 7 सितंबर, 2023 को 'मून स्नाइपर' चंद्र लैंडर स्मार्ट लैंडर फॉर इन्वेस्टिगेटिंग मून (SLIM) को अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया।

- प्रक्षेपण H2A रॉकेट के द्वारा दक्षिणी जापान के तनेगाशिमा अंतरिक्ष केंद्र से किया गया।
- यह मिशन चांद की सतह पर फरवरी 2024 में लैंड करेगा।
- जापान का लक्ष्य चंद्रमा की सतह पर अपने लक्ष्य स्थल के 100 मीटर के भीतर SLIM को उतारना है।
- संभावित लैंडिंग साइट मेयर नेक्टारिस (Mare Nectaris) है, जिसे चांद का समुद्र कहा जाता है। यह चांद पर सबसे ज्यादा अंधेरे वाला धब्बा कहा जाता है।
- SLIM में एडवांस्ड ऑप्टिकल और इमेज प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजी लगी है।
- SLIM एक छोटा अंतरिक्ष यान है, जिसकी ऊंचाई 2.4 मीटर, लंबाई 2.7 मीटर और चौड़ाई 1.7 मीटर है।
- यदि SLIM लैंडर चांद पर सफलतापूर्वक उतरता है, तो इससे जापान चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग कराने वाला विश्व का पांचवां देश बन जाएगा।

### स्टेम कोशिकाओं से कृत्रिम भ्रूण का विकास

इजरायल के वीजमैन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस के वैज्ञानिकों ने हाल ही में प्रयोगशाला में विकसित स्टेम कोशिकाओं का उपयोग करके सफलतापूर्वक मानव भ्रूण का पूर्ण सिंथेटिक मॉडल विकसित किया।

- कृत्रिम भ्रूणों का पोषण गर्भ के बाहर किया गया और वे विकास के 14 दिनों तक जीवित रहे।
- यह खोज, जिसे 1 अगस्त को पीयर-रिव्यू जर्नल सेल में प्रकाशित किया गया था, यह पहली बार है कि किसी भी प्रजाति का एक उन्नत भ्रूण अकेले स्टेम कोशिकाओं से बनाया गया है।

### विश्व का पहला पोर्टेबल अस्पताल 'आरोग्य मैत्री क्यूब'

भारतीय वैज्ञानिकों ने विश्व का एक ऐसा अनोखा आपदा अस्पताल तैयार किया है, जो सिर्फ 8 मिनट में सक्रिय हो जाएगा।

- यह विश्व का पहला आपदा अस्पताल है, जिसे एयरलिफ्ट किया जा सकता है।
- इस अस्पताल को 'आरोग्य मैत्री' नाम दिया गया है।
- 'आरोग्य मैत्री क्यूब' परियोजना में ऑपरेशन थिएटर, मिनी-ICU, वेंटिलेटर एवं अन्य सुविधाएँ शामिल हैं।
- इस अस्पताल को 72 क्यूब्स में पैक किया जा सकता है, जो प्राकृतिक आपदाओं के दौरान आवश्यक चिकित्सा आपूर्ति प्रदान कर सकता है।
- क्यूब्स को 48 घंटों तक 100 जीवित बचे लोगों को सहारा देने के लिए डिजाइन किया गया है और 200 बचे लोगों को समायोजित करने के लिए इन्हें एक साथ जोड़ा जा सकता है।
- ये क्यूब्स 40 गोलियों की चोटें, 25 बड़े रक्तस्राव, 25 बड़े जलने, लगभग 10 सिर की चोटों, छाती की चोटों और रीढ़ की हड्डी के फ्रैक्चर सहित कई गंभीर चोटों को संभाल सकते हैं।



## भारत की पहली ग्रीन हाइड्रोजन ईंधन बस का शुभारंभ

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने 25 सितंबर, 2023 को नई दिल्ली में इंडिया गेट से देश की पहली हाइड्रोजन ईंधन बस को हरी झंडी दिखाई।

- हाइड्रोजन ईंधन बसें 2070 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन तक पहुंचने के भारत के लक्ष्य की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।
- इंडियन ऑयल ने दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में ग्रीन हाइड्रोजन ईंधन से चलने वाली 15 बसों के परिचालन परीक्षण की शुरुआत करने की पहल की है।
- इस नई तकनीक के प्रदर्शन और स्थायित्व के मूल्यांकन के लिए सभी बसें 3 लाख किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करेंगी।
- ईंधन सेल बस, बिजली उत्पन्न करने के लिए हाइड्रोजन और वायु का उपयोग करती है और बस से निकलने वाला एकमात्र अपशिष्ट जल है।
- यह पारंपरिक बसों जो पेट्रोल और डीजल से चलती हैं, के मुकाबले पर्यावरण के काफी अनुकूल है।
- हाइड्रोजन को भविष्य का ईंधन माना जाता है, जिसमें भारत के डीकार्बोनाइजेशन के लक्ष्य को पूरा करने में मदद करने की अपार क्षमता है।
- 2050 तक हाइड्रोजन की वैश्विक मांग 4 से 7 गुना बढ़कर 500-800 मिलियन टन होने की संभावना है।

## वीरांगना दुर्गावती बाघ अभयारण्य देश का 55वां बाघ अभयारण्य

केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने वीरांगना दुर्गावती बाघ अभयारण्य को मध्य प्रदेश के 7वें बाघ अभयारण्य के रूप में अधिसूचित किया है।

- भारत में अधिसूचित बाघ अभयारण्यों की कुल संख्या अब 55 हो गई है। राजस्थान का धौलपुर करौली बाघ अभयारण्य देश का 54वां बाघ अभयारण्य था।
- अब तक, मध्य प्रदेश में 6 बाघ अभयारण्य थे - कान्हा, बांधवगढ़, सतपुड़ा, पेंच, पन्ना और संजय-डुबरी।
- जंगली जानवरों के संरक्षण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वीरांगना दुर्गावती बाघ अभयारण्य को अधिसूचित किया गया है।
- वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व मध्य प्रदेश के सागर, दमोह और नरसिंहपुर जिलों में 2,339 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है।
- मध्य प्रदेश में बाघों की सबसे अधिक संख्या है, इस राज्य को "बाघ स्टेट" का दर्जा मिला है। प्रदेश में बाघों की संख्या अब 785 हो गई है, जो वर्ष 2018 में 526 थी।

## बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में हाथी महोत्सव

मध्य प्रदेश के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में सात दिनों तक चलने वाला हाथी महोत्सव 21 से 27 सितंबर, 2023 तक आयोजित किया गया।

- मध्य प्रदेश में हाथी महोत्सव 2023 का उद्देश्य ग्रामीणों को हाथियों के बारे में शिक्षित करना और जंगली जानवरों के बारे में गलत धारणाओं को दूर करना है।
- सतपुड़ा पहाड़ी श्रृंखला में स्थित बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व, अपनी विविध स्थलाकृति के कारण अद्वितीय है।

## गंगा बेसिन में उष्णकटिबंधीय तूफानों की तीव्रता में वृद्धि का अनुमान

ब्रिटेन के न्यूकैसल विश्वविद्यालय के नेतृत्व में किए गए एक शोध में कहा गया है कि वर्ष 2050 के दशक तक, गंगा के तटीय क्षेत्र में उष्णकटिबंधीय तूफानों की तीव्रता करीब 20 प्रतिशत बढ़ जाएगी। यह शोध हाल ही में जियोफिजिकल रिसर्च लेटर्स नामक जर्नल में प्रकाशित किया गया।

### शोध के मुख्य बिंदु

- भारत के पूर्वी तट के साथ, बांग्लादेश के निचले क्षेत्रों में व्यापक पैमाने पर नुकसान हो सकता है।
- गंगा और मेकांग नदियों के निचले डेल्टा क्षेत्रों में तूफानों की तीव्रता में वृद्धि, किन्तु तूफानों की संख्या में 50 प्रतिशत से अधिक की कमी आने का अनुमान है।
- 2010 की शुरुआत तक इन दोनों ही नदी बेसिनों में आने वाले उष्णकटिबंधीय तूफानों की आवृत्ति बढ़ गई थी।
- अगले 27 वर्षों में इनकी आवृत्ति औसतन 50 प्रतिशत से अधिक घट जाएगी, जबकि 2050 तक गंगा बेसिन में आने वाले तूफान पहले से करीब 19.2 प्रतिशत ज्यादा शक्तिशाली होंगे।
- इन शक्तिशाली तूफानों की वजह से लोगों को तेज हवाओं, भारी बारिश और अन्य महत्वपूर्ण प्रभावों का सामना करना पड़ेगा, जिनमें बाढ़ भी शामिल है।
- गंगा और मेकांग बेसिन एशिया की दो महत्वपूर्ण नदी प्रणालियों का हिस्सा हैं, जो इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

- गंगा बेसिन भारत, तिब्बत (चीन), नेपाल और बांग्लादेश में करीब 10,86,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में विस्तृत है।
- मेकांग नदी हिमालय के पठार से निकलती है तथा म्यांमार, लाओस, थाईलैंड, कंबोडिया और दक्षिणी वियतनाम से होते हुए दक्षिण चीन सागर से मिल जाती है।

## बांध सुरक्षा पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

जल शक्ति मंत्रालय के जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग ने 14-15 सितंबर, 2023 को जयपुर में बांध सुरक्षा पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (ICDS) का आयोजन किया।

- इस सम्मेलन का उद्घाटन भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा "Safe & Secure Dams Ensure Nation's Prosperity" विषय के तहत किया गया।
- ICDS 2023 का उद्देश्य क्षेत्र में विशेषज्ञों और नेताओं के बीच चर्चा की सुविधा प्रदान करके और सुरक्षित बांधों के महत्व को बढ़ावा देकर विश्व स्तर पर बांध सुरक्षा को मजबूत करना है।
- यह कार्यक्रम बांध सुरक्षा बढ़ाने, अत्याधुनिक विषयों पर चर्चा करने और बांध पुनर्वास और सुधार परियोजना चरण द्वितीय और तृतीय पर प्रकाश डालने पर केंद्रित है।

## ब्रिटेन द्वारा 'हरित जलवायु कोष' के लिए 2 अरब अमेरिकी डॉलर की घोषणा

10 सितंबर, 2023 को ब्रिटेन ने जलवायु परिवर्तन से निपटने हेतु हरित जलवायु कोष (जीसीएफ) के लिए 2 अरब अमेरिकी डॉलर प्रदान करने की घोषणा की।

- ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने और विश्व के कमजोर लोगों की मदद करने के लिए यह वित्तीय योगदान देने की घोषणा की है।
- इस प्रतिबद्धता का उद्देश्य विकासशील देशों को कार्बन उत्सर्जन और उनके पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के प्रयासों में सहायता करना है।
- हरित जलवायु कोष (जीसीएफ), संयुक्त राष्ट्र की जलवायु परिवर्तन वार्ता के ढांचे के भीतर स्थापित किया गया था।
- हरित जलवायु कोष का प्राथमिक उद्देश्य विकासशील देशों को विभिन्न जलवायु-संबंधित लक्ष्यों के लिए आवश्यक वित्तीय संसाधनों के प्रवाह को सुविधाजनक बनाना है।
- इन लक्ष्यों में कार्बन उत्सर्जन को कम करना, स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देना और गर्म होते ग्रह के परिणामों को अपनाना शामिल है।

## देश की पहली सोलर सिटी 'सांची'

6 सितंबर, 2023 को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देश की पहली सोलर सिटी सांची का लोकार्पण किया।

- मध्य प्रदेश सरकार का लक्ष्य सांची में कार्बन उत्सर्जन कम करना एवं नेट जीरो शहर बनाना है।
- सांची में नागौरी पहाड़ी पर 5.5 हेक्टेयर क्षेत्र में सोलर प्लांट लगाया गया है। यहां 3 मेगावाट बिजली का उत्पादन किया जा रहा है।
- ये सौर पैनल 2.3 लाख पेड़ों के बराबर हैं। इसके प्रयोग से सालाना 13,747 टन कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन में कमी आएगी।
- सांची में रेलवे स्टेशन, स्कूल, सरकारी कार्यालय, स्ट्रीट लाइट जैसे तमाम संस्थानों में रूफ टॉप सोलर पैनल लगाए गए हैं। घरों में भी सोलर स्टडी लैम्प का प्रयोग किया जा रहा है।
- नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विकास निगम द्वारा बिजली की खपत कम करने के लिए 1800 घरों में एलईडी बल्ब, ट्यूबलाइट आदि उपकरणों का न्यूनतम दरों में वितरण किया जाएगा।

## 13 हिमालयी राज्यों की वहन क्षमता का मूल्यांकन करने का प्रस्ताव

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से देश के 13 हिमालयी राज्यों को उनकी 'वहन क्षमता' (carrying capacity) का आकलन करने का निर्देश देने का आग्रह किया है और उनमें से प्रत्येक राज्य द्वारा प्रस्तुत कार्य योजनाओं का मूल्यांकन करने के लिए एक विशेषज्ञ पैनल की स्थापना का प्रस्ताव दिया है।

- 'वहन क्षमता' वह अधिकतम जनसंख्या आकार है, जिसे कोई पारिस्थितिक तंत्र खराब हुए बिना बनाए रख सकता है।
- 13 हिमालयी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, असम और पश्चिम बंगाल शामिल हैं।
- पर्यावरण और वन मंत्रालय ने प्रत्येक पर्वतीय क्षेत्र की सटीक वहन क्षमता का निर्धारण करते समय हिल-स्टेशन की क्षमताएं और जरूरी पहलुओं की पहचान करने की आवश्यकता पर जोर दिया है।
- 13 हिमालयी राज्यों में से प्रत्येक में एक समिति के गठन की मांग की गई है।
- इस पैनल को जी.बी. पंत इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन एनवायरमेंट द्वारा तैयार दिशा-निर्देशों के अनुसार अध्ययन करना चाहिए।
- जीबी पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय का एक संस्थान है।

## ग्लोबल वार्मिंग के कारण भारत में भूजल की कमी 3 गुना हो जाएगी

अमेरिका स्थित मिशिगन विश्वविद्यालय द्वारा किये गये एक नवीनतम अध्ययन के अनुसार ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों के कारण भारत में भूजल की कमी दर 2041 और 2080 के बीच 3 गुना हो जाएगी।

- अध्ययन में, जलवायु के गर्म होने के चलते भूजल के दोहन में हालिया बदलावों का विश्लेषण किया गया है।

- अध्ययन में, भूजल के स्तर के ऐतिहासिक आंकड़ों और भारत में भूजल में कमी के भविष्य के आंकड़ों का आकलन किया गया।
- भारत विश्व में भूजल का सबसे बड़ा उपभोक्ता है, क्षेत्रीय और वैश्विक खाद्य आपूर्ति के लिए भूजल एक महत्वपूर्ण संसाधन है।
- जलवायु के गर्म होने के कारण भारत में किसान सिंचाई के लिए भूजल का अधिक दोहन करने के लिए मजबूर हुए हैं।
- वर्षा में संभावित वृद्धि के बावजूद, बढ़ते तापमान से भूमिगत जल संसाधनों की मांग में वृद्धि होगी, जो देश की जल और खाद्य सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा उत्पन्न करेगी।
- जल की घटी हुई उपलब्धता देश की 1.4 अरब आबादी के एक-तिहाई से अधिक हिस्से की आजीविका को जोखिम में डाल सकती है, जिसके वैश्विक परिणाम हो सकते हैं।
- जैसे-जैसे तापमान बढ़ता है, किसान बढ़ती फसल की पानी की जरूरतों को पूरा करने के लिए भूजल दोहन तेज कर देते हैं, जिससे जल की कमी की समस्या बढ़ जाती है।

## संयुक्त राष्ट्र जैव विविधता का "FUNGA" अभियान

संयुक्त राष्ट्र जैव विविधता ने एक अभियान शुरू किया है, जिसमें वैश्विक समुदाय से कवक के महत्व पर जोर देने के लिए "वनस्पतियों और जीवों" (Flora and Fauna) के साथ-साथ "कवक" (Funga) शब्द को शामिल करने का आग्रह किया गया है।

- पारिस्थितिक तंत्र में कवक की आवश्यक भूमिका को पहचानते हुए, संयुक्त राष्ट्र का लक्ष्य संरक्षण प्रयासों में पौधों और जानवरों के समान कवक के महत्व को बढ़ाना है।
- इस पहल का उद्देश्य कवक के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।
- यह पहल धारणाओं और नीतिगत निर्णयों को आकार देने में भाषा के प्रभाव पर प्रकाश डालती है।
- दो वर्ष पूर्व, इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (IUCN) ने भी अपने संचार में "माइकोलॉजिकली इनक्लूसिव" भाषा का समर्थन किया था।
- कवक पृथ्वी पर जीवन का अभिन्न अंग हैं, जो अपघटन, वन पुनर्जनन और पोषक चक्रण जैसी प्रक्रियाओं का समर्थन करते हैं।
- कवक (फंजाई) अचार, चमड़े, कपड़े, पेड़-पौधे एवं अन्य पदार्थों पर उगते हैं। ये उन स्थानों में भी उगते हैं, जो नम एवं उष्ण हों।
- कवकों की वृद्धि के लिए वर्षा ऋतु सबसे अच्छी परिस्थितियां प्रदान करती हैं।

## कोले आर्द्रभूमि

उच्च मूल्य वाली जैव विविधता का एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण रामसर स्थल 'कोले वेटलैंड्स' वर्तमान समय में एक विदेशी आक्रामक प्रजाति कैबोम्बा फुरकुटा (Cabomba furcuta) के खतरे का सामना कर रहा है।

- व्यापक पैमाने पर फूल आने के कारण कैबोम्बा फुरकुटा को लोकप्रिय रूप से पिंक ब्लूम कहा जाता है।
- यह मध्य और दक्षिण अमेरिका की मूल प्रजाति है जिसे एक एक्वैरियम पौधे के रूप में केरल लाया गया था।
- यह एक जलमग्न बारहमासी जलीय पौधा है जो स्थिर से धीमी गति से बहने वाले मीठे पानी में उगता है।
- सक्रिय और निष्क्रिय दोनों तरह से फैलने की क्षमता के कारण पौधे में उच्च प्राकृतिक फैलाव क्षमता होती है।
- इसके विकास के लिए बड़ी मात्रा में ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है और यह जल निकायों और जल निकासी नहरों को अवरुद्ध कर सकता है।
- यह देशी जलीय पौधों की विविधता में गिरावट का कारण बनता है और मीठे जल की मछलियों की उपज को प्रभावित करके आर्थिक नुकसान का कारण बनता है।
- कोले आर्द्रभूमि केरल राज्य में स्थित सबसे बड़ा खारा, आर्द्र उष्णकटिबंधीय आर्द्रभूमि पारिस्थितिकी तंत्र है।
- यह दक्षिण में चलाकुडी नदी के उत्तरी तट से उत्तर में भरतपुझा नदी के दक्षिणी तट तक विस्तृत है।
- यह प्रवासी पक्षियों के मध्य एशियाई फ्लाईवे में स्थित है।

## कोनोकार्पस वृक्षारोपण पर प्रतिबंध

हाल ही में, गुजरात राज्य सरकार ने 'पर्यावरण एवं मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव' को रेखांकित करते हुए, वन या गैर-वन क्षेत्रों में कोनोकार्पस वृक्षारोपण (Conocarpus trees) पर प्रतिबंध लगा दिया है। इससे पहले, तेलंगाना ने भी इस पौधे की प्रजातियों पर प्रतिबंध लगा दिया था।

- कोनोकार्पस पेड़ कॉम्ब्रेटेसी परिवार से संबंधित एक फूल वाला पौधा है। यह एक आक्रामक मैंग्रोव प्रजाति है।
- इस प्रजाति के पेड़ सर्दियों में फूलते हैं और आस-पास के इलाकों में पराग फैलाते हैं।
- इसका उपयोग भारत में विभिन्न सार्वजनिक प्राधिकरणों द्वारा सड़कों के किनारे और सार्वजनिक उद्यानों में भूनिर्माण के रूप में किया गया है।
- अरब प्रायद्वीप के देशों ने रेगिस्तानी तूफानों से रेत को रोकने और प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए इस पौधे का उपयोग किया है।
- यह पेड़ पूरे वर्ष अपने गहरे हरे पत्तों के रंग के लिए प्रसिद्ध है और उच्च और निम्न तापमान जैसी कठोर पर्यावरणीय परिस्थितियों का सामना करता है।
- यह अत्यधिक लवणता वाले क्षेत्रों में भी बढ़ सकता है।
- यह अन्य प्रजातियों की तुलना में मिट्टी से अधिक पानी सोखता है और भूजल के लिए खतरा है।
- यह उत्तर और दक्षिण अमेरिका के कुछ हिस्सों के साथ-साथ अफ्रीका के कुछ हिस्सों की मूल प्रजाति है। ■

# रिपोर्ट एवं सूचकांक



## वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2024

टाइम्स हायर एजुकेशन (THE) द्वारा हाल ही में वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2024 जारी की गई। इसमें 108 देशों और क्षेत्रों के 1904 विश्वविद्यालय शामिल हैं।

- वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2024 में यूनाइटेड किंगडम की ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया।
- इस रैंकिंग में अमेरिका की स्टैनफर्ड यूनिवर्सिटी दूसरे तथा अमेरिका की मेसाचुसेट्स इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (MIT) तीसरे स्थान पर रही।
- भारत के 91 विश्वविद्यालयों को वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2024 में जगह मिली है।
- भारत के शीर्ष विश्वविद्यालय 'भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc), बेंगलुरू ने वर्ष 2017 के बाद पहली बार शीर्ष 250 में अपनी जगह बनाई है। इसे 201-250 की श्रेणी के अंतर्गत रैंक प्रदान की गई।

**देश के शीर्ष 5 विश्वविद्यालय**

| विश्वविद्यालय | स्थान | रैंक |
|---|---|---|
| भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc) | बेंगलुरू, कर्नाटक | 201-250 |
| अन्ना विश्वविद्यालय | चेन्नई, तमिलनाडु | 501-600 |
| जामिया मिलिया इस्लामिया | नई दिल्ली | 501-600 |
| महात्मा गांधी विश्वविद्यालय | कोट्टायम, केरल | 501-600 |
| शूलिनी यूनिवर्सिटी ऑफ बायोटेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट साइंसेज | बझोल, हिमाचल प्रदेश | 501-600 |

## ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स 2023

विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (WIPO) द्वारा प्रकाशित वैश्विक नवाचार सूचकांक, 2023 (Global Innovation Index 2023) में भारत ने 132 अर्थव्यवस्थाओं में से 40वीं रैंक बरकरार रखी है।

- रैंकिंग में स्विट्जरलैंड ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जबकि स्वीडन और संयुक्त राज्य अमेरिका ने क्रमशः दूसरा एवं तीसरा स्थान प्राप्त किया।
- जीआईआई (GII) विश्व भर की सरकारों के लिए अपने संबंधित देशों में नवाचार के नेतृत्व वाले सामाजिक और आर्थिक परिवर्तनों का आकलन करने के लिए एक विश्वसनीय माध्यम है।
- विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (World Intellectual Property Organization) का गठन वर्ष 1967 में किया गया था, यह संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी है।
- इसे बौद्धिक संपदा के संरक्षण और रचनात्मक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए गठित किया गया है।
- इसका मुख्यालय जिनेवा (स्विट्जरलैंड) में है।

## भारत में जलवायु निवेश के लिए वित्तीय संसाधनों पर रिपोर्ट

अंतरराष्ट्रीय वित्त निगम ने 26 सितंबर, 2023 को भारत में जलवायु निवेश के लिए वित्तीय संसाधनों पर एक रिपोर्ट जारी की।

**रिपोर्ट के मुख्य बिंदु**

- भारत ने जलवायु कार्यवाहियों में उल्लेखनीय प्रगति की है, जिससे 2030 से पहले राष्ट्रीय निर्धारित योगदान को प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त हुआ है।
- भारत नवीकरणीय ऊर्जा की कुल संस्थापित क्षमता के मामले में विश्व में चौथे स्थान पर है।
- भारतीय रिजर्व बैंक ने 2015 में प्राथमिकता क्षेत्र में ऋण संबंधी योजना में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र को शामिल किया था।
- हरित बॉन्ड जारी किये जाने के बाद भारत ने उभरती अर्थव्यवस्थाओं में दूसरे सबसे बड़े हरित बॉन्ड विकसित किये हैं।
- निजी कम्पनियों और सार्वजनिक कम्पनियों द्वारा 10 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक मूल्य के ग्रीन बॉन्ड जारी किये गये हैं।
- रिपोर्ट में 26वें अंतरराष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में भारत की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पंचामृत प्रतिबद्धताओं का भी उल्लेख किया गया है।

## स्टेट ऑफ द राइनो, 2023 रिपोर्ट

हाल ही में इंटरनेशनल राइनो फाउंडेशन (IRF) ने 'स्टेट ऑफ द राइनो, 2023' रिपोर्ट प्रकाशित की। स्टेट ऑफ द राइनो रिपोर्ट प्रतिवर्ष सितंबर में प्रकाशित की जाती है।

- यह रिपोर्ट अफ्रीका और एशिया में 5 प्रकार के जीवित गैंडा प्रजातियों के वर्तमान जनसंख्या अनुमान एवं रुझान को दर्शाती है।
- गैंडो के ये 5 प्रकार हैं: अफ्रीका में सफेद गैंडा और काला गैंडा, एशिया में भारतीय गैंडा, जावा गैंडा और सुमात्रा गैंडा।
- इंटरनेशनल राइनो फाउंडेशन (IRF) टेक्सास (अमेरिका) स्थित एक संस्था है, जिसकी स्थापना वर्ष 1989 में की गई थी।
- इस रिपोर्ट में आवास संरक्षण, सामुदायिक भागीदारी और वन्यजीव तस्करी व्यवधान को संबोधित कर गैंडों की सुरक्षा के लिये एक समग्र रणनीति लागू करने की सिफारिश की गई है।

### रिपोर्ट के मुख्य बिंदु

- अवैध शिकार सभी 5 गैंडों की प्रजातियों के लिये खतरा है और कई क्षेत्रों में यह बढ़ गया है, जिन्हें पहले लक्षित नहीं किया गया था।
- दक्षिण अफ्रीका अपने सफेद गैंडों के अवैध शिकार से होने वाली विनाशकारी क्षति से जूझ रहा है।
- पिछले कुछ दशकों में अवैध शिकार के कारण भारी नुकसान के बावजूद अफ्रीका में काले गैंडों की आबादी में वृद्धि हो रही है।
- एशिया में वर्षा में वृद्धि और लंबी मानसून अवधि के कारण प्रत्यक्ष तौर पर गैंडों एवं मनुष्यों की अधिक मृत्यु हो सकती है।
- बेहतर संरक्षण के परिणामस्वरूप भारत और नेपाल में एक सींग वाले गैंडों की आबादी में लगातार वृद्धि हो रही है।
- गैंडे के भोजन के लिए आवश्यक पौधे जलवायु परिवर्तन के कारण खत्म हो सकते हैं।

## एलियंस पर नासा की रिपोर्ट

अमेरिकी स्पेस एजेंसी 'नासा' ने 14 सितंबर, 2023 को अन-आइडेंटिफाइड फ्लाइंग ऑब्जेक्ट्स (UFOs) पर आधारित अपनी रिपोर्ट जारी की।

- नासा के प्रबंधक बिल नेल्सन ने यह रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि ब्रह्मांड में पृथ्वी के अलावा भी जीवन (एलियंस) है।
- नासा की ओर से अन-आइडेंटिफाइड फ्लाइंग ऑब्जेक्ट्स (UFOs) पर करीब एक वर्ष तक अध्ययन करने के बाद यह रिपोर्ट जारी की गई है।
- नासा की इस 33 पेज की रिपोर्ट में UFO को हमारे ग्रह के सबसे बड़े रहस्यों में एक बताया गया है।
- इसके अनुसार UFO के इतने कम उच्च-गुणवत्ता वाले अवलोकन हैं कि इनसे कोई वैज्ञानिक निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता।

## वायु गुणवत्ता जीवन सूचकांक (AQLI) 2023

शिकागो विश्वविद्यालय के ऊर्जा नीति संस्थान द्वारा 29 अगस्त, 2023 को 'वायु गुणवत्ता जीवन सूचकांक (AQLI), 2023' प्रकाशित किया गया।

- वायु गुणवत्ता जीवन सूचकांक (AQLI) के अनुसार वायु प्रदूषण दिल्ली के निवासियों के जीवन को लगभग 11.9 वर्ष कम कर देता है।
- वायु गुणवत्ता जीवन सूचकांक (AQLI), जीवन प्रत्याशा पर वायु प्रदूषण के प्रभाव का विवरण प्रदान करता है।
- रिपोर्ट जीवन प्रत्याशा पर प्रदूषण के प्रभाव को निर्धारित करने के लिए 2021 के पार्टिकुलेट मैटर (PM) डेटा पर आधारित है।

### रिपोर्ट के मुख्य निष्कर्ष

- विश्व के सभी देशों की तुलना में भारत में वायु प्रदूषण से स्वास्थ्य पर सबसे अधिक बोझ का सामना करना पड़ता है।
- दक्षिण एशिया में 2013 से 2021 तक 'कण प्रदूषण' 9.7 प्रतिशत बढ़ गया है। भारत में 5 स्तरों में 9.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई।
- उपग्रहों से प्राप्त 2021 के PM2.5 डेटा के अनुसार, भारत में प्रदूषण 2020 में 56.2 μg/m3 से बढ़कर 2021 में 58.7 μg/m3 हो गया है।
- यह WHO की गाइडलाइन 5 μg/m3 से 10 गुना ज्यादा है।
- 2021 में दिल्ली का वार्षिक औसत PM2.5 स्तर 126.5 μg/m3 पाया गया, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) दिशा-निर्देश से 25 गुना अधिक है।
- पार्टिकुलेट मैटर प्रदूषण भारत में जीवन प्रत्याशा को कम करने, हृदय रोगों को बढ़ावा देने तथा बच्चे और मातृ कुपोषण के मामले में मानव स्वास्थ्य के लिए सबसे बड़ा खतरा है।
- हवा में पाए जाने वाले कण, जिनमें धूल, गंदगी, कालिख, धुआं और तरल बूंदें शामिल हैं, जो लंबे समय तक हवा में निलंबित रहते हैं, पार्टिकुलेट मैटर (PM) कहलाते हैं।
- यदि डब्ल्यूएचओ के दिशा-निर्देशों का पालन नहीं किया गया तो औसत भारतीय निवासी की जीवन प्रत्याशा 5.3 वर्ष कम हो जाएगी।

## स्टेट ऑफ वर्किंग इंडिया रिपोर्ट 2023

हाल ही में अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर सस्टेनेबल एम्प्लॉयमेंट ने भारतीय कार्यबल की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए "स्टेट ऑफ वर्किंग इंडिया 2023" शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की है।

- रिपोर्ट में बेरोजगारी दर, महिलाओं की भागीदारी, अंतर-पीढ़ीगत बदलाव और जाति के आधार पर कार्यबल पैटर्न को शामिल किया गया है।
- रिपोर्ट में विभिन्न डेटा स्रोतों का उपयोग किया गया है, जैसे- राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा किये गए सर्वेक्षण, रोजगार-बेरोजगारी सर्वेक्षण और आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण तथा इंडिया वर्किंग सर्वे आदि।

### रिपोर्ट के प्रमुख बिंदु

- समग्र बेरोजगारी दर 2017-18 के 8.7 प्रतिशत से घटकर 2021-22 में 6.6 प्रतिशत हो गई, लेकिन 2021-22 में भारत के 25 वर्ष से कम उम्र के 42 प्रतिशत से अधिक स्नातक बेरोजगार थे।
- 25 वर्ष से कम आयु वर्ग में उच्च माध्यमिक शिक्षा पूरी करने वालों के लिए यह आंकड़ा 21.4 प्रतिशत है।
- कोरोना वायरस महामारी के बाद 60 प्रतिशत महिलाएं स्व-रोजगार में हैं, जबकि महामारी से पहले यह आंकड़ा 50 प्रतिशत था।
- रिपोर्ट महिलाओं की कार्यबल भागीदारी में वृद्धि का संकेत देती है।

- अंतर-पीढ़ीगत परिवर्तनीयता में भी वृद्धि हुई है, लेकिन सामान्य जातियों से संबंधित श्रमिकों की तुलना में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति श्रेणियों के श्रमिकों के लिए यह प्रवृत्ति कमजोर रही है।
- उल्लेखनीय रूप से, कम शैक्षणिक योग्यता के साथ बेरोजगारी की दर में भी कमी आई है।

## उच्च रक्तचाप पर वैश्विक रिपोर्ट

संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) के 78वें सत्र के दौरान 19 सितंबर, 2023 को विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने 'उच्च रक्तचाप पर वैश्विक रिपोर्ट: द रेस अगेंस्ट अ साइलेंट किलर' शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की।

- यह उच्च रक्तचाप (High BP) के विश्वव्यापी प्रभावों पर WHO की पहली रिपोर्ट है। उच्च रक्तचाप को सामान्यत: हाइपरटेंशन भी कहा जाता है।

### रिपोर्ट के मुख्य तथ्य

- विश्व में तीन में से एक वयस्क उच्च रक्तचाप से पीड़ित है।
- वर्ष 1990 और वर्ष 2019 के बीच उच्च रक्तचाप के मामलों की संख्या 650 मिलियन से दोगुनी होकर 1.3 बिलियन हो गई है।
- उच्च रक्तचाप विश्व में 30-79 आयु वर्ग के लगभग 33% वयस्कों को प्रभावित करता है।
- उच्च रक्तचाप से पीड़ित प्रत्येक पाँच में से लगभग चार व्यक्तियों को पर्याप्त इलाज नहीं मिलता है।
- अकेले भारत में 30-79 वर्ष की आयु के अनुमानित 188.3 मिलियन वयस्क उच्च रक्तचाप की समस्या से जूझ रहे हैं।
- भारत में उच्च रक्तचाप की व्यापकता वैश्विक औसत 31% से थोड़ी कम है।

## वैश्विक शिक्षा निगरानी रिपोर्ट, 2023

संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (UNESCO) ने हाल ही में 'वैश्विक शिक्षा निगरानी रिपोर्ट 2023' जारी की।

- रिपोर्ट के अनुसार शिक्षा में प्रौद्योगिकी के सफल उपयोग के लिए केरल की सराहना की गई है।
- केरल की 'स्कूलविकी पहल' का उल्लेख किया गया है, जो सहयोगात्मक सामग्री विकास के लिए लगभग 15,000 स्कूलों को जोड़ती है।
- छात्रों के बीच सहयोगात्मक शिक्षा की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए, स्कूलविकी को 2009 में लॉन्च किया गया था।
- इसमें 30,997 से अधिक लेख और 13,000 उपयोगकर्ता हैं।
- इसमें छात्रों, शिक्षकों, पूर्व छात्रों और जनता द्वारा तैयार की गई शैक्षिक सामग्री शामिल है।
- रिपोर्ट दक्षता, पारदर्शिता, विश्वसनीयता और सामर्थ्य प्राप्त करने में ओपन-सोर्स सॉफ्टवेयर अनुप्रयोगों के लिए भारत सरकार की पहल को भी स्वीकार करती है।

## विश्व के सर्वश्रेष्ठ देशों की रिपोर्ट 2023

हाल ही में जारी यूएस न्यूज एंड वर्ल्ड रिपोर्ट 2023 की वार्षिक सर्वश्रेष्ठ देशों की रैंकिंग के अनुसार स्विट्जरलैंड विश्व के सर्वश्रेष्ठ देश की सूची में शीर्ष स्थान पर है।

- इस रैंकिंग में स्विट्जरलैंड ने लगातार दूसरे वर्ष तथा कुल मिलाकर छठी बार शीर्ष स्थान प्राप्त किया है।
- 2023 में, भारत की रैंकिंग में एक स्थान के सुधार के साथ 40.8 के समग्र स्कोर के साथ 30वां स्थान प्राप्त किया। वर्ष 2022 में भारत ने 85 में से 31वां स्थान प्राप्त किया था।
- यूनाइटेड स्टेट्स न्यूज वर्ल्ड रिपोर्ट की 2023 सर्वश्रेष्ठ देशों की रैंकिंग विश्व भर के 17,000 से अधिक लोगों के सर्वेक्षण पर आधारित है। रैंकिंग 10 श्रेणियों में 73 कारकों का आकलन करती है।
- स्विट्जरलैंड विशेष रूप से उद्यमिता (नंबर 6) जीवन की गुणवत्ता (नंबर 6), सामाजिक उद्देश्य (नंबर 8) और सांस्कृतिक प्रभाव (नंबर 8) में उत्कृष्टता प्रदर्शित करता है।

| वैश्विक स्तर पर शीर्ष 10 देश | | | |
|---|---|---|---|
| रैंक | देश | रैंक | देश |
| 1 | स्विट्जरलैंड | 6 | जापान |
| 2 | कनाडा | 7 | जर्मनी |
| 3 | स्वीडन | 8 | न्यूजीलैंड |
| 4 | ऑस्ट्रेलिया | 9 | यूनाइटेड किंगडम |
| 5 | संयुक्त राज्य अमेरिका | 10 | नीदरलैंड |

## पशुओं में रोगाणुरोधी उपयोग पर 7वीं रिपोर्ट

हाल ही में विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन (WOAH) ने पशुओं में रोगाणुरोधी उपयोग पर अपनी 7वीं रिपोर्ट जारी की है, यह वर्ष 2017 से वर्ष 2019 तक की अवधि को कवर करती है।

- यह विश्लेषण 80 देशों द्वारा उपलब्ध कराए गए आँकड़ों पर आधारित है, जो पशुओं में रोगाणुरोधी उपयोग पर लगातार अद्यतन/अपडेट होते रहते हैं।
- वर्ष 2017 से वर्ष 2019 तक 3 वर्षों में पशुओं में वैश्विक रोगाणुरोधी उपयोग में 13% की कमी आई है।
- 80 देशों में से एशिया, सुदूर पूर्व ओशिनिया और यूरोप के 49 देशों में रोगाणुरोधी उपयोग में समग्र कमी दर्ज की गई।
- अफ्रीकी और अमेरिकी क्षेत्रों के 31 देशों ने इसी अवधि के दौरान रोगाणुरोधी उपयोग में समग्र वृद्धि दर्ज की।
- विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन (WOAH) स्वच्छता और पादप स्वच्छता उपायों के अनुप्रयोग पर समझौते द्वारा मान्यता प्राप्त मानक-निर्धारण निकायों में से एक है।
- WOAH एक अंतर-सरकारी संगठन है, जो दुनिया भर में पशुओं के स्वास्थ्य में सुधार के लिये जिम्मेदार है। ■

# योजना एवं कार्यक्रम

## पीएम विश्वकर्मा योजना का शुभारंभ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर 17 सितंबर, 2023 को नई दिल्ली में पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों के लिए "पीएम विश्वकर्मा योजना" का शुभारंभ किया।

- प्रधानमंत्री ने पीएम विश्वकर्मा लोगो, टैगलाइन और पोर्टल भी लॉन्च किया।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त, 2023 को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की घोषणा की थी।
- योजना का उद्देश्य अपने हाथों और औजारों से काम करने वाले कारीगरों और शिल्पकारों के माध्यम से पारंपरिक कौशल से जुड़े कार्यों को बढ़ावा देना और मजबूत करना है।
- पीएम विश्वकर्मा योजना के लिए 13,000 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। इससे 30 लाख पारंपरिक कारीगरों को लाभ होगा।
- पीएम विश्वकर्मा योजना ऐसे स्वरोजगारशील लोगों के लिए है, जो मशीनों का प्रयोग किए बिना पारंपरिक हथियारों की मदद से काम करते हैं।
- इस योजना में धोबी, बढ़ई, नाई, लोहार जैसे 18 तरह के कामगारों को शामिल किया है।
- योजना के तहत पारंपरिक शिल्पकारों व कारीगरों को 3 लाख रुपए का ऋण दिया जाएगा। कारीगरों को दिए जाने वाले ऋण पर 8 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जाएगी।
- कारीगरों को योजना के तहत डिजिटल लेनदेन में प्रोत्साहन और बाजार समर्थन प्रदान किया जाएगा।
- योजना के लाभार्थी को 15,000 रुपये का टूलकिट मिलेगा। इसके अलावा लाभार्थी को स्किल ट्रेनिंग के साथ 500 रुपये प्रतिदिन का स्टाइपेंड भी मिलेगा।

## ई-कोर्ट परियोजना चरण-3 को मंजूरी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 13 सितंबर, 2023 को 7,210 करोड़ रुपये के वित्तीय आवंटन के साथ 4 वर्ष (2023 से आगे) के लिए केंद्रीय क्षेत्र की योजना के रूप में ई-कोर्ट परियोजना (e-Courts Project) के चरण-3 को अपनी मंजूरी दी है।

- राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस योजना के हिस्से के रूप में भारतीय न्यायपालिका की सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (ICT) सक्षमता के लिए ई-कोर्ट परियोजना वर्ष 2007 में शुरू की गई थी।
- ई-कोर्ट परियोजना का तीसरा चरण 'पहुंच और समावेशन' के सिद्धांत पर आधारित है।
- ई-कोर्ट चरण-3 का उद्देश्य विरासत रिकॉर्ड सहित पूरे न्यायालय रिकॉर्ड के डिजिटलीकरण के माध्यम से डिजिटल और पेपरलेस न्याय की आसान व्यवस्था शुरू करना है।
- यह परियोजना न्यायिक प्रणाली में पहुंच, सामर्थ्य, विश्वसनीयता, पूर्वानुमेयता और पारदर्शिता पर ध्यान केंद्रित करके सभी के लिए न्याय सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

## प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के विस्तार को मंजूरी

केंद्र सरकार ने 13 सितंबर, 2023 को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 75 लाख एलपीजी कनेक्शन देने के लिए 1650 करोड़ रुपये मंजूर किए गए। इन पैसों का उपयोग उज्ज्वला योजना के तहत नए कनेक्शन देने के लिए किया जाएगा।

- 75 लाख अतिरिक्त उज्ज्वला कनेक्शन के प्रावधान से पीएमयूवाई लाभार्थियों की कुल संख्या 10.35 करोड़ हो जाएगी।
- इस योजना के तहत, लाभार्थियों को एक स्टोव सहित जमा-मुक्त गैस कनेक्शन और पहला 14.2 किलोग्राम सिलेंडर मुफ्त में मिलेगा।
- पीएमयूवाई उपभोक्ताओं को प्रतिवर्ष 12 रिफिल तक 14.2 किलोग्राम एलपीजी सिलेंडर पर 200 रुपये की लक्षित सब्सिडी प्रदान की जा रही है।
- उज्ज्वला योजना के विस्तार में अब उन पात्र परिवारों को भी शामिल किया गया है, जिनके पास नए एकल परिवारों के गठन जैसे विभिन्न कारणों से एलपीजी कनेक्शन की कमी है।
- प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (PMUY), जिसे उज्ज्वला 1.0 के नाम से भी जाना जाता है, 1 मई, 2016 को उत्तर प्रदेश के बलिया में प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई थी।
- इसका लक्ष्य पूरे भारत में लगभग 80 मिलियन गरीब परिवारों को स्वच्छ खाना पकाने का ईंधन उपलब्ध कराना है। प्रारंभिक लक्ष्य सितंबर 2019 में पूरा किया गया था।

## आरोग्य मंथन 2023 का आयोजन

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (PM-JAY) के 5 वर्ष और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (ABDM) के 2 वर्ष पूरे होने के अवसर पर 25-26 सितंबर, 2023 को नई दिल्ली में आरोग्य मंथन 2023 का आयोजन किया गया।

- 23 सितंबर, 2018 को लॉन्च की गई प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (PM-JAY), भारत सरकार की एक फ्लैगशिप योजना है।

- पीएम-जन आरोग्य योजना के तहत 5.5 करोड़ लाभार्थी निःशुल्क अस्पतालों में भर्ती किये गए, जिन पर सरकार द्वारा 69,000 करोड़ रुपये मूल्य का व्यय किया गया।
- इस योजना ने न केवल करोड़ों गरीबों और वंचित परिवारों के लिए अच्छा स्वास्थ्य सुनिश्चित किया है, बल्कि उनके परिवारों को विनाशकारी स्वास्थ्य देखभाल व्यय से भी बचाया है।
- 27 सितंबर, 2021 को लॉन्च किया गया आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (ABDM) सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है।
- एबीडीएम का उद्देश्य स्वास्थ्य देखभाल पारिस्थितिक तंत्र के विभिन्न हितधारकों को जोड़ने वाला एक डिजिटल मार्ग बनाना है।
- पिछले 2 वर्षों में 45 करोड़ से अधिक आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाते (ABHA) बनाए गए हैं।

## श्रेयस योजना के तहत 21,000 से अधिक छात्रों को लाभ

18 सितंबर, 2023 को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्रेयस (SHREYAS) योजना भारत में अनुसूचित जाति (SC) और अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुँच प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाने के लिए किये गये प्रयासों को प्रतिबिंबित करती है।

- श्रेयस नेशनल फेलोशिप योजना से अनुसूचित जाति के 21,000 से अधिक छात्रों को उच्च शिक्षा का लाभ मिला है।
- इस योजना के तहत वर्ष 2014-15 से 2022-23 तक 19,995 लाभार्थियों के लिए कुल 109.77 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।
- "श्रेयस" की अम्ब्रेला योजना में 4 केंद्रीय क्षेत्र की उप-योजनाएँ शामिल हैं।
- इस योजना का उद्देश्य पूर्ण वित्तीय सहायता प्रदान करते हुए अनुसूचित जाति के छात्रों के बीच गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देना है।
- श्रेयस योजना के अंतर्गत एससी एवं ओबीसी छात्रों की शिक्षा के लिए 2014 से अब तक 2,300 करोड़ रुपये से अधिक आवंटित किए जा चुके हैं।
- श्रेयस योजना सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के तहत एक व्यापक योजना है।
- इस योजना का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा तक पहुँच प्रदान करने के लिये फेलोशिप और विदेश में पढ़ाई के लिये शैक्षिक ऋण पर ब्याज सब्सिडी प्रदान करना है।
- यह योजना अन्य पिछड़ा वर्ग तथा आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग (EBC) के छात्रों का शैक्षिक सशक्तीकरण करती है।

## पीएम-किसान योजना के लिए AI चैटबॉट

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने 21 सितंबर, 2023 को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना के लिए AI (एआई) चैटबॉट (पीएम किसान मित्र) लॉन्च किया।

- एआई चैटबॉट का शुभारंभ पीएम-किसान योजना की दक्षता और पहुंच बढ़ाने तथा किसानों को उनके प्रश्नों का त्वरित, स्पष्ट एवं सटीक उत्तर देने के लिए किया गया है।
- एआई चैटबॉट किसानों को योजना की जानकारी तक आसान पहुंच और कुशल शिकायत समाधान प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।
- पीएम-किसान योजना के साथ पेश किया गया एआई चैटबॉट लाभार्थियों के लिए एक व्यापक गाइड के रूप में कार्य करता है, जो योजना से संबंधित उनकी पूछताछ के लिए समय पर और सटीक प्रतिक्रिया प्रदान करता है।
- यह केंद्र सरकार की एक प्रमुख योजना के साथ एआई चैटबॉट एकीकरण का पहला उदाहरण है।
- इस चैटबॉट को एकस्टेप (EKstep) फाउंडेशन और भाषिणी (Bhashini) के सहयोग से विकसित एवं बेहतर बनाया जा रहा है।
- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) भारत में भूमि-धारक किसानों की वित्तीय आवश्यकताओं की सहायता करने के लिए फरवरी 2019 में शुरू की गई एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है।

## सूर्या क्षेत्रीय जल आपूर्ति परियोजना

मुंबई में सूर्या क्षेत्रीय जल आपूर्ति परियोजना (Surya Regional Water Supply Project) के तहत हाल ही में तुंगारेश्वर सुरंग का निर्माण कार्य पूरा किया गया।

- सूर्या क्षेत्रीय जल आपूर्ति परियोजना मुंबई के पश्चिमी उप-क्षेत्र में दो नगर निगमों को 403 मिलियन लीटर प्रतिदिन (MLD) जल आपूर्ति प्रदान करेगी।
- इस परियोजना में मीरा-भायंदर नगर निगम और वसई-विरार शहर के 27 गांव शामिल हैं।
- मुंबई महानगर क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण (MMRDA) ने इस परियोजना की पहली सुरंग बना ली है।
- सूर्या जलापूर्ति योजना के पूरी होने के बाद मीरा-भायंदर को 218 एमएलडी, वसई-विरार और पालघर को 185 एमएलडी पानी मिलेगा।
- पानी को इस सुरंग के माध्यम से मास्टर बैलेंसिंग जलाशय (MBR) तक पहुंचाया जाएगा और फिर जलाशय से जल को वितरित किया जाएगा।
- सूर्या क्षेत्रीय जल आपूर्ति परियोजना मुंबई से 75 किमी उत्तर पालघर जिले में वसई और विरार के पूर्व में एक पठार पर स्थित है।

## वन वीक वन लैब कार्यक्रम

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने 11 सितंबर, 2023 को नई दिल्ली में वन वीक वन लैब कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम 16 सितंबर तक आयोजित किया गया।

- कार्यक्रम के दौरान देश भर में फैली 37 वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषदों की प्रयोगशालाओं ने अपने अनुसंधान परिणामों और उपलब्धियों का प्रदर्शन किया।
- विज्ञान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए 'एक सप्ताह एक प्रयोगशाला' कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। ■

# BFSI बैंकिंग, फाइनेंस, सेवा और बीमा

## भारती एक्सा लाइपफ इंश्योरेंस ने नई मिड-कैप पफंड लॉन्च किया

इंश्योरेंस प्रोवाइडर भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस (Bharti AXA Life Insurance) ने 18 सितंबर, 2023 को अपनी नई फंड पेशकश (NFO)-इमर्जिंग इक्विटी फंड को लॉन्च किया है।

- यह फंड भारती AXA लाइफ इंश्योरेंस द्वारा लॉन्च किया गया पहला मिड-कैप फंड है।
- मिड कैप फंड्स (Mid Cap Funds) म्यूचुअल फंड की एक कैटेगरी है। यह एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है।
- इस फंड का उद्देश्य मिड-कैप कंपनियों के पोर्टफोलियो में निवेश के माध्यम से लॉन्ग टर्म में लाभ अर्जित करना है।
- एक्सा (AXA) एक फ्रांसीसी बहुराष्ट्रीय बीमा कंपनी है जिसका मुख्यालय पेरिस में है। यह निवेश प्रबंधन और अन्य वित्तीय सेवाएँ भी प्रदान करता है।
- भारती  दूरसंचार, कृषि व्यवसाय और रिटेल सेक्टर में काम करने वाले भारत के लीडिंग बिजनेस समूहों में से एक है।
- भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस में भारती की 51 प्रतिशत और एक्सा (AXA) की 49 प्रतिशत की हिस्सेदारी है।

## NPCI ने वॉयस-सक्षम UPI भुगतान सुविधाएं लॉन्च कीं

नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) ने अधिक डिजिटल समावेशिता को सक्षम करने के लिए 6 सितंबर, 2023 को कई नई भुगतान सुविधाएं लॉन्च की हैं।

- नए उत्पादों में यूपीआई लाइट एक्स, यूपीआई टैप एंड पे एवं हैलो आदि शामिल हैं।
- LITE X, उपयोगकर्ताओं को UPI का उपयोग करके ऑफलाइन पैसे भेजने और प्राप्त करने की अनुमति देता है।
- यूपीआई टैप एंड पे सुविधा उपयोगकर्ताओं को नियर-फील्ड कम्युनिकेशन (NFC)-आधारित भुगतान करने की अनुमति देती है।
- हेलो! UPI उपयोगकर्ताओं को दूरसंचार सेवाओं के माध्यम से आवाज-सक्षम यूपीआई भुगतान करने में मदद करेगा।
- यूपीआई और कन्वर्सेशनल बिल पेमेंट्स का उद्देश्य एक समावेशी, लचीला और टिकाऊ डिजिटल भुगतान पारिस्थितिक तंत्र बनाना है।
- नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) भारत में सभी खुदरा भुगतान प्रणाली के लिए एक संगठन है। यह भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) और भारतीय बैंक संघ (IBA) के मार्गदर्शन और सहयोग से स्थापित किया गया था।

## भारत के पहले यूपीआई एटीएम का शुभारंभ

जापान की कंपनी शहिटाची पेमेंट सर्विसेजश ने नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) के साथ मिलकर देश का पहला 'व्हाइट लेबल UPI-ATM' लॉन्च किया।

- कंपनी ने इसका नाम 'हिटाची मनी स्पॉट UPI ATM' दिया है।
- यह एटीएम यूजर्स को मल्टीपल अकाउंट से यूपीआई ऐप के जरिए पेमेंट करने की सुविधा देता है।
- इसके जरिए ग्राहक डेबिट या क्रेडिट कार्ड के बिना यूपीआई के जरिए कैश निकाल सकते हैं।
- यह डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के लिए किया गया है।
- गैर-बैंक संस्थाओं द्वारा स्वामित्व एवं संचालित ATM को 'व्हाइट लेबल एटीएम' (WLA) कहा जाता है।
- नॉन-बैंकिंग ।ज्ड ऑपरेटर भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा पेमेंट एंड सेटलमेंट सिस्टम एक्ट, 2007 के नियमों के अनुसार अधिकृत हैं।

## ओवरनाइट इंडेक्स स्वैप दरें 10 महीने के उच्चतम स्तर पर

हाल ही में, ऑफशोर भुगतान और स्टॉप लॉस के कारण भारतीय ओवरनाइट इंडेक्स स्वैप (OIS) दरें 10 महीनों में अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं।

- 1 वर्ष की स्वैप दर 7.10 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो 9 मार्च के बाद का उच्चतम स्तर है, जबकि 5 वर्ष की स्वैप दर बढ़कर 6.85 प्रतिशत हो गई, यह स्तर  नवंबर 2022 में था।
- ओआईएस का प्राथमिक उद्देश्य ब्याज दर जोखिम का प्रबंधन करना है, विशेष रूप से रातों-रात उधार दर में उतार-चढ़ाव से जुड़े जोखिम का प्रबंधन करना।
- इसमें प्रत्येक दिन रात्रिकालीन सूचकांक स्वैप दर की गणना की जाती है।
- ये ऐसे उपकरण हैं जो वित्तीय संस्थानों को पुनर्वित्त या अपने मौजूदा ऋणों की शर्तों को बदले बिना भुगतान की जाने वाली ब्याज दरों को बदलने की अनुमति देते हैं।

## अमेजन ने एआई कंपनी एंथ्रोपिक में 4 बिलियन डॉलर का निवेश किया

ई-कॉमर्स कंपनी 'अमेजन', एआई कंपनी एंथ्रोपिक में 4 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक का निवेश कर रही है और इस कृत्रिम बुद्धिमत्ता स्टार्टअप में अल्पमत हिस्सेदारी ले रही है। दोनों कम्पनियों ने 25 सितंबर, 2023 को इस साझेदारी की घोषणा की।

- अमेजन और एंथ्रोपिक ने कहा कि यह समझौता तथाकथित फाउंडेशन मॉडल विकसित करने के लिए एक व्यापक सहयोग का हिस्सा है।
- फाउंडेशन मॉडल को बिग लैंग्वेज मॉडल के रूप में भी जाना जाता है।
- फाउंडेशन मॉडल को मानव कार्य से मिलते-जुलते पाठ, चित्र और वीडियो उत्पन्न करने के लिए ब्लॉग पोस्ट जैसी ऑनलाइन जानकारी के विशाल पूल पर प्रशिक्षित किया जाता है।

### BHEL ने भारत के पहले कैटलिस्ट सेट का निर्माण किया

सार्वजनिक क्षेत्र की इंजीनियरिंग कंपनी भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (BHEL) ने स्वदेशी 'सेलेक्टिव कैटलिस्ट रिएक्टर' (SCR) के पहले सेट का विनिर्माण पूरा किया है।

- थर्मल पावर स्टेशनों में नाइट्रोजन ऑक्साइड (NOñ) उत्सर्जन को कम करने के लिए ठभ्म्स् ने अपनी एसबीडी इकाई में एक अत्याधुनिक एससीआर उत्प्रेरक विनिर्माण सुविधा स्थापित की है।
- इससे कंपनी को ताप बिजली घरों से नाइट्रोजन ऑक्साइड (NOx) के उत्सर्जन को सीमित करने में मदद मिलेगी। यह प्रणाली उत्सर्जन नियंत्रण में मदद करती है।
- कोयले का दहन कोयले में मौजूद नाइट्रोजन को नाइट्रिक ऑक्साइड (NO), नाइट्रोजन डाइऑक्साइड (NO2) और नाइट्रस ऑक्साइड (N2O) जैसे उत्पादों में परिवर्तित करता है।
- इन उत्पादों को सामूहिक रूप से नाइट्रोजन के ऑक्साइड (NOx) कहा जाता है।

### कैश्फ्री भुगतान ने क्यूआर पर ऑटोपे लॉन्च किया

अग्रणी भुगतान और एपीआई बैंकिंग समाधान कंपनी कैशफ्री पेमेंट्स ने हाल ही में नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) के सहयोग से 'ऑटोपे ऑन क्यूआर' लॉन्च किया।

- इस सेवा ने ग्राहकों को आवर्ती अधिदेशों के लिए साइन अप करके सदस्यता लेने में सक्षम बनाया है।
- कैशफ्री पेमेंट्स 'ऑटोपे ऑन क्यूआर' का उद्देश्य ग्राहकों को जल्दी, निर्बाध और सुरक्षित रूप से भुगतान करने वाले ग्राहकों में परिवर्तित करना है।
- यह समाधान सदस्यता-आधारित व्यवसायों को ग्राहक अधिग्रहण बढ़ाने, प्रतिधारण का समर्थन करने और तेजी से विकास की सुविधा प्रदान करने में सक्षम बनाता है।
- कैश फ्री पेमेंट्स का 'ऑटोपे ऑन क्यूआर' सदस्यता-आधारित व्यवसायों को विज्ञापन खर्च पर निवेश पर रिटर्न बढ़ाने में मदद करता है।

### RBI ने अपर्याप्त पूंजी पर कपोल सहकारी बैंक का लाइसेंस किया रद्द

भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने कपोल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, मुंबई का लाइसेंस रद्द कर दिया है। बैंक ने 25 सितंबर, 2023 से बैंकिंग व्यवसाय करना बंद कर दिया।

- केंद्रीय बैंक ने अपनी कार्रवाई के लिए कपोल सहकारी बैंक लिमिटेड की अपर्याप्त पूंजी और कमाई की कम संभावनाओं को प्राथमिक कारण बताया।
- यह बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 56 के प्रावधानों का अनुपालन नहीं करता है।
- प्रत्येक जमाकर्ता डीआईसीजीसी अधिनियम, 1961 के प्रावधानों के अधीन जमा बीमा और क्रेडिट गारंटी निगम (DICGC) से 5 लाख रुपये की मौद्रिक सीमा तक अपनी जमा राशि की बीमा दावा राशि प्राप्त करने का हकदार होगा।
- बैंक द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, 96.09 प्रतिशत जमाकर्ता DICGC से अपनी जमा राशि की पूरी राशि प्राप्त करने के हकदार हैं।

### एक्सिस बैंक ने 'निओ पफॉर बिजनेस' बैंकिंग प्लेटपफॉर्म लॉन्च किया

एक्सिस बैंक ने हाल ही में भारतीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSME) की जरूरतों को पूरा करने वाला एक मोबाइल बैंकिंग प्लेटफॉर्म 'एनईओ फॉर बिजनेस' लॉन्च किया है।

- यह एक स्पेशल ट्रांजेक्शन बैंकिंग प्लेटफॉर्म है जो विशेष रूप से भारतीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए तैयार किया गया है।
- यह अग्रणी डिजिटल बैंकिंग प्लेटफॉर्म एक्सिस बैंक के लेनदेन बैंकिंग उत्पादों और डोमेन विशेषज्ञता की संपूर्ण जरूरत को सहजता से एकीकृत करता है।
- MSME की वास्तविक, वर्तमान और उभरती लेनदेन बैंकिंग आवश्यकताओं के लिए तैयार की गई यह अपनी तरह की पहली पेशकश है।
- MSME भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, जिनका भारतीय सकल घरेलू उत्पाद में 30% से अधिक का योगदान है।
- भारत में 6.5 करोड़ से ज्यादा डैडम् है, सकल घरेलू उत्पाद में 30% से अधिक योगदान के साथ MSME अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं।
- बिजनेस प्लेटफॉर्म के लिए NEO डिजिटल सेल्फ-ऑनबोर्डिंग, थोक भुगतान, जीएसटी-अनुपालक चालान, भुगतान गेटवे एकीकरण, आवर्ती संग्रह और नकदी प्रवाह रिपोर्ट जैसी सुविधाएं प्रदान करता है।

### एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक का स्टार हेल्थ और बजाज आलियांज के साथ साझेदारी

एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने स्टार हेल्थ एंड अलाइड इंश्योरेंस कंपनी और बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के साथ बैंक एश्योरेंस समझौता किया है।

- इस साझेदारी का उद्देश्य बैंक के ग्राहकों को स्वास्थ्य और जीवन बीमा समाधान प्रदान करना है, जिससे उनकी वित्तीय जरूरतों के लिए वन-स्टॉप डेस्टिनेशन तैयार किया जा सके।
- ये कार्ड वित्त प्रबंधन में सुविधा और लचीलापन प्रदान करने के लिए डिजाइन किए गए हैं।
- एयू बैंक, देश का सबसे बड़ा लघु वित्त बैंक है जो 41.3 लाख से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है। ■

# सार–संक्षेप



## नियुक्ति

### श्रीनिवासन के. स्वामी ऑडिट ब्यूरो ऑफ सर्कुलेशन के अध्यक्ष

आर. के. स्वामी हंसा ग्रुप के कार्यकारी अध्यक्ष श्रीनिवासन के. स्वामी को सर्वसम्मति से वर्ष 2023-24 के लिए ऑडिट ब्यूरो ऑफ सर्कुलेशन (ABC) का अध्यक्ष चुना गया है।

- श्री स्वामी वर्तमान में एशियन फेडरेशन ऑफ एडवरटाइजिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं।
- 1948 में स्थापित ऑडिट ब्यूरो ऑफ सर्कुलेशन (ABC) एक गैर-लाभकारी, स्वैच्छिक संगठन है; जिसमें प्रकाशक, विज्ञापनदाता और विज्ञापन एजेंसियां सदस्य के रूप में शामिल हैं।
- यह प्रकाशनों के प्रसार आंकड़ों को प्रमाणित करने हेतु ऑडिट प्रक्रियाओं को विकसित करने में अग्रणी भूमिका निभाता है।
- एबीसी, इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ ऑडिट ब्यूरो ऑफ सर्टिफिकेशन का संस्थापक सदस्य है।

### राजेश नांबियार नैसकॉम के नए चेयरपर्सन नियुक्त

कॉग्निजेंट इंडिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक राजेश नांबियार को भारतीय आई.टी. और प्रौद्योगिकी व्यापार निकाय नैसकॉम (NASSCOM) ने हाल ही में अपना नया चेयरपर्सन नियुक्त किया।

- राजेश नांबियार इस भूमिका में माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के पूर्व चेयरपर्सन अनंत माहेश्वरी की जगह लेंगे।
- नांबियार नैसकॉम की अध्यक्ष देबजानी घोष के साथ सहयोग करेंगे और नैसकॉम कार्यकारी परिषद, उद्योग हितधारकों और सरकार के साथ मिलकर काम करेंगे।
- नैसकॉम (NASSCOM- National Association of Software and Service Companies) भारत के आईटी उद्योग की शीर्ष संस्था है।

### आर. माधवन बने एफटीआईआई सोसायटी के अध्यक्ष

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने 1 सितंबर, 2023 को अभिनेता आर. माधवन को भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (FTII) सोसाइटी का अध्यक्ष और संचालन परिषद का अध्यक्ष नियुक्त किया।

- पूर्व अध्यक्ष शेखर कपूर का कार्यकाल 3 मार्च, 2023 को समाप्त हो गया।
- आर. माधवन को हाल ही में फिल्म 'रॉकेट्री: द नांबी इफेक्ट' के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है।
- एफटीआईआई चेयरपर्सन की अध्यक्षता वाली एफटीआईआई सोसायटी में 12 नामांकित सदस्य होते हैं।
- भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) पुणे में स्थित फिल्म निर्माण एवं टेलीविजन कार्यक्रमों के निर्माण के लिए प्रशिक्षण प्रदान करने वाला एक शिक्षण संस्थान है।

### जया वर्मा सिन्हा रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी

कैबिनेट की नियुक्ति समिति (ACC) ने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) के रूप में जया वर्मा सिन्हा की नियुक्ति को हाल ही में मंजूरी दी है।

- 1905 में रेलवे बोर्ड की स्थापना के बाद से जया इस पद को संभालने वाली पहली महिला बन गई हैं।
- उन्होंने अनिल कुमार लाहोटी की जगह ली, जिनका अध्यक्ष और CEO के रूप में कार्यकाल 31 अगस्त, 2023 को समाप्त हो गया।
- जया वर्मा सिन्हा 31 अगस्त, 2024 तक इस पद पर रहेंगी।
- इस नियुक्ति से पहले, वह रेलवे बोर्ड में सदस्य (संचालन और व्यवसाय विकास) के रूप में कार्यरत थीं।

### सुरेश गोपी : सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविजन संस्थान के अध्यक्ष

22 सितंबर, 2023 को अभिनेता सुरेश गोपी को सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविजन संस्थान के अध्यक्ष और इसके गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष के रूप में नामित किया गया है।

- सुरेश गोपी मलयालम सिनेमा के प्रसिद्ध अभिनेता हैं और उन्होंने तमिल, तेलुगू और कन्नड़ फिल्मों में भी काम किया है।
- गोपी को फिल्म 'कलियाट्टम' के लिए वर्ष 1997 में प्रतिष्ठित राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रदान किया जा चुका है।
- सत्यजीत रे फिल्म एवं टेलीवीजन संस्थान कोलकाता में स्थित एक चलचित्र संस्थान है। इस संस्थान की स्थापना वर्ष 1995 में की गई थी।

### धनंजय जोशी दूरसंचार उद्योग निकाय DIPA के अध्यक्ष

दूरसंचार उद्योग निकाय डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोवाइडर एसोसिएशन (DIPA) ने दूरसंचार अवसंरचना प्रदाता कंपनी 'समिट डिजिटल' के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी धनंजय जोशी को अपना अध्यक्ष (Chairman) नियुक्त किया है।

- जोशी इस पद पर भारती एंटरप्राइजेज के चेयमैन अखिल गुप्ता का स्थान लेंगे।
- DIPA ने अमेरिकन टावर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी संदीप गिरोत्रा को एसोसिएशन का उपाध्यक्ष (vice-chairman) नियुक्त किया है।

- जोशी और गिरोत्रा 1 अक्टूबर, 2023 को अपना-अपना पदभार ग्रहण करेंगे।
- डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोवाइडर्स एसोसिएशन (DIPA) एक गैर-लाभकारी उद्योग निकाय है, जो भारत में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर उद्योग का प्रतिनिधित्व करता है।

### भारतीय मूल के निहार मालवीय पेंगुइन रैंडम हाउस के CEO

भारतीय मूल के निहार मालवीय को न्यूयॉर्क स्थित अंतरराष्ट्रीय प्रकाशन समूह 'पेंगुइन रैंडम हाउस' का स्थायी मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) नामित किया गया है।

- मालवीय ने 1 जनवरी, 2023 को 'पेंगुइन रैंडम हाउस' के अंतरिम सीईओ की भूमिका संभाली थी।
- मालवीय से पहले मार्कस डोहले इस प्रकाशन समूह के सीईओ थे।
- डोहले ने वर्ष 2022 में 'साइमन और शूस्टर' के लिए बोली में 'पेंगुइन रैंडम हाउस' के असफल रहने के बाद यह पद छोड़ दिया था।

### राहुल नवीन ईडी के कार्यवाहक निदेशक नियुक्त

15 सितंबर, 2023 को केंद्र सरकार ने राहुल नवीन को प्रवर्तन निदेशालय (ED) का कार्यवाहक निदेशक नियुक्त किया है।

- राहुल नवीन ED चीफ संजय कुमार मिश्रा का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल समाप्त हो गया है।
- राहुल नवीन ईडी मुख्यालय के मुख्य सतर्कता अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं।
- ED चीफ के तौर पर जब तक किसी स्थायी अधिकारी की नियुक्ति नहीं हो जाती, तब तक राहुल नवीन इस पद की जिम्मेदारी संभालेंगे।
- संजय कुमार मिश्रा को 2018 में ED के निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था, उनका प्रारंभिक कार्यकाल नवंबर 2020 में समाप्त होने वाला था। केंद्र सरकार ने उन्हें सेवा में तीन विस्तार दिए।
- पूर्व ईडी प्रमुख संजय कुमार मिश्रा का कार्यकाल बढ़ाने के लिए सीवीसी ऐक्ट में संशोधन किया गया था।
- सुप्रीम कोर्ट ने जुलाई 2023 में संजय कुमार मिश्रा के तीसरे विस्तार को अवैध बताया था।
- केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से मिश्रा के लिए 15 अक्टूबर तक कार्यकाल विस्तार की मांग की थी।
- 27 जुलाई, 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने मिश्रा के कार्यकाल को 15 सितंबर, 2023 तक बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की थी।

### जोशित रंजन सिकिदर : सौर ऊर्जा निगम के निदेशक (वित्त) नियुक्त

जोशित रंजन सिकिदर 12 सितंबर, 2023 को भारतीय सौर ऊर्जा निगम लिमिटेड (एसईसीआई) में निदेशक (वित्त) के रूप में शामिल हुए हैं।

- जोशीत रंजन इससे पूर्व राइट्स लिमिटेड के समूह महाप्रबंधक (वित्त) और कंपनी सचिव के रूप में कार्यरत थे।
- भारतीय सौर ऊर्जा निगम लिमिटेड, भारत सरकार के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के अधीन एक मिनीरत्न कंपनी है।
- नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की कई योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए एसईसीआई एक नोडल एजेंसी है।

### डॉ. वसुधा गुप्ता : AIR के समाचार सेवा प्रभाग की महानिदेशक

डॉ. वसुधा गुप्ता को 31 अगस्त, 2023 को ऑल इंडिया रेडियो के समाचार सेवा प्रभाग की महानिदेशक नियुक्त किया गया।

- डॉ. वसुधा गुप्ता, एन. वेणुधर रेड्डी का स्थान लेंगी।
- ऑल इंडिया रेडियो के समाचार सेवा प्रभाग के महानिदेशक के रूप में नियुक्ति से पहले, डॉ. गुप्ता प्रेस सूचना ब्यूरो (PIB) के महानिदेशक के रूप में कार्यरत थीं।
- पीआईबी में अपने कार्यकाल के दौरान, डॉ. गुप्ता ने कोविड महामारी के समय सूचना प्रसार उत्पादों को तैयार करने और लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- डॉ. गुप्ता को विभिन्न मीडिया प्लेटफार्मों पर भारत सरकार के लिए फीडबैक डैशबोर्ड विकसित करने की महत्वपूर्ण पहल का नेतृत्व करने का श्रेय दिया जाता है।

## निधन

### जियोर्जियो नेपोलिटानो

पूर्व कम्युनिस्ट नेता और 2006-2015 तक इटली के राष्ट्रपति रहे जियोर्जियो नेपोलिटानो (Giorgio Napolitano) का 22 सितंबर, 2023 को रोम में निधन हो गया। वे 98 वर्ष के थे।

- जियोर्जियो नेपोलिटानो, इटली के 2 बार राष्ट्रपति चुने जाने वाले पहले व्यक्ति हैं। वह इटली के 11वें राष्ट्रपति थे।
- जियोर्जियो इटली के राष्ट्रपति पद तक पहुंचने वाले पहले कम्युनिस्ट नेता भी हैं।
- राष्ट्रपति के रूप में एक दशक से भी कम समय के दौरान जियोर्जियो ने 5 अलग-अलग प्रधानमंत्रियों के साथ काम किया।
- इतालवी राजनीति में नेपोलिटानो को उनके असाधारण योगदान के लिए 2005 में पूर्व राष्ट्रपति कार्लो एजेग्लियो सिआम्पी द्वारा आजीवन सीनेटर नियुक्त किया गया था।
- परंपरागत रूप से, इतालवी राष्ट्रपति पद एक प्रतीकात्मक और गैर-कार्यकारी कार्यालय रहा है।
- नेपोलिटानो का दृष्टिकोण देश की स्थिरता और प्रगति सुनिश्चित करने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### सरोजा वैद्यनाथन

भरतनाट्यम नृत्यांगना सरोजा वैद्यनाथन (Saroja Vaidyanathan) का 21 सितंबर, 2023 को नई दिल्ली में निधन हो गया। उनका जन्म 1937 में बेल्लारी (कर्नाटक) में हुआ था।

- शास्त्रीय नृत्यांगना सरोजा को वर्ष 2002 में पद्मश्री और वर्ष 2013 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था।
- सरोजा ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शास्त्रीय नृत्य विद्यालय 'गणेश नाट्यालय' की स्थापना की थी।

- उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की कविताओं सहित पौराणिक कथाओं और सामाजिक विषयों पर आधारित कई नृत्य-नाटकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत किया था।
- वैद्यनाथन को दिल्ली सरकार के साहित्य कला परिषद सम्मान और संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार भी प्रदान किया जा चुका है।
- वैद्यनाथन को वर्ष 2006 में भारत कला सुदार (Purifier of Indian Art) की उपाधि से सम्मानित किया गया।
- सरोजा वैद्यनाथन ने भरतनाट्यम और कर्नाटक संगीत पर कई किताबें लिखी हैं, जिनमें द क्लासिकल डांस ऑफ इंडिया, भरतनाट्यम - अ इन-डेप्थ स्टडी, कर्नाटक संगीतम और द साइंस ऑफ भरतनाट्यम शामिल हैं।

### गीता मेहता

प्रख्यात लेखिका और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की बहन 'गीता मेहता' का 16 सितंबर, 2023 को दिल्ली में निधन हो गया। वे 80 वर्ष की थीं।

- गीता मेहता लेखिका के साथ ही वृत्तचित्र फिल्म निर्माता और पत्रकार भी थीं। उनका जन्म वर्ष 1943 में हुआ था।
- वर्ष 2019 में, भारत सरकार ने उन्हें साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में पद्मश्री से सम्मानित किया, जिसे उन्होंने अस्वीकार कर दिया था।
- वर्ष 1979 में, गीता ने अपनी पहली पुस्तक 'कर्मा कोला' (Karma Cola) लिखी, जो भारतीय आध्यात्मिकता और इसके बारे में पश्चिमी दुनिया की धारणा पर निबंधों का एक संग्रह है।
- 'स्नेक एंड लैडर्स' (Snake and Ladders), 'अ रिवर सूत्र' (A River Sutra), 'राज' (Raj) और 'द इटरनल गणेशा' (The Eternal Ganesha) उनकी अन्य प्रमुख पुस्तकें हैं।

### इयान विल्मुट

विश्व के प्रथम क्लोन स्तनपायी प्राणी 'डॉली' (Dolly) नामक भेड़ के निर्माताओं में से एक ब्रिटिश वैज्ञानिक इयान विल्मुट का 11 सितंबर, 2023 को निधन हो गया।

- विल्मुट और उनकी टीम ने 1996 में डॉली नाम की एक भेड़ बनाई, जो वयस्क कोशिका से क्लोन किया गया पहला स्तनपायी प्राणी था।
- डॉली का नाम गायिका 'डॉली पार्टन' के नाम पर रखा गया था और इसे सोमैटिक सेल न्यूक्लियर ट्रांसफर नामक तकनीक का उपयोग करके बनाया गया था।

### उस्ताद अली जकी हैदर

प्रसिद्ध रुद्र वीणा वादक उस्ताद अली जकी हैदर का 8 सितंबर, 2023 को नई दिल्ली में निधन हो गया। वे उस्ताद असद अली खान के शिष्य थे।

- अली जकी हैदर ध्रुपद के जयपुर बीनकर घराने की खंडारबानी/खंडहरबानी शैली (Khandarbani style) के अंतिम 'प्रतिपादक' (exponent) थे।
- रुद्र वीणा भारतीय शास्त्रीय संगीत में उपयोग की जाने वाली मुख्य वीणा प्रकारों में से एक है। रुद्र वीणा विशेष रूप से ध्रुपद संगीत शैली में प्रयुक्त होता है।
- पौराणिक कथा के अनुसार, रुद्र वीणा भगवान शिव द्वारा देवी पार्वती की सुंदरता के लिए एक श्रद्धांजलि के रूप में बनाई गई थी।
- रुद्र वीणा सागौन की लकड़ी, धातु, कद्दू और बाँस से बना एक तार वाद्य यंत्र है।

### डेनिस ऑस्टिन

पॉवरपॉइंट के सह-निर्माता डेनिस ऑस्टिन का 1 सितंबर, 2023 को कैलिफोर्निया में निधन हो गया।

- ऑस्टिन 1985-96 तक पॉवरपॉइंट के प्राथमिक डेवलपर थे, उस दौरान सॉफ्टवेयर ने 100 मिलियन डॉलर से अधिक की बिक्री की।
- पॉवरपॉइंट विकसित करने वाली कंपनी फोरथॉट को 1987 में माइक्रोसॉफ्ट द्वारा अधिग्रहित कर लिया गया था।

## पुरस्कार एवं सम्मान

### रेमन मैग्सेसे पुरस्कार- 2023

फिलीपींस स्थित रेमन मैग्सेसे अवार्ड फाउंडेशन (RMAF) ने 31 अगस्त, 2023 को "ट्रांसफॉर्मिंग एशिया, इंस्पायरिंग द वर्ल्ड" थीम के साथ रेमन मैग्सेसे अवार्ड (2023) के 65वें संस्करण की घोषणा की।

- 2023 रेमन मैग्सेसे पुरस्कार 11 नवंबर, 2023 को फिलीपींस के मनीला में आयोजित किया जाएगा।
- असम के कछार कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (CCHRC) के निदेशक पद्मश्री डॉ. आर. रवि कन्नन को वर्ष 2023 के प्रतिष्ठित रेमन मैग्सेसे पुरस्कार के लिए चुना गया।
- यह पुरस्कार उन व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है, जो अपनी पृष्ठभूमि की परवाह किये बिना एशिया के लोगों की सेवा में असाधारण भावना प्रदर्शित करते हैं।
- भारत को अब तक कुल 59 रेमन मैग्सेसे पुरस्कार मिले हैं, जबकि फिलीपींस को 65 पुरस्कार मिले हैं।
- रेमन मैग्सेसे अवार्ड फाउंडेशन (RMAF) वर्ष 1957 में एशिया के सर्वोच्च तथा प्रमुख पुरस्कार के रूप में स्थापित किया गया था।

| 2023 रेमन मैग्सेसे पुरस्कार विजेता | | |
|---|---|---|
| **पुरस्कार विजेता** | **देश** | **योगदान** |
| डॉ. आर. रवि कन्नन | भारत | "हीरो फॉर होलिस्टिक हैल्थकेयर"। |
| मिरियम कोरोनेल-फेरर | फिलीपींस | "वीमेन इन पीस बिल्डिंग पायनियर"। |
| यूजेनियो लेमोस | तिमोर-लेस्ते | "फूड सोवेरीगंटी विजनरी"। |
| कोरवी रक्षंद | बांग्लादेश | "एजुकेशन फॉर ऑल चैंपियन"। |

## सार-संक्षेप

### अभिनेत्री वहीदा रहमान को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने 26 सितंबर, 2023 को घोषणा की कि प्रसिद्ध अभिनेत्री वहीदा रहमान को वर्ष 2021 के लिए 53वें दादा साहेब फाल्के लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

- भारतीय सिनेमा जगत का यह सर्वोच्च सम्मान वहीदा रहमान को 69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह के दौरान प्रदान किया जाएगा।
- वहीदा रहमान ने वर्ष 1971 में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किया था।
- वर्ष 1972 में वहीदा को भारत सरकार द्वारा पद्मश्री से सम्मानित किया गया, वर्ष 2011 में उन्हें पद्म भूषण पुरस्कार भी प्रदान किया गया।
- वहीदा रहमान को फिल्म गाइड (1965) और नील कमल (1968) में अपनी भूमिकाओं के लिए फिल्मफेयर का सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार प्रदान किया गया था।
- दादा साहेब फाल्के पुरस्कार सिनेमा के क्षेत्र में भारत का सर्वोच्च पुरस्कार है। इसे सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा स्थापित संगठन, फिल्म महोत्सव निदेशालय द्वारा प्रतिवर्ष राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में प्रस्तुत किया जाता है।

### स्वाति नायक को नॉर्मन बोरलॉग फील्ड अवार्ड-2023

स्वाति नायक को कृषि एवं खाद्य उत्पादन के क्षेत्र में उनके अभूतपूर्व योगदान के लिए नॉर्मन बोरलॉग फील्ड अवार्ड 2023 के लिए चुना गया है।

- स्वाति अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान (IRRI) में बीज प्रणाली और उत्पाद प्रबंधन की दक्षिण एशिया प्रमुख हैं।
- अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान मनीला (फिलीपींस) में स्थित है।
- यह पुरस्कार नोबेल पुरस्कार विजेता और हरित क्रांति के मुख्य वास्तुकार डॉ. नॉर्मन बोरलॉग की स्मृति में कृषि और खाद्य उत्पादन के क्षेत्र में काम करने वाले 40 वर्ष से कम आयु के वैज्ञानिकों को प्रदान किया जाता है।
- स्वाति को यह पुरस्कार 22 से 28 अक्टूबर, 2023 तक आयोवा (अमेरिका) में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रदान किया जाएगा।

### राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार की स्थापना

भारत सरकार ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में 21 सितंबर, 2023 को नए राष्ट्रीय पुरस्कारों की स्थापना की। इन्हें राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार (National Science Awards) कहा जाएगा।

- इस पुरस्कार की स्थापना के साथ ही पहले से विभिन्न विज्ञान विभागों द्वारा दिए जाने वाले लगभग 300 पुरस्कारों को रद्द कर दिया गया है।
- यह पुरस्कार वैज्ञानिकों, प्रौद्योगिकीविदों और आविष्कारकों को विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया जाएगा।
- पुरस्कार के अंतर्गत 4 श्रेणियां होंगी- विज्ञान रत्न, विज्ञान श्री, विज्ञान युवा-शांति स्वरूप भटनागर और विज्ञान टीम।
- इन पुरस्कारों के लिए नामांकन प्रतिवर्ष 14 जनवरी से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 28 फरवरी के बीच आमंत्रित किए जाएंगे।
- इन पुरस्कारों की घोषणा 11 मई को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर की जाएगी।
- पुरस्कार वितरण समारोह प्रतिवर्ष राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस 23 अगस्त को आयोजित किया जाएगा।
- राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार 13 क्षेत्रों में दिये जाएंगे। ये 13 क्षेत्र हैं- भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जैविक विज्ञान, गणित और कंप्यूटर विज्ञान, पृथ्वी विज्ञान, चिकित्सा, इंजीनियरी विज्ञान, कृषि विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार, परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी।

### हिमंत बिस्वा का सिंगापुर की प्रतिष्ठित फेलोशिप के लिए चयन

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को सिंगापुर की ली कुआन यू एक्सचेंज फेलोशिप के लिए 17 सितंबर, 2023 को चुना गया।

- सरमा को विकास और अंतरराष्ट्रीय सद्भाव के मुद्दे को आगे बढ़ाने में उनकी भूमिका हेतु इस पुरस्कार के लिए चुना गया है।
- सरमा यह फेलोशिप पाने वाले असम के पहले मुख्यमंत्री बन गए हैं।
- सरमा से पूर्व यह उपलब्धि पाने वालों में पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरुण शौरी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और योजना आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष मोंटेक सिंह अहलूवालिया हैं।
- ली कुआन यू एक्सचेंज फेलोशिप के प्राप्तकर्ताओं को कार्यक्रम के हिस्से के रूप में सिंगापुर की उच्च-स्तरीय यात्राओं के लिए आमंत्रित किया जाता है।
- यह फेलोशिप सिंगापुर के संस्थापक प्रधानमंत्री ली कुआन यू को राष्ट्र के प्रति उनके योगदान के लिए श्रद्धांजलि के रूप में शुरू की गई थी।

### RITES लिमिटेड को सेफ्टी इनोवेशन अवार्ड 2023

राइट्स (RITES) लिमिटेड को हाल ही में 'निर्माण' श्रेणी में 'सेफ्टी इनोवेशन अवार्ड 2023' प्रदान किया गया है।

- यह पुरस्कार RITES के परिचालन में 'अभिनव सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली' के कार्यान्वयन के लिए दिया गया।
- यह पुरस्कार द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) द्वारा नई दिल्ली में 20वें सुरक्षा सम्मेलन के दौरान प्रस्तुत किया गया था।
- RITES मिनीरत्न (श्रेणी-I) अनुसूची 'ए' सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम है, जिसकी स्थापना वर्ष 1974 में की गई।
- राइट्स (RITES) लिमिटेड को पहले रेल इंडिया टेक्निकल एंड इकोनॉमिक सर्विस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था ।

### द वैक्सीन वॉर: टाइम स्क्वायर पर गाना लॉन्च करने वाली पहली भारतीय फिल्म

फिल्म निर्माता विवेक अग्निहोत्री की फिल्म 'द वैक्सीन वॉर' पहली भारतीय फिल्म बन गई है, जिसका गाना 5 सितंबर, 2023 को टाइम्स स्क्वायर पर लॉन्च किया गया है।

- फिल्म कोरोना महामारी पर आधारित है, जिसमें दिखाया गया है कि कैसे देश के वैज्ञानिकों ने वैक्सीन बनाई।
- फिल्म का शीर्षक गीत 'सृष्टि से पहले', जिसमें ऋग्वेद के श्लोक शामिल है, में ब्रह्मांड के निर्माण का वर्णन किया गया था, न्यूयॉर्क में कथक के रूप में प्रस्तुत किया गया था।
- टाइम्स स्क्वायर पर, अभिनेत्री अर्चना जोगलेकर और उनकी नृत्य अकादमी के छात्रों द्वारा एक प्रदर्शन किया गया था और इसे प्रसिद्ध कथक उस्ताद द्वारा कोरियोग्राफ किया गया था।
- 'द वैक्सीन वॉर' 28 सितंबर, 2023 को रिलीज होगी। फिल्म का निर्देशन विवेक रंजन अग्निहोत्री ने किया है।
- 'द वैक्सीन वॉर' में अनुपम खेर, नाना पाटेकर, सप्तमी गौड़ा और पल्लवी जोशी मुख्य भूमिका में हैं।

### अदीब अहमद ने लीडिंग फिनटेक पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर पुरस्कार जीता

7 सितंबर, 2023 को मुंबई में ग्लोबल फिनटेक फेस्ट (GFF) 2023 के हिस्से के रूप में प्रतिष्ठित ग्लोबल फिनटेक अवार्ड्स (GFA) 2023 नामक समारोह आयोजित किया गया।

- इस वर्ष खाड़ी सहयोग देशों (GCC) के क्षेत्र से 'लीडिंग फिनटेक पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर' का प्रतिष्ठित वैश्विक पुरस्कार अदीब अहमद को प्रदान किया गया।
- वह अबू धाबी स्थित लूलू फाइनेंशियल होल्डिंग्स के प्रबंध निदेशक हैं। अदीब ने सीमा पार भुगतान में क्रांति लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## युद्धाभ्यास

### तटीय सुरक्षा अभ्यास 'ऑपरेशन-सजग'

भारतीय तटरक्षक बल द्वारा 18 सितंबर, 2023 को पश्चिमी तट पर तटीय सुरक्षा अभ्यास 'ऑपरेशन सजग' (Operation Sajag) आयोजित किया गया।

- ऑपरेशन सजग, तटीय सुरक्षा की अभिवृद्धि सुनिश्चित करने वाले सभी हितधारकों को शामिल करने के लिए संचालित किया गया।
- यह समुद्री अभ्यास तटीय सुरक्षा तंत्र के पुनर्मूल्यांकन की सुविधा प्रदान करता है और समुद्र में मछुआरों के बीच जागरूकता बढ़ाता है।
- इस अभ्यास के दौरान, समुद्र में मछली पकड़ने वाली सभी नौकाओं, नावों और छोटे जहाजों के आवश्यक दस्तावेजों तथा चालक दल को जारी किये गए पास की व्यापक जांच एवं सत्यापन किया गया।
- अभ्यास में सीमा शुल्क संगठन, समुद्री पुलिस, बंदरगाहों और भारतीय नौसेना सहित कुल 118 जहाजों ने भाग लिया।
- अभ्यास में तटीय सुरक्षा व्यवस्था को सशक्त करने के उद्देश्य के साथ मछुआरों के लिए बायोमेट्रिक कार्ड जारी करने, प्रत्येक राज्य के अनुसार मछली पकड़ने वाली नौकाओं की कलर कोडिंग व तटीय मानचित्रण जैसे कई उपाय शामिल किए गए।

### सिम्बेक्स 23 अभ्यास

21-24 सितंबर, 2023 के मध्य भारत और सिंगापुर की नौसेनाओं द्वारा वार्षिक नौसेना अभ्यास "SIMBEX 23" आयोजित किया गया।

- इसके हार्बर चरण में व्यावसायिक विचार-विमर्श, क्रॉस-डेक दौरे तथा समुद्री चरण में वायु-सुरक्षा तोप फायरिंग, पनडुब्बी रोधी और अन्य समुद्री अभियानों के अभ्यास शामिल थे।
- हार्बर चरण का उद्देश्य दोनों नौसेनाओं के बीच पारस्परिकता और आपसी समझ को बढ़ाना है।
- इस अभ्यास में रणविजय, कावारत्ती और सिंधुकेसरी तथा लंबी दूरी के समुद्री गश्ती विमान P81 ने भाग लिया।
- यह अभ्यास वर्ष 1994 से आयोजित किया जा रहा है। सिम्बेक्स को भारतीय नौसेना द्वारा किसी अन्य देश के साथ किया गया सबसे लंबा निरंतर नौसैनिक अभ्यास होने का गौरव प्राप्त है।

### प्रथम भारत-इंडोनेशिया-ऑस्ट्रेलिया त्रिपक्षीय समुद्री अभ्यास

भारतीय नौसेना के स्वदेश निर्मित युद्धपोत 'आईएनएस सह्याद्रि' ने 20-21 सितंबर, 2023 को रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना और इंडोनेशियाई नौसेना के जहाजों और विमानों के साथ पहले त्रिपक्षीय समुद्री साझेदारी अभ्यास में भाग लिया।

- त्रिपक्षीय अभ्यास 3 समुद्री देशों को अपनी साझेदारी को मजबूत करने और सुरक्षित हिंद-प्रशांत क्षेत्र का समर्थन करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।
- इस अभ्यास में भाग लेने वाली नौसेनाओं को एक-दूसरे के अनुभव और विशेषज्ञता से लाभ उठाने का अवसर प्रदान किया।
- अभ्यास में चालक दल के प्रशिक्षण और अंतरसंचालनीयता को बढ़ाने के लिए जटिल सामरिक और युद्धाभ्यास तथा हेलीकॉप्टरों की क्रॉस-डेक लैंडिंग आयोजित की गईं।
- क्रॉस-डेक या क्रॉस-डेकिंग नौसेना के जहाजों के बीच संसाधनों के साझाकरण के उपयोग को संदर्भित करता है।
- आईएनएस सह्याद्रि, स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित प्रोजेक्ट-17 श्रेणी के मल्टीरोल स्टेल्थ फ्रिगेट्स का तीसरा पोत है, जो मझगांव डॉक लिमिटेड, मुंबई में निर्मित किया गया है।

### 'आईएनएस निरीक्षक' ने गोताखोर प्रशिक्षण अभ्यास में भाग लिया

भारतीय नौसेना के गोताखोर सहायता और पनडुब्बी बचाव पोत, 'आईएनएस निरीक्षक' ने श्रीलंका के त्रिंकोमाली में आयोजित एक सप्ताह के 'गोताखोर प्रशिक्षण अभ्यास' में भाग लिया।

- इस अभ्यास का आयोजन 15 से 21 सितंबर, 2023 तक श्रीलंका के त्रिंकोमाली में किया गया।

- 'गोताखोर प्रशिक्षण अभ्यास' के तहत भारत और श्रीलंकाई नौसेना की गोताखोर टीमों ने बंदरगाह और समुद्र में व्यापक रूप से गोते लगाए।
- देश में सर्वाधिक 257 मीटर की गहराई में गोता लगाने का रिकॉर्ड आईएनएस निरीक्षक के नाम ही है।
- इस पोत के चालक दल और श्रीलंकाई नौसैन्य कर्मियों के बीच आपसी हितों के विभिन्न पहलुओं पर कर्मियों को प्रशिक्षण देने सहित कई अन्य वार्ताएं आयोजित की गई।
- आईएनएस निरीक्षक भारतीय नौसेना का एक डाइव सपोर्ट और पनडुब्बी बचाव जहाज है। इसका निर्माण वर्ष 1985 में मझगांव शिपबिल्डर्स द्वारा किया गया।
- आईएनएस निरीक्षक को वर्ष 1995 में नौसेना में कमीशन किया गया। यह पोत दो डीप सबमर्जेंस रेस्क्यू व्हीकल (डीएसआरवी) से लैस है, जो 12 लोगों को एक साथ 300 मीटर तक ले जाने में सक्षम है।

### 'समुद्र प्रहरी' का 'प्रदूषण प्रतिक्रिया टेबल-टॉप' अभ्यास

भारतीय तटरक्षक प्रदूषण नियंत्रण जहाज 'समुद्र प्रहरी' ने 20 सितंबर, 2023 को थाईलैण्ड के खरोंग तोई बंदरगाह पर 'प्रदूषण प्रतिक्रिया टेबल-टॉप' (Pollution Response Table-Top) अभ्यास और प्रदर्शन किया।

- 'समुद्र प्रहरी' अभ्यास भारत की समुद्री विशेषज्ञता और प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने के लिए किया गया।
- इस अभ्यास ने भारतीय तटरक्षक बल की प्रदूषण प्रतिक्रिया क्षमताओं और इस क्षेत्र के प्रति भारत की साझा प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित किया।
- इस अभ्यास में थाईलैंड के समुद्री प्रवर्तन समन्वय केन्द्र सहित सीमा शुल्क विभाग और रॉयल नेवी के प्रमुख कार्मिकों ने भाग लिया।
- इस अभ्यास में वास्तविक जीवन में तेल प्रदूषण परिदृश्य के दौरान ज्ञान साझा करने और सहयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया।
- 'टेबल टॉप' अभ्यास में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाने वाले सैन्य अधिकारी आपात स्थिति से निपटने के लिए त्वरित कार्रवाई पर विचार-विमर्श करते हैं और योजना निर्माण करते हैं।
- भारतीय तटरक्षक जहाज 'समुद्र प्रहरी' अत्याधुनिक प्रदूषण प्रतिक्रिया तकनीक से लैस है। इसे 9 अक्टूबर, 2010 को मुंबई में कमीशन किया गया था।

### आईएनएस शारदा का मॉरीशस दौरा

भारतीय नौसेना के ऑफशोर गश्ती पोत आईएनएस शारदा ने 13 से 15 सितंबर, 2023 तक मॉरीशस के पोर्ट लुइस का भ्रमण किया।

- पोर्ट लुइस में प्रवेश करने से पहले पोत आईएनएस शारदा ने मॉरीशस नेशनल कोस्ट गार्ड (एमएनसीजी) के साथ विशेष आर्थिक क्षेत्र (EEZ) की संयुक्त रूप से निगरानी की।
- मल्टीनेशनल सिविल मिलिटरी ग्रुप (MNCG) के कर्मियों को पोत का एक नियंत्रित भ्रमण कराया गया और उनका पोत की भूमिका और क्षमताओं से परिचय कराया गया।
- आईएनएस शारदा की यह यात्रा प्रधानमंत्री के 'क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास' (सागर) के दृष्टिकोण के प्रति भारतीय नौसेना की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है।

### वरुण-23 नौसैन्य अभ्यास

भारत और फ्रांस की नौसेनाओं के द्विपक्षीय नौसैन्य अभ्यास 'वरुण' (Varuna-23) के 21वें संस्करण का दूसरा चरण, हाल ही में अरब सागर में आयोजित किया गया।

- अभ्यास में भारत और फ्रांस के गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट, टैंकर, समुद्री गश्ती विमान और संयुक्त हेलीकॉप्टरों ने भाग लिया।
- तीन दिवसीय अभ्यास में संयुक्त संचालन, पुनर्गठन और विभिन्न सामरिक युद्धाभ्यास शामिल थे।
- दोनों देशों की नौसेनाओं ने अपनी युद्ध क्षमताओं में सुधार करने, आपसी अंतरसंचालनीयता बढ़ाने और क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और स्थिरता को बढ़ावा देने की अपनी क्षमता प्रदर्शित करने की मांग की।
- 'वरुण-2023' का पहला चरण 16 से 20 जनवरी, 2023 को भारत के पश्चिमी तट पर आयोजित किया गया था।
- भारत और फ्रांस की नौसेनाओं के बीच द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास 1993 में शुरू हुआ।
- वर्ष 2001 से 'वरुण' नाम से आयोजित यह अभ्यास भारत-फ्रांस द्विपक्षीय संबंधों का प्रतीक बन गया है।

### INS सुमेधा ने 'एक्सरसाइज ब्राइट स्टार-23' में भाग लिया

आईएनएस सुमेधा 'एक्सरसाइज ब्राइट स्टार-23' में भाग लेने के लिए 6 सितंबर, 2023 को मिस्र के पोर्ट अलेक्जेंड्रिया पहुंचा।

- 34 देशों का यह सैन्य अभ्यास 27 अगस्त से 16 सितंबर, 2023 तक मिस्र के काहिरा (पश्चिम) एयर बेस में आयोजित किया गया।
- यह बहुराष्ट्रीय त्रि-सेवा सैन्य अभ्यास मध्य पूर्व (पश्चिम एशिया) और उत्तरी अफ्रीका क्षेत्र में अब तक आयोजित सबसे बड़ा संयुक्त सैन्य अभ्यास है।

## विविध

### '2023 टाइम्स 100 नेक्स्टः द इमर्जिंग लीडर्स शेपिंग द वर्ल्ड' सूची

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को '2023 टाइम्स 100 नेक्स्टः द इमर्जिंग लीडर्स शेपिंग द वर्ल्ड' सूची में शामिल किया गया है।

- 13 सितंबर, 2023 को टाइम पत्रिका द्वारा जारी इस सूची में हरमनप्रीत के अलावा भारत से नंदिता वेंकटेशन और वीनू डेनियल को भी शामिल किया गया। साथ ही इस सूची में भारतीय मूल के नवारुण दासगुप्ता को भी जगह मिली है।
- **हरमनप्रीत कौरः** भारतीय कप्तान ने अपनी आक्रामकता और हुनर से महिला क्रिकेट को विश्व की सबसे मूल्यवान खेल संपत्तियों में से एक में बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

- ✧ वर्ष 2017 में हरमनप्रीत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व कप मैच में सिर्फ 115 गेंदों पर नाबाद 171 रन बनाए थे।
- **नंदिता वेंकटेशन:** नंदिता वेंकटेशन, क्षयरोग (TB) से ग्रस्त रही हैं, उन्होंने दवा के दुष्प्रभाव के कारण अपनी सुनने की क्षमता खो दी थी।
  - ✧ वेंकटेशन ने दवा के खिलाफ कोर्ट में लंबी लड़ाई लड़ी। इसके कारण टीबी जैसी बीमारी के इलाज के लिए सस्ती जेनेरिक दवाओं का रास्ता खुल गया।
- **वीनू डेनियल:** वीनू लोगों को स्थानीय ज्ञान के प्रति सम्मान सिखाते हैं, जो लोगों में भौतिक, सांस्कृतिक, पर्यावरणीय और भविष्य के प्रति जिम्मेदारीपूर्ण रवैये के निर्माण हेतु महत्वपूर्ण है।

| सितंबर 2023 के महत्वपूर्ण दिवस एवं थीम | | |
|---|---|---|
| **तिथि** | **दिवस** | **वर्ष 2023 की थीम** |
| 1 से 7 सितंबर | राष्ट्रीय पोषण सप्ताह | सभी के लिए किफायती स्वास्थ्यवर्द्धक आहार |
| 2 सितंबर | विश्व नारियल दिवस | वर्तमान और भावी पीढ़ी के लिए नारियल क्षेत्र को कायम रखना |
| 5 सितंबर | शिक्षक दिवस | – |
| 8 सितंबर | विश्व साक्षरता दिवस | परिवर्तनशील विश्व के लिए साक्षरता को बढ़ावा देना: टिकाऊ और शांतिपूर्ण समाजों की नींव का निर्माण करना |
| 9 सितंबर (सितंबर का दूसरा शनिवार) | विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस | डिजिटल दुनिया में प्राथमिक चिकित्सा |
| 10 सितंबर | विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस | कार्यवाही के माध्यम से आशा पैदा करना |
| 14 सितंबर | हिंदी दिवस | – |
| 15 सितंबर | राष्ट्रीय इंजीनियर दिवस | सतत भविष्य के लिए इंजीनियरिंग |
| 15 सितंबर | लोकतंत्र का अंतरराष्ट्रीय दिवस | अगली पीढ़ी को सशक्त बनाना |
| 16 सितंबर | विश्व ओजोन दिवस | मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल: ओजोन परत को ठीक करना और जलवायु परिवर्तन को कम करना |
| 16 सितंबर (सितंबर का तीसरा शनिवार) | अंतरराष्ट्रीय लाल पांडा दिवस | – |
| 17 सितंबर | विश्व रोगी सुरक्षा दिवस | रोगी की सुरक्षा के लिए रोगियों को शामिल करना |
| 18 सितंबर | विश्व बांस दिवस | – |
| 21 सितंबर | अल्जाइमर दिवस | न कभी बहुत जल्दी, न कभी बहुत देर |
| 21 सितंबर | अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस | शांति के लिए कार्रवाई: 'वैश्विक लक्ष्यों के लिए हमारी महत्वाकांक्षा' |
| 23 सितंबर | सांकेतिक भाषाओं का अंतरराष्ट्रीय दिवस | एक ऐसी दुनिया जहां हर जगह बधिर लोग कहीं भी हस्ताक्षर कर सकते हैं |
| 24 सितंबर | विश्व नदी दिवस | नदियों का अधिकार |
| 26 सितंबर | विश्व गर्भनिरोधक दिवस | विकल्पों की शक्ति |
| 26 सितंबर | विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस | वैश्विक पर्यावरणीय सार्वजनिक स्वास्थ्य: हर दिन हर किसी के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए खड़ा होना। |
| 27 सितंबर | विश्व पर्यटन दिवस | पर्यटन और हरित निवेश |
| 28 सितंबर | विश्व रेबीज दिवस | सभी एक के लिए, एक स्वास्थ्य सभी के लिए |
| 29 सितंबर | खाद्य हानि और बर्बादी के बारे में जागरूकता का अंतरराष्ट्रीय दिवस | भोजन की हानि और बर्बादी को कम करना: खाद्य प्रणालियों को बदलने के लिए कार्यवाही करना |
| 29 सितंबर | विश्व हृदय दिवस | हर दिल के लिए दिल का प्रयोग करें |
| 30 सितंबर | अंतरराष्ट्रीय अनुवाद दिवस | अनुवाद मानवता के अनेक चेहरों को उजागर करता है |

# खेल

## अमेरिकी ओपन टेनिस-2023

अमेरिकी ओपन टेनिस प्रतियोगिता 28 अगस्त से 10 सितंबर, 2023 तक न्यूयार्क में आयोजित की गई।

- अमेरिकी ओपन टेनिस प्रतियोगिता के पुरुष सिंगल्स में नोवाक जोकोविच ने डेनियल मेदवेदेव को हराकर 24वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीता।
- महिला सिंगल्स के फाइनल में अमेरिका की कोको गॉफ ने बेलारूस की अरियाना सबालेंका को हराकर अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता।

| विभिन्न श्रेणियों में विजेताओं की सूची | | |
|---|---|---|
| **श्रेणी** | **विजेता** | **उपविजेता** |
| पुरुष एकल | नोवाक जोकोविच (सर्बिया) | डेनियल मेदवेदेव (रूस) |
| महिला एकल | कोको गॉफ (अमेरिका) | अरियाना सबालेंका (बेलारूस) |
| पुरुष युगल | राजीव राम (अमेरिका) और जो सैलिसबरी (ग्रेट ब्रिटेन) | रोहन बोपन्ना (भारत) और मैथ्यू एब्डेन (ऑस्ट्रेलिया) |
| महिला युगल | इरिन रूटलिफ (न्यूजीलैंड) और गेब्रियला दब्रोवस्की (कनाडा) | लउरा सेजमंड (जर्मनी) और वेरा जोरानेवा (रूस) |
| मिश्रित युगल | देनिलिना (रूस) और हेलिबारा | जे पेगुला (अमेरिका) एवं ए क्राजेक |

## एशियन गेम्स 2023 में महिला क्रिकेट टीम ने स्वर्ण जीता

19वें एशियाई खेलों में 25 सितंबर, 2023 को भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने श्रीलंका को 19 रनों से हराकर स्वर्ण पदक जीता।

- इस जीत के साथ ही एशियाई खेल के क्रिकेट टूर्नामेंट में भारत ने अपना पहला पदक जीता है।
- भारतीय क्रिकेट टीम ने एशियाई खेलों में पहली बार भाग लिया है।
- एशियाई खेलों के 2010 और 2014 संस्करण में क्रिकेट खेला गया था, परन्तु भारत ने इस आयोजन में भाग नहीं लिया था।
- इस मैच में भारत ने 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 116 रन बनाए।
- 117 रनों के लक्ष्य के जवाब में श्रीलंका की टीम ने 8 विकेट पर 97 रन ही बना सकी।
- 19वें एशियाई खेल चीन के हांगझोऊ में 23 सितंबर से 8 अक्टूबर, 2023 तक आयोजित किया जा रहा है।

## ग्रेटर नोएडा में 'मोटो जीपी भारत-2023' का आयोजन

बाइक रेसिंग चैंपियनशिप 'मोटोजीपी (MotoGP) भारत-2023' (MotoGP) का आयोजन ग्रेटर नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में 22-24 सितंबर, 2023 को किया गया।

- उल्लेखनीय है कि मोटोजीपी का आयोजन देश में पहली बार किया गया है।
- मोटोजीपी में विश्व की 41 टीमों और 82 राइडर्स ने भाग लिया।
- इस चैंपियनशिप का नाम पहले इंडियन ग्रां प्री था, जिसे बदलकर मोटोजीपी भारत 2023 कर दिया गया।
- 5.01 किलोमीटर लंबे ट्रैक पर MotoGP की 120.24 किलोमीटर की रेस हुई।
- Moto GP की एक रेस करीब 100 से 130 किलोमीटर की होती है, जो लगभग 45 मिनट तक चलती है।

| MotoGP Bharat-2023 के विजेता | | |
|---|---|---|
| **श्रेणी** | **राइडर** | **टीम** |
| मोटो 1 | मार्को बेजेची (इटली) | मूनी वीआर 46 रेसिंग टीम |
| मोटो 2 | जॉर्ज मार्टिन (स्पेन) | प्रेमैक रेसिंग टीम |
| मोटो 3 | फैबियो क्वार्टारो (फ्रांस) | मांन्स्टर एनर्जी यामहा |

## ISSF राइफल/पिस्टल विश्व कप 2023

भारत ने ब्राजील के रियो डी जनेरियो में आयोजित आईएसएसएफ वर्ल्ड कप 2023 प्रतियोगिता में 1 स्वर्ण और 1 रजत पदक जीता।

- आईएसएसएफ वर्ल्ड कप 2023 का आयोजन ब्राजील के रियो डी जनेरियो में 12 से 19 सितंबर, 2023 तक किया गया।
- इलावेनिल वलारिवन ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्द्धा में फ्रांस की ओसिएने मुलर को हराकर स्वर्ण पदक जीता। वलारिवन का यह दूसरा व्यक्तिगत विश्व कप पदक है।
- भारत की निश्चल ने आईएसएसएफ वर्ल्ड कप 2023 में महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन में रजत पदक प्राप्त किया। वह नार्वे की निशानेबाज जेनेट हेग डुएस्टेड के बाद दूसरे स्थान पर रहीं।

- रियो में आयोजित आईएसएसएफ विश्व कप में कुल 16 भारतीय निशानेबाजों ने भाग लिया था।

## मोहम्मद सिराज एकदिवसीय गेंदबाजी रैंकिंग में नंबर 1

आईसीसी द्वारा जारी नवीनतम रैंकिंग में भारतीय गेंदबाज मोहम्मद सिराज एकदिवसीय गेंदबाजी रैंकिंग में नंबर 1 गेंदबाज बन गए हैं।

- 17 सितंबर, 2023 को श्रीलंका के खिलाफ एशिया कप फाइनल में अपने बेहतर प्रदर्शन के बाद मोहम्मद सिराज एक बार फिर विश्व के नंबर 1 वनडे गेंदबाज बन गये हैं।
- यह दूसरी बार है, जब सिराज आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष स्थान प्राप्त करने में सफल रहें।
- सिराज इससे पूर्व जोश हेजलवुड का स्थान लेते हुए इसी वर्ष (2023 में) जनवरी और मार्च के बीच एकदिवसीय गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर थे।
- एशिया कप में 12.20 की औसत से 10 विकेट लेने वाले भारत के तेज गेंदबाज सिराज 8 पायदान ऊपर चढ़कर शीर्ष पर पहुंचे हैं।

**नवीनतम एकदिवसीय रैंकिंग में शीर्ष 5 गेंदबाज-**

1. मोहम्मद सिराज (भारत)
2. जोश हेजलवुल (ऑस्ट्रेलिया)
3. ट्रेंट बोल्ट (न्यूजीलैंड)
4. मुजीब उर रहमान (अफगानिस्तान)
5. राशिद खान (ऑस्ट्रेलिया)

## डायमंड लीग 2023 के फाइनल में नीरज चोपड़ा दूसरे स्थान पर

ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा अमेरिका के यूजीन में स्थित हेवर्ड फील्ड में डायमंड लीग फाइनल में दूसरे स्थान पर रहे।

- नीरज चोपड़ा ने 83.80 मीटर के प्रयास के साथ रजत पदक जीता।
- चेक गणराज्य के याकुब वाडलेज्च ने 84.01 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया।
- इस प्रतियोगिता में फिनलैंड के ओलिवर हेलैंडर (83.74 मी.) तीसरे स्थान पर रहे।

## भारत ने 8वीं बार क्रिकेट एशिया कप जीता

17 सितंबर, 2023 को भारत ने श्रीलंका को फाइनल में 10 विकेट से हराकर क्रिकेट एशिया कप 2023 जीता।

- कुलदीप यादव ने टूर्नामेंट में 9 विकेट लिए और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार जीता।
- मैचों को सफलतापूर्वक संपन्न कराने वाले ग्राउंड स्टाफ को 50,000 डॉलर का पुरस्कार दिया गया।
- मोहम्मद सिराज को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।
- रवींद्र जडेजा को कैच ऑफ द मैच का अवॉर्ड दिया गया।

## सिमोना हालेप पर डोपिंग के कारण 4 वर्ष का प्रतिबंध

इंटरनेशनल टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी (ITIA) ने 12 सितंबर, 2023 को दो बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन रोमानिया की खिलाड़ी सिमोना हालेप को डोपिंग उल्लंघन के कारण पेशेवर टेनिस से 4 वर्ष के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया है।

- अपने 4 वर्ष के प्रतिबंध के साथ, सिमोना हालेप 6 अक्टूबर, 2026 तक पेशेवर टेनिस में प्रतिस्पर्द्धा करने के लिए अयोग्य हैं।
- रोमानियाई खिलाड़ी को वर्ष 2022 में यूएस ओपन में रॉक्सडस्टेट से पॉजिटिव पाया गया था, इस कारण उन्हें अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया।
- हालेप वर्ष 2017 में डब्ल्यूटीए रैंकिंग में विश्व की नंबर 1 महिला खिलाड़ी बनी थीं।

## महाराष्ट्र ने 5वीं राष्ट्रीय व्हीलचेयर रग्बी चैंपियनशिप 2023 जीती

महाराष्ट्र ने कर्नाटक को 31-10 के अंतिम स्कोर के साथ हराकर 5वीं राष्ट्रीय व्हीलचेयर रग्बी चैंपियनशिप 2023 जीती।

- चैंपियनशिप 10-11 सितंबर, 2023 को पुणे के बालेवाड़ी में आयोजित की गई थी।
- भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ (रग्बी इंडिया) ने व्हीलचेयर रग्बी फेडरेशन ऑफ इंडिया और मित्सुबिशी कॉर्पोरेशन के सहयोग से चैंपियनशिप का आयोजन किया।

## विराट कोहली सबसे तेज 13,000 रन बनाने वाले खिलाड़ी

भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली ने एकदिवसीय मैच में सबसे तेज 13,000 रन बनाकर सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया।

- 11 सितंबर, 2023 को एशिया कप 2023 में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए मैच में कोहली ने यह कीर्तिमान स्थापित किया।
- कोहली ने 267 पारियों में जबकि सचिन ने 321 पारियों में 13,000 एकदिवसीय रन बनाए।
- कोहली 13,000 एकदिवसीय रन बनाने वाले विश्व के पांचवें खिलाड़ी बन गए।
- सचिन तेंदुलकर के बाद कोहली वनडे में 13,000 रन बनाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं।

| वनडे में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज | | |
|---|---|---|
| 1. | सचिन तेंदुलकर (भारत) | 18,426 रन |
| 2. | कुमार संगकारा (श्रीलंका) | 14,234 रन |
| 3. | रिकी पोंटिंग (ऑस्ट्रेलिया) | 13,704 रन |
| 4. | सनथ जयसूर्या (श्रीलंका) | 13,430 रन |
| 5. | विराट कोहली (भारत) | 13,000 रन |

## FIBA बास्केटबॉल वर्ल्ड कप 2023

बॉस्केटबॉल वर्ल्ड कप 2023 में जर्मनी ने सर्बिया को 83-77 से हराकर पहली बार वर्ल्ड कप का खिताब जीता है।

- बॉस्केटबॉल वर्ल्ड कप का आयोजन 25 अगस्त से 10 सितंबर, 2023 तक फिलीपींस, जापान और इंडोनेशिया में किया गया।
- बास्केटबॉल वर्ल्ड कप का यह 19वां सीजन था। इस टूर्नामेंट में 32 टीमों ने भाग लिया था।
- कनाडा ने संयुक्त राज्य अमेरिका को 127-118 से हराकर कांस्य पदक जीता, जो विश्व कप इतिहास में उसका पहला पदक था।
- लातविया, दक्षिण सूडान और जॉर्जिया ने पहली बार विश्व कप में भाग लिया, जिसमें लातविया शीर्ष पांच में रहा।

## अंडर-16 सैफ फुटबॉल चैंपियनशिप 2023

भारत की अंडर-16 फुटबॉल टीम ने दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ फुटबॉल चैंपियनशिप 2023 (Under-16 SAFF Football Championship 2023) में बांग्लादेश को 2-0 से हराकर खिताब जीत लिया।

- यह चैंपियनशिप 1-10 सितंबर तक भूटान के थिंपू में आयोजित की गई थी। इस टूर्नामेंट में कुल 6 टीमों ने भाग लिया था।
- भारतीय अंडर-16 टीम ने इस खिताब को पांचवीं बार जीता है।
- टीम इंडिया की तरफ से खेल के 8वें मिनट में पहला गोल भरत लायेरजम ने और दूसरा गोल 73वें मिनट में लेविस जांगमिनलम ने किया।
- सूरज सिंह को SAFF U16 चैंपियनशिप का सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर, जबकि मोहम्मद अरबाश को सबसे मूल्यवान खिलाड़ी और उच्चतम स्कोरर का पुरस्कार प्रदान किया गया।
- ग्रुप स्टेज में भारत, बांग्लादेश और नेपाल को हराकर पहले स्थान पर रहा, जबकि दूसरे ग्रुप में पाकिस्तान शीर्ष स्थान पर रहा।
- अंडर-16 SAFF फुटबॉल चैंपियनशिप का पहली बार आयोजन वर्ष 2011 में किया गया था।

## भारत के किरण जॉर्ज ने इंडोनेशिया बैडमिंटन मास्टर्स का खिताब जीता

किरण जॉर्ज ने 10 सितंबर, 2023 को जापान के कू ताकाहाशी को हराकर इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 100 पुरुष एकल खिताब जीता।

- किरण ने अपना पहला सुपर 100 खिताब 2022 में ओडिशा ओपन जीता।
- जनवरी 2023 में किरण ने थाईलैंड ओपन में चीन के खिलाड़ी शी युकी और वेंग होंग यांग को हराया था।

## भारत ने पुरुष हॉकी फाइव्स एशिया कप 2023 जीता

भारत ने 2 सितंबर, 2023 को ओमान के सलालाह में पुरुष हॉकी फाइव्स एशिया कप 2023 (Men's Hockey Fives Asia Cup 2023) जीत लिया। भारत ने फाइनल में पाकिस्तान को पेनाल्टी शूटआउट में 2-0 से हराया।

- भारत ने इस जीत के साथ एफआईएच पुरुष हॉकी 5 विश्व कप 2024 में भी प्रवेश कर लिया है।
- भारतीय टीम के मनिंदर सिंह बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुने गये।
- भारत के लिए फुलटाइम में मोहम्मद राहील ने दो गोल किए। इसके अलावा जुगराज सिंह और मनिंदर सिंह ने 1-1 गोल किया।
- भारत ने सेमीफाइनल में मलेशिया को 10-4 से हराकर और पाकिस्तान ने ओमान को 7-3 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था।

## मोहन बागान ने डूरंड कप 2023 जीता

मोहन बागान ने 3 सितंबर, 2023 को कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में ईस्ट बंगाल को 1-0 से हराकर डूरंड कप फुटबाल 2023 जीत लिया।

- मोहन बागान एसजी डूरंड कप के इतिहास में 17 खिताब जीतने वाली पहली टीम बन गई है।
- दिमित्री पेट्राटौस ने मोहन बागान की तरफ से एकमात्र गोल किए।
- ईस्ट बंगाल डूरंड कप जीतने वाली दूसरी सबसे सफल टीम है, जिसके नाम 16 खिताब दर्ज हैं।
- मोहन बागान ने पिछला डूरंड कप वर्ष 2000 में जीता था।
- मोहन बागान 2004, 2009 और 2019 में डूरंड कप फाइनल में पहुंचा था, लेकिन जीत दर्ज करने में असफल रहा।

| डूरंड कप 2023 पुरस्कार विजेता | |
|---|---|
| गोल्डन ग्लव्स पुरस्कार | विशाल कैथ (मोहन बागान) |
| गोल्डन बूट पुरस्कार | डेविड लालहलानसंगा (मोहम्मडन एससी) |
| गोल्डन बॉल पुरस्कार | नंदकुमार शेखर (ईस्ट बंगाल एफसी) |

## भारतीय पुरुष हॉकी टीम नवीनतम विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर

भारतीय पुरुष हॉकी टीम 18 सितंबर, 2023 को अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (FIH) की नवीनतम विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है।

- भारतीय पुरुष हॉकी टीम की यह उपलब्धि चेन्नई में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2023 जीतने के बाद प्राप्त हुई।
- पुरुष हॉकी टीम में नीदरलैंड शीर्ष स्थान पर, जबकि बेल्जियम दूसरे स्थान पर है।
- भारतीय महिला हॉकी टीम भी एक स्थान ऊपर चढ़कर सातवें स्थान पर पहुंच गई हैं।
- महिलाओं की रैंकिंग में, नीदरलैंड शीर्ष स्थान पर, जबकि ऑस्ट्रेलिया दूसरे और अर्जेंटीना तीसरे स्थान पर है। ■

# वनलाइनर समसामयिकी

वन लाइनर - 25 सितंबर तक

## राज्य

- केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने 24 सितंबर, 2023 को अरुणाचल प्रदेश के किस हवाई अड्डे पर नये टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया? **- तेजु हवाई अड्डे**
- राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने 21 सितंबर, 2023 को पहले उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी का उद्घाटन कहाँ किया? **- ग्रेटर नोएडा में**
- दक्षिणी राज्यों/ केंद्रशासित प्रदेशों के पशुपालन एवं डेयरी क्षेत्र की क्षेत्रीय समीक्षा बैठक 15 सितंबर, 2023 को कहाँ आयोजित किया गया? **- केरल के तिरुवनंतपुरम में**
- हाल ही में क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया (QCI) के एक मोबाइल एप्लिकेशन ऐप 'सरपंच संवाद' का अनावरण कहाँ किया गया? **- गुवाहाटी**
- केंद्र सरकार ने 14 सितंबर, 2023 को किन राज्यों के किसानों के लिए फसल वर्ष 2023-24 में अफीम पोस्त की खेती के संबंध में लाइसेंस की वार्षिक लाइसेंसिंग नीति की घोषणा की है? **- मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश**
- केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री परषोत्तम रुपाला ने 14 सितंबर, 2023 को आईसीएआर-सीआईबीए (आईसीएआर-केंद्रीय खारा जल मत्स्य पालन संस्थान) झींगा किसान सम्मेलन-2023 के दूसरे संस्करण का उद्घाटन कहाँ किया? **- गुजरात के नवसारी कृषि विश्वविद्यालय**
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 14 सितंबर, 2023 को बीपीसीएल की बीना रिफाइनरी में डाउनस्ट्रीम पेट्रोकेमिकल परिसर और रिफाइनरी विस्तार परियोजना की आधारशिला कहाँ रखी? **- मध्य प्रदेश के बीना में**
- किस राज्य सरकार ने 12 सितंबर, 2023 को 20,000 से एक लाख की आबादी वाले 100 सबसे पिछड़े शहरी निकायों में 'आकांक्षी शहर योजना' (एस्पिरेशनल सिटी स्कीम) लागू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी? **- उत्तर प्रदेश**

## राष्ट्रीय

- रक्षा मंत्री ने 26 सितंबर, 2023 को 13वें हिंद-प्रशांत सेना प्रमुख सम्मेलन [13th Indo-Pacific Armies Chiefs' Conference (IPACC)] का उद्घाटन कहाँ किया? **- नई दिल्ली**
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 23 सितंबर, 2023 को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास कहाँ किया? **- वाराणसी**
- राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय महत्व के विभिन्न कानूनी विषयों पर सार्थक संवाद और चर्चा के लिए किस सम्मेलन का आयोजन 23 सितंबर, 2023 को नई दिल्ली में किया गया? **- 'अंतर्राष्ट्रीय अधिवक्ता सम्मेलन 2023'**
- भारत की जी-20 अध्यक्षता में अवसंरचना कार्यसमूह की चौथी बैठक 21-22 सितंबर, 2023 को कहाँ आयोजित की गई? **- मध्यप्रदेश के खजुराहो**
- किस संस्था ने 26 सितंबर, 2023 को ट्रांसजेंडर व्यक्तियों का कल्याण सुनिश्चित करने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकारों को एडवाइजरी जारी की? **- राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC)**
- केन्द्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री परषोत्तम रूपाला ने 20 सितंबर, 2023 को मत्स्य पालन विभाग की वार्षिक क्षमता निर्माण योजना (ACBP) का शुभारंभ कहाँ किया? **- नई दिल्ली में**
- भारत के राष्ट्रीय मानक निकाय, भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) द्वारा देश भर के स्कूलों और कॉलेजों में कितने मानक क्लब स्थापित किए गए हैं? **- 6,467**
- 18 सितंबर, 2023 को डिजिटल इंडिया टॉक शो सह इंटरएक्टिव सत्र का आयोजन कहाँ किया गया? **- दिल्ली विश्वविद्यालय में**
- केंद्र सरकार ने भारत की कम लागत वाली किस एयरलाइन को हाल ही में अंतरराष्ट्रीय उड़ानें संचालित करने की अनुमति दी है? **- 'अकासा एयर'**
- भारत की जी20 अध्यक्षता के तहत जी20 फ्रेमवर्क वर्किंग ग्रुप (FWG) की चौथी और अंतिम बैठक 18-19 सितंबर, 2023 को कहाँ आयोजित की गई? **- रायपुर ( छत्तीसगढ़ ) में**
- 19 सितंबर, 2023 से संसद की कार्यवाही नए संसद भवन में शुरू हो गई है, पुराने संसद भवन को किस नाम से जाना जाएगा? **- 'संविधान सदन'**
- 18 अगस्त, 2023 को यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल में शामिल होने वाला भारत का 42वां स्थल कौन है? **- कर्नाटक के 'होयसल के पवित्र मंदिर समूह'**
- सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने नई दिल्ली में भारत की G20 प्रेसीडेंसी पर किस नाम से एक ई-बुक का अनावरण किया? **- 'पीपल्स G20'**
- रक्षा विज्ञान, प्रौद्योगिकी और उद्योग सहयोग पर भारत-मलेशिया संयुक्त उप-समिति की 10वीं बैठक 18 सितंबर, 2023 को कहाँ आयोजित की गई? **- नई दिल्ली**

- 17 सितंबर, 2023 को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल होने वाला भारत का 41वां यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल कौन है? **- शांतिनिकेतन**
- नीति आयोग के सदस्य प्रोफेसर रमेश चंद ने 15 सितंबर, 2023 को कृषि सांख्यिकी आंकड़ों से संबंधित किस पोर्टल का शुभारंभ किया? - **एकीकृत पोर्टल (यूपीएजी पोर्टल)**
- केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने 15 सितंबर, 2023 को कहाँ से अखिल भारतीय स्वच्छता पखवाड़ा-'स्वच्छता ही सेवा-2023' अभियान का शुभारंभ किया? **- जयपुर**
- सीएसआईआर-एनआईएससीपीआर ने 15 सितंबर, 2023 को एक सप्ताह एक लैब कार्यक्रम के तहत 'विज्ञान ज्ञान सम्मेलन कार्यक्रम' का आयोजन कहाँ किया? **- नई दिल्ली में**
- राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने 13 सितंबर, 2023 को 'आयुष्मान भव' अभियान के साथ-साथ आयुष्मान भव पोर्टल का शुभारंभ कहाँ किया? **- गांधीनगर**
- दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन 13 सितंबर, 2023 को स्वदेशी संचार आधारित ट्रेन नियंत्रण प्रणाली विकसित करने के लिए किसके साथ समझौता किया है? **- भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड**
- केंद्रीय शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने स्किल इंडिया डिजिटल (एसआईडी) का शुभारम्भ कब किया? **- 13 सितंबर, 2023**
- केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 12 सितंबर, 2023 को 141 पीएम श्री स्कूलों और नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय की आधारशिला कहाँ रखी? **- देहरादून**
- किस मंत्रालय ने हाल ही में विशेष स्वच्छता अभियान के अंतर्गत 248 स्वच्छता अभियान संचालित किये? **- जल शक्ति मंत्रालय**

## आर्थिकी

- दवा कंपनी 'सिप्ला लिमिटेड' ने 26 सितंबर, 2023 को किस राज्य में अस्पतालों और फार्मेसियों को अपनी महत्वपूर्ण दवाओं के वितरण के लिए ड्रोन-संचालित डिलीवरी सेवा शुरू करने की घोषणा की? **- हिमाचल प्रदेश**
- किस संस्था ने वित्त वर्ष 2022-2023 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के अनुमान को 6.4 प्रतिशत से घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया? **- एशियाई विकास बैंक (ADB)**
- वर्ल्ड स्पाइस कांग्रेस - 2023 का (WSC) का 14वां संस्करण 15-17 सितंबर, 2023 को कहाँ आयोजित किया गया? **- नवी मुंबई के वाशी**
- ब्रिटेन सरकार किस कंपनी के साथ 15 सितंबर, 2023 को वेल्स में पोर्ट टैलबोट स्टीलवर्क्स के लिए 1.25 अरब पाउंड के संयुक्त निवेश पैकेज पर सहमत हुए हैं? **- टाटा स्टील**

## अंतरराष्ट्रीय

- नागोर्नो-काराबाख में युद्धविराम के रूसी प्रस्ताव पर किन दो देशों की सेना ने सहमति व्यक्त की है? **- अजरबैजान और आर्मेनिया**
- भारत और अमेरिका के बीच 26 सितंबर, 2023 को 2+2 अंतरसत्रीय संवाद कहाँ आयोजित किया गया? - **वाशिंगटन**
- किस देश में बढ़ती भारत विरोधी गतिविधियों के बीच भारतीय नागरिकों और छात्रों के लिए भारत सरकार ने 20 सितंबर, 2023 को परामर्श जारी किया है? **- कनाडा**
- संयुक्त राष्ट्र महासभा में विश्व नेताओं ने 17 सतत विकास लक्ष्यों (SDG) को लागू करने पर कार्रवाई में तेजी लाने के लिए कब एक घोषणा-पत्र को अपनाया? **- 18 सितंबर 2023 को**
- भारतीय मूल के अर्थशास्त्री थर्मन शनमुगरत्नम ने 14 सितंबर, 2023 को किस देश के 9वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली? **- सिंगापुर**
- भारत ऊर्जा सहित 8 क्षेत्रों में सहयोग पर 11 सितंबर, 2023 को किस देश के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए? **- सऊदी अरब**
- बांग्लादेश ने 3.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य के 10 एयरबस विमानों की खरीद के लिए किस देश के साथ समझौता किया है? **- फ्रांस**
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आधिकारिक तौर पर किस देश को जी20 की अध्यक्षता सौंपी? **- ब्राजील**
- 9 सितंबर, 2023 को जी20 का स्थायी सदस्य कौन बन गया है? **- अफ्रीकी संघ**

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

- ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीज ने दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में एक नये हाइड्रोजन हब (पोर्ट बोनीथॉन हाइड्रोजन हब) को विकसित करने के लिए कितने अमेरिकी डॉलर की फंडिंग की घोषणा की? **- 6.42 करोड़**
- किस राज्य में निपाह संक्रमण का पता लगाने के लिए ट्रूनेट टेस्ट को मंजूरी दी गई है ? **- केरल**
- हाल ही में भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण (GSI) ने किस राज्य में तलछट के नमूनों में दुर्लभ धातु 'वैनेडियम' की खोज की है? **- गुजरात**
- इसरो ने पीएसएलवी - सी 57 (PSLV-C57) लॉन्च व्हीकल से 2 सितंबर, 2023 को सूर्य के अध्ययन के लिए किस मिशन को लॉन्च किया? **- "आदित्य-एल1"**
- किस एजेंसी ने 7 सितंबर, 2023 को शमून स्नाइपरश चंद्र लैंडर स्मार्ट लैंडर फॉर इन्वेस्टिगेटिंग मून (SLIM) को अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया? **- जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (JAXA)**

## पर्यावरण

- पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने 29वां विश्व ओजोन दिवस कब मनाया? **- 16 सितंबर, 2023 को**
- 25 सितंबर, 2023 को देश की पहली हाइड्रोजन ईंधन बस कहाँ चलायी गई? **- नई दिल्ली**
- किस अभयारण्य को मध्य प्रदेश के 7वें बाघ अभयारण्य के रूप में अधिसूचित किया है? **- वीरांगना दुर्गावती बाघ अभयारण्य**
- भारत में अधिसूचित बाघ अभयारण्यों की कुल संख्या अब कितनी हो गई है? **- 55**
- किस देश ने हाल ही में जलवायु परिवर्तन से निपटने हेतु हरित जलवायु कोष (जीसीएफ) के लिए 2 अरब अमेरिकी डॉलर प्रदान करने की घोषणा की? **- ब्रिटेन**
- 6 सितंबर, 2023 को देश की पहली सोलर सिटी का लोकार्पण कहाँ किया गया? **- सांची योजना**
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 17 सितंबर, 2023 को विश्वकर्मा जयंती पर किस योजना का शुभारंभ किया? **- विश्वकर्मा योजना**
- केंद्र सरकार पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत कारीगरों को दिए जाने वाले ऋण पर कितने प्रतिशत तक की सब्सिडी देगी? **- 8 प्रतिशत**
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वित्तीय वर्ष 2023-24 से 2025-26 तक तीन वर्षों में 75 लाख एलपीजी कनेक्शन जारी करने के लिए किस योजना के विस्तार को मंजूरी दी? **- प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई)**
- 7,210 करोड़ रुपये के वित्तीय परिव्यय के साथ चार वर्ष (2023 से आगे) के लिए एक केंद्रीय क्षेत्र योजना के रूप में ई-कोर्ट परियोजना चरण-3 को केंद्रीय मंत्रिमंडल से कब मंजूरी दी गई? **- 13 सितंबर, 2023**


## रिपोर्ट/सूचकांक

- किस संस्था ने 21 सितंबर, 2023 को 'लो पावर स्मॉल-रेंज के एफएम रेडियो प्रसारण से संबंधित मुद्दों' के बारे में अपनी सिफारिशें जारी की हैं? **- भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (TRAI)**
- अंतरराष्ट्रीय वित्त निगम ने भारत में जलवायु निवेश के लिए वित्तीय संसाधनों पर एक रिपोर्ट कब जारी की है? **- 26 सितंबर, 2023**
- भारत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त ओआईएमएल (इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर लीगल मेट्रोलॉजी) प्रमाण-पत्र जारी करने वाला विश्व का कौन-सा देश बन गया है? **- 13वां**
- विश्व बौद्धिक संपदा संगठन द्वारा प्रकाशित ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स (GII) 2023 रैंकिंग में भारत ने 132 अर्थव्यवस्थाओं में से किस रैंक पर बनी है? **- 40वीं खेल**

## खेल

- 22 से 24 सितंबर, 2023 तक देश में पहली बार मोटोजीपी भारत का आयोजन कहाँ किया गया? **- ग्रेटर नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट**
- 22 सितंबर, 2023 को 3 मैचों की एक-दिवसीय क्रिकेट श्रृंखला के पहले मैच में भारत ने किस देश को 5 विकेट से हराया? **- ऑस्ट्रेलिया**
- आईसीसी की नवीनतम रैंकिंग के अनुसार क्रिकेट के तीनों प्रारूपों (टेस्ट, टी20आई और वनडे) में शीर्ष रैंकिंग पर कौन-सा देश पहुच गया है? **- भारत**
- भारतीय पहलवान अंतिम पंघाल ने 21 सितंबर, 2023 को सर्बिया के बेलग्रेड में आयोजित हो रहे विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में महिलाओं के 53 किलोग्राम वर्ग में कौन-सा पदक जीता? **- कांस्य**
- आईसीसी द्वारा जारी नवीनतम रैंकिंग में किस भारतीय गेंदबाज को एकदिवसीय गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान प्रदान किया गया है? **- मोहम्मद सिराज**
- भारतीय पुरुष हॉकी टीम अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (FIH) की नवीनतम विश्व रैंकिंग में किस स्थान पर पहुंच गई है? **- तीसरे**
- भारतीय निशानेबाज निश्चल ने 18 सितंबर, 2023 को रियो डी जेनेरियो में आईएसएसएफ विश्व कप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल स्पर्द्धा में कौन-सा पदक जीता? **- रजत**
- 15 सितंबर, 2023 को प्रवर्तन निदेशालय (ED) का कार्यवाहक निदेशक किसे नियुक्त किया गया है? **- राहुल नवीन**
- 14 सितंबर, 2023 को भारतीय स्टेट बैंक के पूर्व चेयरमैन रजनीश कुमार को किस क्रेडिट कार्ड कंपनी का नया चेयरपर्सन नियुक्त किया गया है? **- मास्टरकार्ड इंडिया**
- 13 सितंबर, 2023 को जारी 2023 टाइम 100 नेक्स्ट: द इमर्जिंग लीडर्स शेपिंग द वर्ल्ड सूची में किस भारतीय महिला क्रिकेटर को स्थान दिया गया है? **- हरमनप्रीत कौर**
- 14-19 सितंबर, 2023 तक चलने वाले आईएसएसएफ (ISSF) राइफल और पिस्टल निशानेबाजी विश्व कप कहाँ आयोजित किया जा रहा है? **- ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में**
- आईसीसी द्वारा 13 सितंबर, 2023 को जारी वनडे रैंकिंग में किस भारतीय बल्लेबाज को दूसरे स्थान पर रखा गया है? **- शुभमन गिल**
- एएफसी फुटबॉल अंडर-23 एशियाई कप क्वालीफायर में 12 सितंबर, 2023 को भारत को किस देश ने हराया? **- संयुक्त अरब अमीरात**
- एकदिवसीय मैचों में सबसे तेज 13 हजार रन बनाने वाले खिलाड़ी कौन बन गए हैं? **- विराट कोहली**
- 10 सितंबर, 2023 को जर्मनी ने किस देश को हराकर पहली बार बास्केटबॉल विश्व कप जीता? **- सर्बिया**
- यूएस ओपन टेनिस-2023 टूर्नामेंट में महिला सिंगल्स का खिताब किसने जीता? **- अमरीका की कोको गॉफ**

# प्रतियोगिता परीक्षा प्रश्नोत्तर सार



**बिहार शिक्षक भर्ती परीक्षा - सामाजिक विज्ञान (बीपीएससी द्वारा आयोजित)**

**परीक्षा तिथिः 26 अगस्त, 2023**

- निम्नलिखित में से कौन-सा फोटो-इलेक्ट्रिक उपकरण डिजिटल अनुप्रयोग के लिए सबसे उपयुक्त है?- **फोटो-वोल्टिक सेल**
- किसी विखण्डनीय द्रव्य का क्रान्तिक द्रव्यमान होगा **- शृंखला अभिक्रिया हेतु आवश्यक न्यूनतम द्रव्यमान**
- फलों को जबरदस्ती पकाने के लिए निम्नलिखित में से किस गैस का उपयोग किया जाता है? **- एथिलीन**
- लीची का खाद्य भाग है **- एरिल**
- आणविक ऑक्सीजन का पत्तियों से निकलना कौन-सा भौतिक क्रिया है? **- विसरण**
- किसी गुणसूत्र पर जीनों की आपेक्षिक स्थिति ज्ञात करने की प्रक्रिया कहलाती है **- जीन मानचित्रण**
- ब्रायोफाइट में बीजाणु मातृ कोशिका होती है **- द्विगुणित**
- भारत सरकार द्वारा पर्यावरण और वन की सुरक्षा के लिए किस वर्ष NGT (नैशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल) की स्थापना की गई थी? **- 2010**
- भारत के किस शहर ने सबसे पहले पानी के नीचे मेट्रो की शुरुआत की? **- कलकत्ता**
- भारत की G20 अध्यक्षता में पर्यटन कार्यसमूह की बैठक कहां हुई थी? **- श्रीनगर (जम्मू और कश्मीर)**
- इनमें से किसने राष्ट्रीय अंडर-17 बालिका कुश्ती चैम्पियनशिप में रजत पदक प्राप्त किया? **- निर्जला**
- उपन्यास टॉम्ब ऑफ सैंड के लिए अन्तरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार, 2022 किसने जीता? **- गीतांजलि श्री और डेजी रॉकवेल**
- भारत के 74वें गणतंत्र दिवस पर कौन मुख्य अतिथि थे? **- अब्देल फतह अत-सिसी**
- बिहार के किस जिले में प्रथम तैरता हुआ सोलर ऊर्जा संयंत्र बनाया गया है? **- दरभंगा**
- बिहार में निम्नलिखित में से किसे GI टैग मिला है? **- मगही पान**
- सही सुमेलित है: **- चार - डेल्टा, कंकर - बांगर, कायल - तटीय मैदान, मांड - पंजाब का मैदान**
- कौन-सी सहायक नदी ब्रह्मपुत्र से उत्तर दिशा से नहीं मिलती है? **- सुबनसिटी, बेलसिरी, मानस नहीं मिलती है।**
- लिखापानी हिमनद भारत के किस राज्य में स्थित है? **- सिक्किम**
- मगध एवं अंग का मैदान किसके हिस्से हैं? **- मध्य गंगा का मैदान**
- भारत के बंदरगाहों को उत्तर से दक्षिण दिशा में व्यवस्थित कीजिए: **- विशाखापत्तनम, काकीनाड़ा, मछलीपटटनम, नागपटिटनम**
- 1954 में किन दो देशों के बीच कोसी सिंचाई एवं जलविद्युत परियोजना समझौता हस्ताक्षरित हुआ था? **- भारत और नेपाल**
- आर.एल. सिंह के वर्गीकरण स्कीम के अनुसार, बिहार किस प्रकार के जलवायु प्रदेश में आता है? **- उपार्द्र संक्रमणकालीन**
- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के किस अधिवेशन में 'पूर्ण स्वराज' का सिद्धान्त गृहीत हुआ था? **- लाहौर अधिवेशन, 1929**
- पंजाब में 'कूका आन्दोलन' का प्रारम्भिक उद्देश्य क्या था? **- सिक्ख धर्म का परिष्कृत करना**
- 1857 के विद्रोह को किसके द्वारा 'प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम' के रूप में वर्णित किया गया था?- **वी.डी. सावरकर**
- भारतीय किसानों के इतिहास में संगठित असहयोग का प्रथम उदाहरण कहां घटित हुआ था? **- बिहार और बंगाल**
- वर्ष 1946 में बनी अन्तरिम सरकार में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के पास कौन-सा विभाग था? **- खाद्य एवं कृषि**
- गांधीजी को विशेष रूप से चम्पारण आने और वहां के कृषकों की दयनीय स्थिति को देखने हेतु किसने अनुग्रह किया था? **- राजकुमार शुक्ल**
- मुस्लिम लीग द्वारा किस तिथि को 'मुक्ति दिवस' मनाया गया था? **- 22 दिसम्बर, 1939**
- नेशनल कॉलेज और बिहार विद्यापीठ का शिलान्यास किसने किया था? **- महात्मा गांधी**
- सिंधु घाटी सभ्यता के प्रमुख नगर का नाम क्या है, जिसका पश्चिमी एशिया से व्यापारिक सम्बन्ध था? **- कालीबंगा (कालीबंगन)**
- मोहनजोदड़ो से प्राप्त नर्तकी की मूर्ति किस धातु से बनी थी? **- कांस्य**
- सिंधु घाटी सभ्यता में किस जानवर की पूजा के प्रमाण मिले हैं? **- कूबड़दार बैल**
- ऋग्वेद में कितने सूक्तों का संकलन है? **- 1028**
- किरातार्जुनीय किसने लिखा था? **- भारवि**
- वैदिक काल में प्रयुक्त 'पुर' का अर्थ है **- दुर्ग**

- ऋग्वेद में 'तक्षन' किसे कहते थे? **- बढ़ई**
- मौर्यकालीन 'काकणी' किस धातु के बने सिक्के थे?- **तांबा**
- विश्व का पहला गणतंत्र वैशाली में किसके द्वारा स्थापित किया गया? **- लिच्छवी**
- कौटिल्य का अर्थशास्त्र अधिकरणों में विभाजित है? **- 15**
- इल्तुतमिश ने बिहार में अपना प्रथम सूबेदार किसे नियुक्त किया था? **- मलीमजानी**
- बिरसा मुण्डा का कार्यक्षेत्र कौन-सा था? **- रांची**
- 1857 की क्रांति के बिहार के नेता थे **- बाबू कुंवर सिंह**
- मगध की प्रथम राजधानी कौन-सी थी? **- गिरिव्रज (राजगृह)**
- उस स्रोत का नाम बताइए, जिसमें पाटलिपुत्र के प्रशासन का वर्णन उपलब्ध है। **- इण्डिका**
- 'मदद-ए-माश' मुगल प्रशासन में किससे सम्बन्धित था? **- विद्वानों को दी जाने वाली राजस्व-मुक्त भूमि**
- पूना समझौते का उद्देश्य था - **दलित वर्ग का प्रतिनिधित्व**
- 'जंतर-मंतर' का निर्माण किसने किया था? **- सवाई राजा जयसिंह**
- वंदे मातरम् के रचनाकार थे **- बंकिमचन्द्र चटर्जी**
- क्रिस्टोफर कोलम्बस, 1492 में अमेरिका का महान खोजकर्ता, किस देश द्वारा वित्तपोषित किया गया था? **- स्पेन**
- 'बोस्टन टी पार्टी', इतिहास की एक महत्त्वपूर्ण घटना, किससे सम्बन्धित है? **- अमेरिका का स्वतंत्रता संग्राम**
- अमेरिका के इतिहास में 4 जुलाई, 1776 क्यों महत्त्वपूर्ण मानी जाती है? **- अमरीकी स्वतंत्रता की घोषणा**
- फ्रांसीसी क्रांति के समय फ्रांस का शासक था **- लुई सोलहवां**
- औद्योगिक क्रांति के दौरान, सूती वस्त्र उद्योग में क्रांति लाने वाली 'स्पिनिंग जेनी' का आविष्कारक था- **जेम्स हारग्रीव्स**
- 1831 में 'यंग इटली मूवमेन्ट', जिसका उद्देश्य था, गणतंत्र स्थापित करना, किसके द्वारा प्रारम्भ हुआ? **- मैजिनी**
- 'जर्मनी के एकीकरण' का वास्तुकार कौन था, जो 'रक्त एवं लौह' नीति का विश्वास करता था?- **ओटो वॉन बिस्मार्क**
- द्वितीय विश्वयुद्ध में, नवम्बर 1941 में अमेरिका के प्रवेश का मुख्य कारण था **- पर्लहार्बर पर आक्रमण**
- जब मार्को पोलो ने चीन का दौरा किया था, तब वहां का शासक कौन था? **- कुबलई खान**
- संयुक्त राज्य अमेरिका में पहली अंग्रेजी बस्ती कौन-सी थी? **- जेम्सटाउन**
- 'टेनिस कोर्ट की शपथ' किस क्रांति से सम्बन्धित है? **- फ्रांसीसी**
- मित्र राष्ट्रों ने सेव्रेस की संधि किस देश के साथ की? **- टर्की**
- 1733 में फ्लाइंग शटल मशीन का आविष्कार किसने किया था? **- जॉन के**
- किस संधि के द्वारा तीस-वर्षीय युद्ध की समाप्ति हुई? **- वेस्टफेलिया की संधि**
- पेरिस शांति सम्मेलन में इटली का प्रतिनिधित्व किसने किया? **- ऑरलैंडो**
- वैंकूवर जाने के लिए कोमागाटा मारू जहाज किराये पर किसने लिया था? **- गुरदीप सिंह**
- शोर कमेटी की स्थापना से कौन संबंधित नहीं थे? **- हुसैन रहीम**
- महात्मा गांधी ने किस घटना को 'हिमालयी भूल' कहा था? **- जलियांवाला बाग हत्याकांड**
- चटगांव शस्त्रागार पर हमले के दौरान कौन महिला क्रान्तिकारी मारी गई थी? **- प्रीतिलता वादेदर**
- इनमें से कौन क्रांतिकारी काकोरी ट्रेन कांड से सम्बन्धित नहीं था? **- खान**
- 1 नवम्बर, 1913 को गदर का पहला अंक किस भाषा में प्रकाशित हुआ? **- उर्दू**
- 10 वर्ष पूर्व रमेश एवं राजीव की आयु का अनुपात 1 : 3 था। अब से 5 वर्ष पश्चात् यह अनुपात 2 : 3 हो जायेगा। वर्तमान में उनकी आयु का अनुपात क्या है? **- 3 : 5**
- यदि मैं अपने घर से 5 कि.मी. प्रति घंटा की गति से स्टेशन के लिए चलता हूं, तो मेरी गाड़ी मेरे स्टेशन पहुंचने से 7 मिनट पहले छूट चुकी होती है। किन्तु यदि मैं 6 कि.मी. प्रति घंटा की गत से चलता हूं, तो मैं स्टेशन पर गाड़ी के छूटने से 5 मिनट पहले पहुंच जाता हूं। तदनुसार, मेरे घर और स्टेशन के बीच की दूरी क्या है? **- 6 कि.मी.**
- P और Q की औसत मासिक आय ₹ 5,050 है। Q और R की औसत मासिक आय ₹ 6,250 है। तथा P और R की औसत मासिक आय ₹ 5,200 है। P की मासिक आय है - ₹ 4,050
- यदि P का 30%, Q के 40% में जोड़ दिया जाय, तो वह Q का 80% हो जाता है। तदनुसार Q, P का कितना प्रतिशत है?- **75%**
- A, B, C, D के बीच 5 : 2 : 4 : 3 के अनुपात में धन का वितरण किया जाना है। यदि C को D से ₹ 1,000 अधिक मिलते हैं, तो B का हिस्सा क्या है? **- ₹ 2,000**
- एक दुकानदार एक घड़ी बेचते समय बिक्री मूल्य पर 5% छूट देता है। यदि वह उस पर 6% छूट दे देता है, तो उसे पहले से ₹ 15 कम का लाभ मिलेगा। तदनुसार, उस घड़ी का अंकित बिक्री मूल्य क्या है? - ₹ 1,500
- तीन संख्याएं 3 : 4 : 5 के अनुपात में है। उनमें सबसे बड़ी एवं सबसे छोटी संख्याओं का योग, दूसरी संख्या तथा 52 के योग के बराबर है। तदनुसार, सबसे छोटी संख्या कौन-सी है? **- 39** ■

# बिहार शिक्षक भर्ती परीक्षा- सामाजिक विज्ञान

## अर्थव्यवस्था के प्रश्नों का व्याख्यात्मक हल

BPSC द्वारा आयोजित
परीक्षा तिथि: 26 अगस्त, 2023

**1. देशों के मध्य विकास की तुलना का मुख्य गुणांक है**
(a) भूमि
(b) जनसंख्या
(c) आय
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर: (c),** देशों के मध्य विकास की तुलना का मुख्य गुणांक आय है। यदि देश की प्रति व्यक्ति आय अधिक है तो देश का मानव विकास सूचकांक स्कोर उच्च होता है। राष्ट्रों के विकास की तुलना करने के लिए, देशों की आय को हमेशा सबसे महत्वपूर्ण विशेषताओं में से एक माना जाता है। किसी देश की आय का अर्थ देश के सभी निवासियों की आय का एकत्रीकरण है। यह हमें देश की कुल आय देता है।

**2. औसत आय और भी किस नाम से जानी जाती है?**
(a) प्रति व्यक्ति आय
(b) व्यक्तिगत आय
(c) राष्ट्रीय आय
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर: (a),** औसत आय को प्रतिव्यक्ति आय भी कहा जाता है। देश की कुल आय को कुल जनसंख्या से भाग देकर निकाली जाती है। किसी देश की आय उस देश के सभी निवासियों की आय है। इससे हमें देश की कुल आय ज्ञात होती है। अगर एक राष्ट्र की औसत आय किसी दूसरे राष्ट्र से अधिक हो, तो पहला राष्ट्र दूसरे से अधिक समृद्ध और सम्पन्न माना जाता है।

**3. 'मानव विकास रिपोर्ट' किस संगठन द्वारा प्रकाशित की जाती है?**
(a) यू. एन. डी. पी.
(b) यूनेस्को
(c) डब्ल्यू. डब्ल्यू. एफ
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर: (a),** मानव विकास रिपोर्ट संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के द्वारा जारी किया जाता है। मानव विकास सूचकांक (HDI) जीवन प्रत्याशा, शिक्षा और प्रति व्यक्ति आय संकेतक का एक सांख्यिकीय समग्र सूचकांक है, जिसका उपयोग देशों को मानव विकास के चार स्तरों में क्रमबद्ध करने के लिए किया जाता है। मानव विकास रिपोर्ट (HDR) वर्ष 1990 से जारी की जाती है। पहली मानव विकास रिपोर्ट 1990 में पाकिस्तानी अर्थशास्त्री महबूब उल हक और भारतीय नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन द्वारा आई थी।

**4. अर्थव्यवस्था में 'तृतीय श्रेणी' का उद्योग और क्या कहलाता है?**
(a) कृषि उद्योग
(b) सेवा क्षेत्र
(c) उत्पादन उद्योग
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर: (b),** तृतीयक क्षेत्रक को सेवा क्षेत्रक भी कहा जाता है। तृतीयक क्षेत्र वह क्षेत्र है, जो सेवाओं का उत्पादन करता है, इसे सेवा क्षेत्र भी कहा जाता है, जैसे- बैंकिंग, बीमा, संचार, व्यापार आदि। प्राथमिक और द्वितीयक क्षेत्र के अतिरिक्त आर्थिक गतिविधियों की एक तीसरी कोटि भी है, जो तृतीयक क्षेत्रक के अन्तर्गत आती है ये गतिविधियाँ प्राथमिक और द्वितीयक क्षेत्रक के विकास में मदद करती हैं। ये गतिविधियाँ स्वत: वस्तुओं का उत्पादन नहीं करती हैं, बल्कि उत्पादन-प्रक्रिया में सहयोग या मदद करती हैं।

**5. मनरेगा 2005 के अंतर्गत, सरकार द्वारा ग्रामीण बेरोजगारों को एक वर्ष में कितने कार्यदिवस के रोजगार गारंटी दी जाती है?**
(a) 200
(b) 50
(c) 100
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर: (c),** मनरेगा को "एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 100 दिनों की गारंटीकृत मजदूरी रोजगार प्रदान करके ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका सुरक्षा को बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू किया गया था, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की सुरक्षा को बढ़ाने के लिए एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 100 दिनों की रोजगार प्रदान करने के लिए हर परिवार के लिए है, जिनके वयस्क सदस्य अकुशल मैनुअल काम करते हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 (या बाद में इसे "महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 'एमजीएनआरईजीए के नाम से बदल दिया गया), एक भारतीय श्रम कानून और सामाजिक सुरक्षा उपाय है, जिसका उद्देश्य 'कार्य करने का अधिकार' है।

**6. भारत में बैंक अपनी जमा का कितना प्रतिशत धन नकदी के रूप में रखते हैं?**

(a) 25%

(b) 15%

(c) 30%

(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर: (b),** भारतीय बैंक अपनी जमा राशि का 15 प्रतिशत नकद के रूप में रखते हैं, सीआरआर या नकद आरक्षित अनुपात नकदी का प्रतिशत है, जिसे बैंकों को अपनी कुल डिपॉजिट की तुलना में रिजर्व में रखना होता है, जिसे तकनीकी रूप से 'शुद्ध मांग और समय देयता' (एनडीटीएल - नेट डिमांड एंड टाइम लायबिलिटीज) कहा जाता है। नकद आरक्षित अनुपात का उद्देश्य बैंक लिक्विडिटी बनाए रखना, बैंकों की वित्तीय सेहत को बनाए रखना है।

**7. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प 'वैश्वीकरण' को इंगित करता है?**

(a) देशों के मध्य तीव्र आर्थिक एकीकरण

(b) सांस्कृतिक एकीकरण

(c) देशों के मध्य पृथक्करण

(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर: (a),** विभिन्न देशों के बीच परस्पर संबंध और तीव्र एकीकरण की प्रक्रिया ही वैश्वीकरण है। अधिक विदेश व्यापार और अधिक विदेशी निवेश के परिणामस्वरूप विभिन्न देशों के बाजारों एवं उत्पादनों में एकीकरण हो रहा है। प्रौद्योगिकी में तीव्र उन्नति वह मुख्य कारक है, जिसने वैश्वीकरण की प्रक्रिया को उत्प्रेरित किया है। सामान्य रूप से आर्थिक, वित्तीय, राजनीतिक, प्रौद्योगिकीय और सामाजिक कारकों ने वैश्वीकरण का मार्ग प्रशस्त किया है।

**8. भारत सरकार द्वारा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम (कोपरा) कब पारित किया गया?**

(a) 1991

(b) 1992

(c) 1986

(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर: (c),** उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 में पारित किया गया था। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के अनुसार, उपभोक्ता का अर्थ है कोई भी व्यक्ति, जो कोई उत्पाद खरीदता है या प्रतिफल के बदले किसी सेवा को किराए पर लेता है/लेता है। इस अधिनियम को 2019 में संशोधित किया गया है, उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा के लिये कानून द्वारा दिये निम्न अधिकार प्रदान किया गया है- सुरक्षा का अधिकार, सूचना का अधिकार, चयन का अधिकार, क्षतिपूर्ति निवारण का अधिकार, उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार।

**9. भारत में राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है**

(a) 24 दिसंबर को

(b) 21 नवंबर को

(c) 23 मई को

(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर: (a),** भारत में हर साल 24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत में यह दिवस पहली बार वर्ष 2000 में मनाया गया था। प्रत्येक वर्ष 15 मार्च को "विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस" मनाया जाता है। वर्ष 2023 के लिये विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस का विषय "हरित ऊर्जा संक्रमण के माध्यम से उपभोक्ताओं को सशक्त बनाना" है।

**10. अनुचित व्यापार प्रथाओं एवं शोषण के विरुद्ध उपभोक्ता के पास कौन-सा अधिकार है?**

(a) संवैधानिक उपचारों का अधिकार

(b) सूचना का अधिकार

(c) शोषण के विरुद्ध अधिकार

(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर: (e),** दिए गए विकल्पों में से कोई भी सही नहीं है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 (COPRA) भारत में उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए एक अधिनियम था। यह उपभोक्ता की शिकायतों और मामलों से जुड़े मामलों के निपटारे के लिए उपभोक्ता परिषदों और अन्य प्राधिकरणों की स्थापना के लिए बनाया गया था। भ्रष्टाचार के खिलाफ 2005 में एक अधिनियम लागू किया गया, जिसे सूचना का अधिकार, यानी RTI कहा गया। इसके अंतर्गत कोई भी नागरिक किसी भी सरकारी विभाग से कोई भी जानकारी ले सकता है, बस शर्त यह है कि RTI के तहत पूछी जाने वाली जानकारी तथ्यों पर आधारित होनी चाहिए।

**11. अपने नागरिकों को सरकार से उसके कार्यों के बारे में सवाल करने का अधिकार देने के लिए कौन-सा अधिनियम किया गया था?**

(a) आर. टी. ई.

(b) आई. टी.

(c) आर. टी. आई.

(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर: (c),** नागरिकों को सरकार से उसके कार्यों के बारे में सवाल करने का अधिकार सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रदान किया गया है। सूचना का अधिकार अधिनियम का मूल उद्देश्य नागरिकों को सशक्त बनाना, सरकार के कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देना, भ्रष्टाचार को रोकना और हमारे लोकतंत्र को वास्तविक अर्थों में लोगों के लिए काम करना है। यह अधिनियम नागरिकों को सरकार की गतिविधियों से अवगत कराने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

RTI 2005 में लागू किया गया था। इसके अंतर्गत कोई भी नागरिक किसी भी सरकारी विभाग से कोई भी जानकारी ले सकता है, बस शर्त यह है की RTI के तहत पूछी जाने वाली जानकारी तथ्यों पर आधारित होनी चाहिए।

**12. किस बहुराष्ट्रीय कंपनी ने छोटी भारतीय कंपनी 'पारख फूड्स' को खरीदा?**

(a) लैक्टालिस
(b) कारगिल फूड्स
(c) मार्स
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तरः (b),** अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कंपनी कारगिल फूड्स ने परख फूड्स जैसी छोटी भारतीय कंपनियों को  खरीद लिया है। भारत में कारगिल खाद्य तेलों के प्रमुख ब्रांड जैसे नेचर फ्रेश, लियोनार्डो ऑलिव ऑयल, हाइड्रोजनीकृत ब्रांड का विपणन करती है। कारगिल फूड्स इंडिया खाद्य उद्योग के साथ-साथ घरेलू उपभोक्ताओं के लिए स्वदेशी और आयातित खाद्य तेल, वसा और आटे की एक विस्तृत शृंखला का प्रसंस्करण, शोधन और विपणन करता है

**13. मनरेगा अधिनियम के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा गलत है?**

(a) भारत के लगभग 625 जनपदों में काम करने का अधिकार
(b) एक वर्ष में 100 दिन के रोजगार की गारंटी
(c) यदि सरकार असफल होती है, तो यह रोजगार भत्ता नहीं देगी
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तरः (c),** विकल्प सी असत्य है। मनरेगा को "एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 100 दिनों की गारंटीकृत मजदूरी रोजगार प्रदान करके ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका सुरक्षा को बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू किया गया था, मनरेगा का एक और उद्देश्य है टिकाऊ संपत्तियों (जैसे सड़कों, नहरों, तालाबों, कुओं) का निर्माण करें। आवेदक के निवास के 5 किमी के भीतर रोजगार उपलब्ध कराया जाना है और न्यूनतम मजदूरी का भुगतान करना है। यदि आवेदन करने के 15 दिनों के भीतर काम नहीं किया गया है, तो आवेदक बेरोजगारी भत्ता के हकदार हैं। इस प्रकार, मनरेगा के तहत रोजगार एक कानूनी हकदार है।

**14. 2016 के आंकड़ों के अनुसार निम्नलिखित देशों में से बेहतर मानव विकास निष्पादन वाला देश कौन-सा है?**

(a) बांग्लादेश
(b) श्रीलंगा
(c) पाकिस्तान
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तरः (b),** दिए गए प्रश्न में श्रीलंका 2016 में बेहतर मानव विकास निष्पादन वाला देश था। मानव विकास सूचकांक (HDI) जिसमें जीवन प्रत्याशा, शिक्षा या ज्ञान की पहुँच और आय या जीवन स्तर के संकेतकों को शामिल किया जाता है, जीवन की गुणवत्ता का स्तर तथा इसमें परिवर्तन से जुड़े महत्त्वपूर्ण आँकड़े प्रस्तुत करता है। यह सूचकांक भारत और पाकिस्तान के दो प्रसिद्ध अर्थशास्त्रियों 'महबूब उल हक' (पाकिस्तान) और अमर्त्य सेन (भारत) की देन है।

**15. _______ वह स्थिति है, जब दोनों पक्षों को एक-दूसरे की वस्तुओं को बेचने और खरीदने के लिए सहमत होना पड़ता है।**

(a) वस्तु विनिमय प्रणाली
(b) मार्केटिंग
(c) चाहतों का दोहरा संयोग
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तरः (c),** आवश्यकताओं का दोहरा संयोग वस्तु विनिमय प्रणाली की एक विशेषता है। मुद्रा वस्तु विनिमय प्रणाली में मध्यवर्ती भूमिका प्रदान करके आवश्यकताओं के दोहरे संयोग की समस्या सुलझाती है। जैसे एक व्यक्ति के पास कोई भी वस्तु नहीं है, परंतु वह बाजार से कपड़ा खरीदना चाहता है तो मुद्रा का प्रयोग कर वह कपड़ा खरीद सकता है। इस प्रकार दोहरे संयोग की समस्या का समाधान हो जाता है। आवश्यकताओं का दोहरा संयोग तब होता है, जब दो लोगों के पास सामान होता है और वे दोनों बदले में खुश होते हैं। आवश्यकताओं का दोहरा संयोग वस्तु विनिमय अर्थव्यवस्था की नींव है। आवश्यकताओं के दोहरे संयोग का अभाव वस्तु विनिमय प्रणाली में एक प्रमुख मुद्दा है।

**16. आर. बी. आई. के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा गलत है?**

(a) आर. बी. आई. अनौपचारिक क्षेत्र की निगरानी नहीं कर सकता है
(b) आर. बी. आई. सरकार की ओर से करेन्सी नोट जारी करता है
(c) आर. बी. आई. ग्राहकों से जमा स्वीकार करता है
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तरः (c),** आरबीआई ग्राहकों से जमा स्वीकार नहीं करता है। इसलिए विकल्प सी गलत है अन्य सभी विकल्प सत्य हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के बुनियादी कार्य हैं - बैंक नोटों के निर्गम को विनयमित करना और रिजर्व बनाए रखना, ताकि भारत में मौद्रिक स्थिरता बनाई रखी जा सके और देश की मौद्रिक तथा ऋण प्रणाली का संचालन करना, जिससे देश को लाभ हो। भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 के प्रावधानों के अनुसार 1 अप्रैल, 1935 को हुई। रिजर्व बैंक का केंद्रीय कार्यालय प्रारंभ में कोलकाता में स्थापित किया गया था, जिसे 1937 में स्थायी रूप से मुंबई में स्थानांतरित किया गया। 1949 में इस बैंक का राष्ट्रीयकरण किया गया था।

**17. निम्नलिखित में से कौन-सा क्रेडिट की शर्तों के अंतर्गत नहीं आता है?**

(a) ब्याज-दर
(b) संपार्श्विक प्रतिभूति
(c) जमा
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर: (c),** जमा क्रेडिट की शर्तों के अंतर्गत नहीं शामिल है। ब्याज दर, संपार्श्विक और भुगतान की विधि क्रेडिट की शर्तों में शामिल हैं। ऋण के संदर्भ में, ब्याज दर के अतिरिक्त, संपार्श्विक में प्रलेखन, पुनर्भुगतान का तरीका भी शामिल है। ब्याज दर- उधारकर्ता को मूल राशि पर ब्याज का भुगतान करना आवश्यक है। संपार्श्विक- उधारकर्ता इस परिसंपत्ति का उपयोग ऋणदाता को गारंटी देने के रूप में करता है, जब तक कि ऋण का भुगतान नहीं किया जाता है।

**18. भारत सरकार ने विश्व-स्तरीय सुविधाएं देकर विदेशी कंपनियों को भारत में निवेश के लिए आकर्षित करने के लिए कदम उठाए। इन औद्योगिक क्षेत्रों को क्या कहते हैं?**

(a) SEZs (विशेष आर्थिक क्षेत्र)
(b) IZs (औद्योगिक क्षेत्र)
(c) PFZs (प्रदाता सुविधा क्षेत्र)
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर: (a),** विशेष आर्थिक क्षेत्र (एस ई जेड) अतिरिक्त आर्थिक गतिविधि का सृजन, माल एवं सेवाओं के निर्यात का संवर्द्धन, घरेलू एवं विदेशी स्रोतों से निवेश का संवर्द्धन, रोजगार के अवसरों का सृजन तथा आधारभूत सुविधाओं का विकास करता है। विशेष आर्थिक क्षेत्र अधिनियम, 2005 तथा विशेष आर्थिक क्षेत्र नियमावली, 2006 के अनुसार इसे अभिशासित किया जाता है। विनिर्माण, व्यापार या सेवा की गतिविधियों के लिए विशेष आर्थिक क्षेत्र में यूनिटें स्थापित की जा सकती हैं। भारत पहला एशियाई देश है, जिसने निर्यात को बढ़ाने के लिये 1965 में काण्डला में विशेष क्षेत्र की स्थापना की एक्सपोर्ट प्रोसेसिंग जोन (EPZ) नाम दिया गया।

**19. जी. डी. पी. एक विशेष वर्ष के दौरान उत्पादित_____ का कुल मूल्य है।**

(a) सभी सामान और सेवाओं
(b) सभी अंतिम सामान और सेवाओं
(c) सभी मध्यवर्ती सामान और सेवाओं
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर: (b),** सकल घरेलू उत्पाद (Gross Domestic Product- GDP) किसी देश की सीमाओं के भीतर एक विशिष्ट समय अवधि, आम तौर पर 1 वर्ष में उत्पादित सभी अंतिम वस्तुओं और सेवाओं का मौद्रिक मूल्य है। यह एक राष्ट्र की समग्र आर्थिक गतिविधि का एक व्यापक माप है।

**20. भारत में काली क्रांति संबंधित है**

(a) मत्स्य उत्पादन से
(b) कोयला उत्पादन से
(c) कच्चा तेल उत्पादन से
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर: (c),** काली क्रांति कच्चे तेल के उत्पादन से संबंधित है। भारत में काली क्रांति की शुरुआत पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा जनवरी 2003 में इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल कार्यक्रम नामक एक पहल के साथ की गई थी। हरित क्रांति - खाद्यान्न उत्पादन, नीली क्रांति (Blue Revolution) मत्स्य उत्पादन तथा धूसर क्रांति (Grey Revolution) उर्वरक उत्पादन में वृद्धि से संबंधित थी।

**21. भारत की नकदी फसल कौन-सी नहीं है?**

(a) जूट
(b) मूंगफली
(c) जौ
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर: (c),** जौ भारत की नगदी फसल नहीं है। नगदी अथवा व्यापारिक फसलों के अंतर्गत, कॉफी, चाय, कहवा, तम्बाकू जूट, कपास आदि को शामिल किया जाता है। नकदी फसलों को वाणिज्यिक या व्यापारिक फसल भी कहते हैं। नकदी फसल से तात्पर्य उस फसल से है, जिसके उत्पाद सीधे उपभोक्ताओं को नकद में बेचे जाते हैं।

**22. भारत में प्रथम पंचवर्षीय योजना का आधार था**

(a) हैरोड-डोमर मॉडल
(b) महालनोबिस मॉडल
(c) दादाभाई नौरोजी मॉडल
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर: (a),** भारत की प्रथम पंचवर्षीय योजना हैरोड डोमर मॉडल पर आधारित थी। प्रथम पंचवर्षीय योजना की अवधि 1951 से 1956 तक लागू थी। यह योजना सफल सिद्ध हुई थी, क्योंकि इस योजना के दौरान 3.6% की वृद्धि दर हासिल की गयी, जो इसके लक्ष्य से अधिक थी। दूसरी पंचवर्षीय योजना ने तीव्र औद्योगीकरण और सार्वजनिक क्षेत्र पर बल दिया। इसकी रूपरेखा तैयार करने और नियोजन का कार्य पी.सी. महालनोबिस के नेतृत्व में किया गया था।

**23. आर. एन. मल्होत्रा संबंधित हैं**

(a) बीमार उद्योग से
(b) कर सुधार से
(c) बीमा क्षेत्र से
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर: (c),** रामनारायण मल्होत्रा समिति बीमा क्षेत्र से संबंधित थी।

1993 में सरकार ने बीमा क्षेत्र में सुधारों के लिए सिफारिशों का प्रस्ताव करने के लिए आरबीआई के पूर्व गवर्नर आरएन मल्होत्रा की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया। इसका उद्देश्य वित्तीय क्षेत्र में शुरू किए गए सुधारों को पूरा करना था।

समिति ने 1994 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें अन्य बातों के अलावा, यह सिफारिश की गई कि निजी क्षेत्र को बीमा उद्योग में प्रवेश करने की अनुमति दी जाए। उन्होंने कहा कि विदेशी कंपनियों को अस्थायी भारतीय कंपनियों द्वारा प्रवेश करने की अनुमति दी जानी चाहिए, अधिमानतः भारतीय भागीदारों के साथ एक संयुक्त उद्यम।

**24. सरकारी व्यय को नियंत्रित करने का प्राधिकारी है**

(a) भारतीय रिजर्व बैंक
(b) योजना आयोग
(c) वित्त मंत्रालय
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तरः (c),** सरकारी व्यय का नियंत्रण प्राधिकरण वित्त मंत्रालय है। भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना भारतीय रिजर्व बैंक अधि नियम, 1934 के प्रावधानों के अनुसार 1 अप्रैल, 1935 को हुई। रिजर्व बैंक का केंद्रीय कार्यालय प्रारंभ में कोलकाता में स्थापित किया गया था, जिसे 1937 में स्थायी रूप से मुंबई में स्थानांतरित किया गया। 1949 में इस बैंक का राष्ट्रीयकरण किया गया था।

**25. भारत अधिकतम विदेशी मुद्रा किसके निर्यात से कमाता है?**

(a) लोहा
(b) चाय
(c) कपड़ा
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तरः (c),** भारत अपना अधिकतम विदेशी मुद्रा कपड़े के निर्यात से प्राप्त करता है। भारतीय रिजर्व बैंक (Reserve Bank of India) के नवीनतम आँकड़ों के अनुसार, 11 अगस्त, 2023 को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार (Foreign Exchange Reserves) 708 मिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़कर 602.16 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है। अधिकतर विदेशी मुद्रा भंडार में सबसे बड़ा भाग अमेरिकी डॉलर के रूप में होता है।

**26. निम्न में से कौन-सा एक 'राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन' में शामिल नहीं है?**

(a) तिलहन
(b) गेहूं
(c) चावल
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तरः (a),** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम में तिलहन को शामिल नहीं किया गया है, इस अधिनियम में, लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (टीपीडीएस) के अंतर्गत राज सहायता प्राप्त खाद्यान्न प्राप्त करने के लिए 75% ग्रामीण आबादी और 50% शहरी आबादी के कवरेज का प्रावधान है, इस प्रकार लगभग दो-तिहाई आबादी कवर की जाएगी। पात्र व्यक्ति चावल/गेहूं/मोटे अनाज क्रमशः 3/2/1 रूपए प्रति किलोग्राम की राज सहायता प्राप्त मूल्यों पर 5 किलोग्राम खाद्यान्न प्रति व्यक्ति प्रतिमाह प्राप्त करने का हकदार है।

मौजूदा अंत्योदय अन्न योजना परिवार, जिनमें निर्धनतम व्यक्ति शामिल हैं, 35 किलोग्राम खाद्यान्न प्रति परिवार प्रतिमाह प्राप्त करते रहेंगे।

सरकार ने संसद द्वारा पारित, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 दिनांक 10 सितम्बर, 2013 को अधिसूचित किया है,जिसका उद्देश्य एक गरिमापूर्ण जीवन जीने के लिए लोगों को वहनीय मूल्यों पर अच्छी गुणवत्ता के खाद्यान्न की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध कराते हुए उन्हें मानव जीवन-चक्र दृष्टिकोण में खाद्य और पौषणिक सुरक्षा प्रदान करना है।

**27. 'नीति आयोग' अस्तित्व में कब आया?**

(a) 1 जनवरी, 2014
(b) 1 जून, 2014
(c) 1 जनवरी, 2015
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तरः (c),** नीति आयोग का गठन 1 जनवरी, 2015 को हुआ था।

यह एक सलाहकार थिंक टैंक के रूप में कार्य करता है। यह योजना के 'बॉटम-अप' दृष्टिकोण पर केंद्रित है। नीति आयोग को योजना आयोग के स्थान पर गठित किया गया है। इसका पदेन अध्यक्ष प्रधानमंत्री होता है। बीवीआर सुब्रमण्यम को 25 फरवरी, 2023 को नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है।

**28. भारत की पहली स्वदेशी ऐंटी-रेडिएशन मिसाइल का नाम है**

(a) तांडव
(b) त्रिनेत्र
(c) सक्षम
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तरः (e),** रुद्रम-1 अथवा डीआरडीओ एंटी रेडिएशन मिसाइल (DRDO Anti-Radiation Missile) रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन द्वारा डिजाइन एवं विकसित की जा रही एंटी रेडिएशन मिसाइल है। यह हवा से सतह पर मार करने वाली मिसाइल है।

'त्रिनेत्र' गुजरात पुलिस के राज्य स्तरीय कमांड एवं नियंत्रण केंद्र है।

**29. भारत का 13वां प्रधान बन्दरगाह किस राज्य में स्थापित किया जाने वाला है?**

(a) केरल
(b) गुजरात
(c) महाराष्ट्र
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तरः (c),** भारत का 13वां बंदरगाह महाराष्ट्र में स्थापित किया गया है। महाराष्ट्र के दहानु के पास वधावन बंदरगाह स्थापित किया गया है।

वधावन बंदरगाह को 'लैंडलॉर्ड पोर्ट मॉडल' के तहत विकसित किया गया है। नवी मुंबई स्थित जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट को पूर्व में न्हावा शेवा बंदरगाह के नाम से जाना जाता था। इसकी शुरुआत 26 मई, 1989 को हुई थी।

महाराष्ट्र में स्थित जवाहरलाल नेहरू पोर्ट भारत में सबसे बड़ा तथा विश्व का 28वाँ सबसे बड़ा कंटेनर पोर्ट है, जिसमें 5.1 मिलियन टीईयू (Twenty-Foot Equivalent Units-TEUs) ट्रैफिक वहन करने की क्षमता है।

**30. भारत में किस वर्ष रेल बजट को आम बजट में मिला दिया गया था?**

(a) 2015
(b) 2016
(c) 2017
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तरः (c),** वर्ष 2017 में रेल बजट को आम बजट में मिला दिया गया। वर्ष 1920 में विलियम एक्कर्थ के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया गया था। एक्कर्थ समिति ने अपनी सिफारिशों में रेल बजट को आम बजट से अलग करने का सुझाव दिया।

**31. 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना' किस तारीख को शुरू की गई थी?**

(a) 1 नवंबर, 2017
(b) 1 जनवरी, 2018
(c) 1 फरवरी, 2019
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तरः (c),** पीएम किसान योजना का आरम्भ 1 जनवरी, 2018 को किया गया था। यह भारत सरकार से 100% वित्त पोषण के साथ एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है। इस योजना के तहत सभी किसान परिवारों को 6000/- प्रतिवर्ष की आय सहायता प्रदान की जाएगी।

**32. गरीबी रेखा को निर्धारित करने के लिए कौन-सा संगठन सर्वेक्षण करता है?**

(a) एन. एस. एस. ओ.
(b) नीति आयोग
(c) आर. बी. आई.
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तरः (b),** नीति आयोग हर वर्ष के लिए समय-समय पर गरीबी रेखा और गरीबी अनुपात का सर्वेक्षण करता है। गरीबी रेखा का निर्धारण आय या उपभोग व्यय के आधार पर किया जाता है। भारत में गरीबी रेखा के निर्धारण का पहला आधिकारिक प्रयास योजना आयोग द्वारा वर्ष 1962 में किया गया था।

**33. गुलाबी क्रांति संबंधित है**

(a) प्याज उत्पादन से
(b) उर्वरक उत्पादन से
(c) अंडा उत्पादन से
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तरः (d),** गुलाबी क्रांति के द्वारा प्याज के उत्पादन में वृद्धि को बढ़ावा देना है। गुलाबी क्रांति या पिंक रिवोल्यूशन (Pink Revolution) एक शब्द है, जिसका उपयोग मांस और पोल्ट्री प्रसंस्करण (Meat and Poultry Processing) क्षेत्र में प्रयुक्त हुई तकनीकी क्रांतियों (Technological Revolutions) को दर्शाने के लिए किया जाता है।

दूसरे शब्दों में, गुलाबी क्रांति के अंतर्गत मांस उत्पादन (Meat Production) को तकनीक के उपयोग द्वारा महत्तम किया जाता है।

**34. 'राबिनहुड प्रभाव' निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?**

(a) आय और उपभोग
(b) आय उपार्जन
(c) आय पुनर्वितरण
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तरः (c),** रॉबिन हुड प्रभाव आय पुनर्वितरण से संबंधित है। यह एक आर्थिक घटना है, जहां आय को फिर से वितरित किया जाता है, ताकि आर्थिक असमानता कम हो।

रॉबिनहुड प्रभाव एक आर्थिक स्थिति है जिसमें आर्थिक असमानता को कम करने के लिए समाज में गरीबों को देने के लिए अमीरों से धन लिया जाता है। आय पुनर्वितरण का उद्देश्य समाज के कम धनी सदस्यों के लिए आर्थिक स्थिरता और अवसर बढ़ाना है; इसलिए अक्सर सार्वजनिक सेवाओं के लिए धन शामिल होता है।

**35. डेयरी उद्योग, आर्थिक गतिविधि के किस क्षेत्र में आता है?**

(a) तृतीय क्षेत्र
(b) प्राथमिक क्षेत्र
(c) मध्यवर्ती क्षेत्र
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तरः (a),** दुग्ध कृषि या डेरी उद्योग या दुग्ध उद्योग, कृषि की एक श्रेणी है तथा यह तृतीयक क्षेत्र का उद्योग है। यह पशुपालन से जुड़ा एक बहुत लोकप्रिय उद्यम है, जिसके अंतर्गत दुग्ध उत्पादन, उसकी प्रोसेसिंग और खुदरा बिक्री के लिए किए जाने वाले कार्य आते हैं। इसके वास्ते गाय-भैंसों, बकरियों या कुछेक अन्य प्रकार के पशुधन के विकास का भी काम किया जाता है। अधिकतर डेरी-फार्म अपनी गायों के बछड़ों का, गैर-दुग्ध उत्पादक पशुधन का पालन पोषण करने की बजाए सामान्यतः उन्हें मांस के उत्पादन हेतु विक्रय कर देते हैं। डेरी फार्मिंग के अंतर्गत दूध देने वाले मवेशियों का प्रजनन तथा देखभाल, दूध की खरीद और इसकी विभिन्न डेरी उत्पादों के रूप में प्रोसेसिंग आदि कार्य सम्मिलित हैं।

**36. भारत के संविधान में पंचवर्षीय योजनाओं की अवधारणा किस देश से ली गई है?**

(a) रूस
(b) इंग्लैंड
(c) संयुक्त राज्य अमेरिका
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तरः (a),** भारत में पंचवर्षीय योजना का विचार सोवियत रूस से लिया गया था। पंचवर्षीय योजना हर 5 वर्ष के लिए केंद्र सरकार द्वारा देश के लोगों के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए शुरू की जाती थी। पंचवर्षीय योजनायें केंद्रीकृत और एकीकृत राष्ट्रीय आर्थिक कार्यक्रम था। 1947 से 2017 तक, भारतीय अर्थव्यवस्था का नियोजन की अवधारणा का यह आधार था।

**37. वस्तुओं के आयात एवं निर्यात पर लगाया जाने वाला कर किस नाम से जाना जाता है?**

(a) सीमा शुल्क
(b) उत्पाद शुल्क
(c) वैट
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तरः (a),** सीमा शुल्क वह कर है, जो सरकारों द्वारा आयात और निर्यात पर लगाया जाता है। विदेशी व्यापार के अंतर्गत आयात एवं निर्यात पर लगाए जाने वाले कर को सीमा शुल्क कहा जाता है। यह कर केन्द्र सरकार द्वारा आरोपित एवं वसूल किया जाता है। सीमा शुल्क का केन्द्रीय राजस्व एवं विदेशी व्यापार मे महत्वपूर्ण स्थान है। वैट का फुल फॉर्म 'वैल्यू एडेड टैक्स' है।

**38. भारत ने किस पंचवर्षीय योजना के दौरान मिश्रित अर्थव्यवस्था को अपनाया?**

(a) चतुर्थ पंचवर्षीय योजना
(b) द्वितीय पंचवर्षीय योजना
(c) तृतीय पंचवर्षीय योजना
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तरः (a),** भारत द्वारा चतुर्थ पंचवर्षीय योजना में मिश्रित अर्थव्यव्यवस्था को अपनाया गया था। इसे प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल के दौरान पेश किया गया था, इसके माध्यम से पिछली विफलताओं में सुधार करने का प्रयास किया गया। गाडगिल फॉर्मूले के आधार पर, स्थिरता के साथ विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रगति पर बहुत अधिक जोर दिया गया।

सरकार ने 14 प्रमुख भारतीय बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया और हरित क्रांति ने कृषि को बढ़ावा दिया। सूखा संभावित क्षेत्र कार्यक्रम (Drought Prone Area Programme) भी शुरू किया गया। इस योजना की लक्षित वृद्धि दर 5.6% थी, जबकि वास्तविक विकास दर 3.6% थी।

**39. खुले बाजार की क्रिया (Open Market Operation) किस नीति का अंग है?**

(a) साख नीति
(b) प्रशुल्क नीति
(c) व्यापारिक नीति
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तरः (a),** खुले बाजार की क्रिया साख नीति का अंग है। खुले बाजार का संचालन केंद्रीय बैंक द्वारा वाणिज्यिक बैंकों के सहयोग से किया जाता है। ऐसे ऑपरेशन चलाने के लिए जनता की कोई भागीदारी नहीं होती है। सरकारी बांड ज्यादातर वाणिज्यिक बैंकों, वित्तीय संस्थानों, उच्च निवल मूल्य वाले व्यक्तियों और बड़े व्यापारिक निगमों द्वारा खरीदे जाते हैं। ओपन मार्केट ऑपरेशंस आरबीआई द्वारा सरकारी प्रतिभूतियों और ट्रेजरी बिलों की एक साथ बिक्री और खरीद है। ओएमओ का उद्देश्य अर्थव्यवस्था में धन आपूर्ति को विनियमित करना है। RBI वाणिज्यिक बैंकों के माध्यम से OMO करता है और सीधे जनता से व्यवहार नहीं करता है।

**40. भारत में बैंकों का राष्ट्रीयकरण हुआ था**

(a) 1950 में
(b) 1960 में
(c) 1969 में
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तरः (e),** 19 जुलाई, 1969 को सरकार ने 14 बड़े बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर दिया था। इसके बाद साल 1980 में फिर से छः बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया। सरकार ने 14 प्रमुख भारतीय बैंकों का राष्ट्रीयकरण चतुर्थ पंचवर्षीय योजना के तहत किया था। ■

# पत्र-पत्रिका

## सार संक्षेप (पॉइंटर रूप में)

## कुरुक्षेत्र/योजना/विज्ञान प्रगति (सितंबर 2023)








## कुरुक्षेत्र

### छात्रों और युवाओं का विकास

- भारत में सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण की हिस्सेदारी लगभग कितने प्रतिशत पर स्थिर रही है? **- 16%**
- देश को रोजगार समृद्ध बनाने हेतु वर्ष 2011 में कौन-सी नीति का निर्माण किया गया था? **- राष्ट्रीय विनिर्माण नीति**
- भारत सरकार द्वारा किस वर्ष 'मेक इन इंडिया' पहल का आरंभ किया गया था? **- सितम्बर 2014**
- मेक इन इंडिया पहले का उद्देश्य क्या है? **- कंपनियों को भारत में बने उत्पाद को तैयार करने, विकसित करने और असेंबल करने को प्रोत्साहित करना**
- इस पहल के माध्यम से रोजगार सृजन और कौशल वृद्धि के लिए कितने प्रमुख आर्थिक क्षेत्रों पर विचार किया गया? **- 27**
- मेक इन इंडिया-मेक फॉर वर्ल्ड का मुख्य उद्देश्य क्या है? **- आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना**
- भारत में कितने प्रतिशत आबादी 15-64 आयु वर्ग की है? **- 67%**
- भारत में कितने प्रतिशत वृद्धिशील वैश्विक कार्यबल है? **- 24.3%**
- मेक इन इंडिया के लिए युवा प्रतिभाओं को तैयार करने की दिशा में प्रतिभाओं को तैयार करने की दिशा में भारत द्वारा उठाए गए कदम क्या-क्या हैं? **- रहने की चुनौती का समाधान, कम उम्र में व्यवहार में बदलाव लाना, नवाचार के लिए बुनियादी ढांचे का विकास और संसाधनों तक पहुंच, व्यापार करने में आसानी और बौद्धिक संपदा अधि कारों का संरक्षण**
- भारत सरकार द्वारा अटल इनोवेशन मिशन के माध्यम से अटल टिंकरिंग लैब की स्थापना किस उद्देश्य से की गई है? **- कम उम्र में छात्रों की मानसिकता में बदलाव लाना।**
- अटल टिंकरिंग लैब की स्थापना के पीछे का विचार क्या है? **- जिज्ञासा, रचनात्मक और कल्पना को बढ़ावा देना**
- 'स्टेम' का पूर्ण रूप क्या है? **- विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और गणित**
- भारतीय निर्माण नवाचार सूचकांक में (IMIL) में उच्चतम स्कोर वाले भारत के चार राज्य कौन-कौन से हैं? **- तमिलनाडु, तेलंगाना, दमन एवं दीव, कर्नाटक**
- भारतीय निर्माण नवाचार सूचकांक में निम्न IMIL स्कोर वाले राज्य कौन-से हैं? **- असम, बिहार, झारखंड, ओडिशा**
- उद्यमिता और स्टार्टअप के विकास के लिए अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र बनाकर नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किस पहल का आरंभ किया गया था? **- स्टार्टअप इंडिया पहल**
- भारत में स्टार्टअप की संख्या 2016 के 452 से बढ़कर नवंबर 2022 तक कितनी हो गई है? **- 84,012**
- भारत में विनिर्माण फर्मों के नवीन कार्यों का मूल्यांकन किस सर्वेक्षण के आधार पर किया जाता है? **- राष्ट्रीय विनिर्माण नवाचार सर्वेक्षण**
- राष्ट्रीय विनिर्माण नवाचार सर्वेक्षण किसका संयुक्त अध्ययन है? **- विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) और संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन (यूएनआईडीओ)**
- आईबीएम 'कोड फॉर चैलेंज' किस टीम ने जीता है? **- साफ वॉटर**

### मेक इन इंडिया

- मेक इन इंडिया पहल का आरंभ कब हुआ था? **- 27 सितम्बर, 2014**
- इस पहल के अंतर्गत पहचाने गए 27 आर्थिक क्षेत्रों में कितने क्षेत्र सेवा क्षेत्र से जुड़े हैं? **- 12 (15 विनिर्माण क्षेत्र से)**
- मेक इन इंडिया पहल के चार महत्पवूर्ण स्तंभ कौन-कौन-से हैं? **- नई प्रक्रियाएं, नया बुनियादी ढांचा, नया क्षेत्र, नई मानसिकता**
- मेक इन इंडिया पहल से भारत को होने वाले लाभ क्या है? **- देश उच्च क्रेडिट रेटिंग प्राप्त करेगा, भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने में मदद करेगा, भारत में अधिक निवेश आकर्षित होगा।**
- भारत सरकार द्वारा भारत में घरेलू और विदेशी निवेश को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदम कौन-कौन-से हैं? **- वस्तु एवं सेवा कर लागू करना, कॉर्पोरेट टैक्स को कम करना, ईओडीबी में सुधार के लिए नवाचार चरणबद्ध विनिर्माण कार्यक्रम**
- मेक इन इंडिया के प्रमुख सामाजिक-आर्थिक लाभ क्या है?- **भारत के समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, विनिर्माण विकास, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों का निर्माण क्रय शक्ति में वृद्धि, कुशल कार्यबल का निर्माण**

- मेक इन इंडिया पहल का लक्ष्य क्या है? **- निर्यातोन्मुखी विकास**
- अखिल भारतीय स्तर पर कपड़ा क्षेत्र के समग्र संवर्द्धन और विकास के लिए किन योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है? **- राष्ट्रीय तकनीकी कपड़ा मिशन (एनटीटीएम), कपड़ा पार्कों को एकीकृत करने के लिए रेशम समग्र योजना, राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी) राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम (एनडीपी)**
- वैश्विक बाजार में स्थिति को मजबूत बनाने और निवेश को आकर्षित करने के उद्देश्य किस पार्क की स्थापना को मंजूरी प्रदान की गई है? **- पीएम मित्र (पीएम मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल पार्क**
- एक जिला एक उत्पादन (ओडीओपी) का प्रमुख प्रयोजन क्या है? **- प्रत्येक जिलों से स्वदेशी उत्पादों के प्रचार प्रसार और उत्पादन को सुगम बनाना। किसानों, कारीगरी और कपड़ा, हथकरघा, हस्तशिल्प, कृषि और प्रसंस्कृत उत्पादों के उत्पादनकर्त्ताओं को एक मंच प्रदान करना।**
- भारत में सकल एफडीआई वित्तीय वर्ष के दौरान कितना था? **- सकल घरेलू उत्पाद का 2.2%**
- भारत में सकल एफडीआई वर्ष 2015-2022 के बीच कितना हो गया है? **- 2.6%**
- भारत में 2014-15 एफडीआई प्रवाह में कितना था? **- 45.15 बिलियन अमेरिकी डॉलर**
- वित्तीय वर्ष 2022 में भारत में एफडीआई प्रवाह कितना है? **- 84.84 बिलियन अमेरिकी डॉलर**
- भारतीय कृषि क्षेत्र 2014-15 और 2021-22 के दौरान कितने प्रतिशत के औसत वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ रहा है? **- 4.6%**
- वर्ष 2020-21 में, भारत से कृषि और संबद्ध उत्पादों का निर्यात 2019-20 की तुलना में कितना बढ़ गया है? **- 18%**
- 2021-22 में कृषि निर्यात कितने अमेरिकी डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है? **- 50.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर।**
- भारत में कुल सेवा निर्यात 2020-21 में कितना था? **- 206.1 बिलियन डॉलर**
- 2021-22 में भारत का कुल सेवा निर्यात कितना था? **- 254.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर**
- भारत का ग्लोबल रियल टाइम डिजिटल पेमेंट चार्ट में कितने प्रतिशत की हिस्सेदारी है? **- 46%**

## हरित कौशल

- अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा हरित नौकरियों को किस रूप में परिभाषित किया गया है? **- सम्य नौकरियों के रूप में**
- हरित नौकरियां किन बातों पर ध्यान केंद्रित करती है? **- ऊर्जा और कच्चे माल के सामर्थ्य में सुधार करने में मदद**
- संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन का ग्रीन जनरल स्किल इंडेक्स कार्य समूह किन चार समूहों की पहचान करता है? **- इंजीनियरिंग और तकनीकी कौशल, विज्ञान कौशल, प्रचालन प्रबंधन कौशल, निगरानी कौशल**
- देश भर में सभी कौशल विकास प्रयासों के समन्वय के लिए जिम्मेदार नोडल मंत्रालय है? **- कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय**
- राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद को कब एमएसडीई द्वारा अधिसूचित किया गया था? **- 5 दिसबंर, 2018**
- हरित कौशल विकास कार्यक्रम (जीएसडीपी) को कब लांच किया गया था? **- जून 2017**
- हरित कौशल विकास कार्यक्रम (जीएसडीपी) किस मंत्रालय द्वारा लांच किया गया था? **- पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय**
- जलवायु परिवर्तन कार्ययोजना के तहत कितने मिशन शामिल हैं? **- 8**
- जीओपी-26 कहां आयोजित किया गया था? **- ग्लासगो**
- सीओपी-26 में भारत ने किस नाम से जलवायु कार्ययोजना को प्रस्तुत किया था? **- पंचामृत**
- भारत द्वारा किस वर्ष तक अपनी गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता 500 गीगावाट तक प्राप्त कर लेगा? **- 2030**
- भारत 2030 तक अपनी ऊर्जा आवयश्यकताओं का कितना प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा से पूरा करोगा? **- 50%**
- भारत द्वारा 2030 तक कुल अनुमानित कार्बन को कितना टन तक कम कर देगा? **- एक बिलियन टन तक**
- भारत द्वारा नेट जीरो शून्य कार्बन का लक्ष्य किस वर्ष तक प्राप्त कर लिया जाएगा? **- वर्ष 2070**
- 2070 तक नेट जीरो शून्य कार्बन उत्सर्जन लक्ष्य प्राप्त करने से पहले एक पूर्व आवश्यकता क्या है? **- हरित कौशल को विकसित करना**
- सर्कुलर इकोनॉमी की अवधारणा किन सिद्धांतों पर कार्य करती है? **- कम करना-पुनः उपयोग-पुनर्चक्रण**
- जीवनशैली के लिए पर्यावरण (LIFE) में क्या-क्या समाहित है? **- अपशिष्ट कम करना, ई वेस्ट कम करना, स्वस्थ जीवन शैली अपनाना, सतत खाद्य प्रणाली अपनाना, सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल बंद करना, जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण**
- राष्ट्रीय संसाधन दक्षता नीति 2019 किस मंत्रालय द्वारा लाया गया है?**- पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय**
- वैसी ऑफ-फार्म प्रौद्योगिकी जो एक टिकाऊ तकनीक है तथा स्थानीय स्तर पर ऊर्जा उत्पन्न करने के लिए बढ़ावा दी जाती है, क्या कहलाती है? **- बायो ब्रिकेटिंग**
- पाइन सुइयों से बायोमास ऊर्जा उत्पन्न करने हेतु किन तकनीकों का उपयोग किया जाता है? **- बायोमास ब्रिकेटिंग**
- जी.पी. पंत राष्ट्रीय हिमालय पर्यावरण संस्थान कहां अवस्थित है? **- अल्मोड़ा**

## नवीकरणीय एवं स्वच्छ ऊर्जा

- भारत के किस मंदिर में 3डी लाईट शो सौर ऊर्जा से संचालित होते हैं? **– गुजरात में मोढेरा स्थित सूर्य मंदिर**
- क्रिस्टल सौर पैनल का निर्माण कितने चरणों में होता है? **– चार चरणों में**
- उच्च शुद्धता वाले सिलिकॉन को क्या कहा जाता है? **– पॉलीसिलिकॉन**
- भारत में सौर सेल उत्पादन की क्षमता कितनी है? **– 3 गीगावॉट प्रतिवर्ष**
- देश का पहला सौर ऊर्जा और बैटरी भंडारण से युक्त 'सूर्यग्राम' कौन-सा है? **– मोढेरा (गुजरात)**
- सौर पार्कों और अल्ट्रा मेगा सौर ऊर्जा परियोजनाओं का विकास योजना के अंतर्गत मार्च 2024 तक कितने गीगावॉट सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है? **– 40**
- किस कंपनी के द्वारा देश का सबसे बड़ा तैरता सौर पार्क स्थापित किया गया है? **– एनटीपीसी**
- किस स्थान पर देश का सबसे बड़ा तैरता सौर पार्क स्थापित किया गया है? **– रामागुंडस (तेलंगाना)**
- देश के सबसे बड़े तैरते सौर पार्क की क्षमता कितनी है? **– 100 मेगावॉट**
- भारत का कौन-सा स्टेशन पहला पूर्णतः सौर ऊर्जा संचालित स्टेशन है? **– गुवाहाटी**
- लेह में पहली बार हाइड्रोजन ऊर्जा आधारित बसों की संचालन तथा स्टेशन की स्थापना किस कंपनी द्वारा किया जा रहा है? **– एनटीपीसी लिमिटेड**
- राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन की घोषणा कब हुई थी? **– 15 अगस्त, 2021**
- राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन के अंतर्गत 2030 तक कम से कम कितने मिलियन मीट्रिक टन प्रतिवर्ष हरित हाइड्रोजन उत्पादन क्षमता को विकसित किया जाएगा? **– 5**
- हरित हाइड्रोजन को किस प्रकार बनाया जाता है?**– जल के विफल अपघटन प्रक्रिया से**
- बायोमास गैसीकरण द्वारा जैविक अपशिष्ट की हरित हाइड्रोजन में परिवर्तित करने के लिए उच्च शुद्धता वाला संयंत्र कहां स्थापित किया गया है?**– भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरू**
- पूर्णतः स्वदेशी रूप से निर्मित हाइड्रोजन ईंधन संचालित बस का अनावरण कहां किया गया? **– पूणे (महाराष्ट्र)**
- भारत में विनिर्मित पवन चक्कियों की इकाई क्षमता कितने मेगावॉट है? **– 3.6 मेगॉवाट**

## अनुसंधान नवाचार

- जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान, जय अनुसंधान का नारा किसके द्वारा दिया गया है?**– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा**
- नैसकॉम के अनुसार भारत में पेटेंट फाइल करने में वार्षिक वृद्धि दर कितनी है? **– 13.6%**
- वर्ष 2010-2022 के बीच भारत द्वारा कुल कितने पेटेंट आवेदन दाखिल किए गए हैं? **– 5,84,000**
- विश्व भर में कुल पेटेंट आवेदन में आधे से अधिक संख्या किस देश की होती है? **– चीन की**
- विश्व में सर्वाधिक पेटेंट आवेदन करने वाले दो देश कौन-से हैं? **– चीन, अमेरिका**
- पेटेंट आवेदन के मामले में भारत का विश्व में कौन-सा स्थान है? **– 6वॉं**
- नेशनल रिसर्च फाउंडेशन विधेयक 2023 को कब पारित किया गया है? **– 9 अगस्त, 2023**
- नेशनल रिसर्च फाउंडेशन का पदेन अध्यक्ष कौन होगा? **– प्रधानमंत्री**
- वर्ष 2020 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद का लगभग कितना प्रतिशत हिस्सा अनुसंधान के लिए रखा गया था? **– 0.8%**
- भारत में बौद्धिक संपदा अधिकार नीति कब लागू की गई थी? **– 2016**
- विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की स्थापना किस वर्ष की गई थी? **– 1971**
- पेटेंट जांच का समय 7 साल से घटाकर कितना वर्ष किया गया है? **– 18 महीने**
- ट्रेडमार्क आवेदनों की जांच का समय 13 महीने से घटाकर कितना कर दिया गया है? **– 1 महीना**
- ट्रिम्स क्या है? **– विश्व व्यापार संगठन के तहत एक अंतरराष्ट्रीय कानूनी समझौता है**
- बौद्धिक संपदा कानूनों के व्यापार से संबंधित दिशा-निर्देश कौन प्रदान करता है? **– ट्रिप्स (TRIPS)**

## परम्परा से नव-प्रवर्तन

- संस्कृति के परिप्रेक्ष्य में मेक इन इंडिया का उद्देश्य क्या है? **– हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना**
- प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत किसे अतिआवश्यक वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है? **– शिल्पकारों को**
- राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाने का निर्णय किस वर्ष लिया गया था? **– 7 अगस्त**
- 5 एफ के अंतर्गत क्या-क्या समाहित है? **– फॉर्म टू फाइबर, फाइबर टू फैब्रिक, फैब्रिक टू फैशन और फैशन टू फॉरेन**
- स्वदेश दर्शन योजना किस वर्ष आरंभ किया गया था? **– 2015**
- भारतीय पर्यटन मंत्रालय द्वारा आरंभ स्वदेश दर्शन योजना का उद्देश्य क्या है? **– विषयगत पर्यटन सर्किटों का विकास**
- पर्यटन मंत्रालय द्वारा अतुल्य भारत अभिमान का आरंभ किस वर्ष किया गया था? **– 2002**
- विदेशों में भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने वाला सरकारी संगठन कौन-सा है? **– भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद**

- पर्यटकों को ऐतिहासिक स्थलों और स्मारकों की खोज करने का अवसर किसके द्वारा प्रदान किया गया है? **- हेरिटेज वॉक**

## खाद्य प्रसंस्करण

- आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 के अनुसार पिछले पांच वर्षों में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग क्षेत्र कितने प्रतिशत की औसत वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ रहा है? **- 8.3%**
- पंजीकृत निर्माण सेक्टर से कार्यरत कुल कार्मिकों में कितने प्रतिशत सिर्फ खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र से है? **- 12.2%**
- खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में कितने प्रतिशत के प्रयत्न विदेशी निवेश की अनुमति प्रदान की गई है? **- 100%**
- 2021-22 के दौरान इस क्षेत्र ने कितने मूल्य का विदेशी निवेश आकर्षित किया है? **- 709.72 बिलियन अमेरिकी डॉलर**
- निवेश बंधु क्या है? **- यह केंद्रीय और राज्य सरकारों की नीतियों की जानकारी निवेशकों को प्रदान करने वाला एक पोर्टल है**
- प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना का कार्यकाल कब से कब तक निर्धारित किया गया था? **- 2016-2020**
- वर्तमान में भारत सरकार द्वारा कितने मेगा फूड पार्क को स्वीकृति प्रदान की गई है? **- 41**
- भारत सरकार द्वारा देश के 100 जिलों में कितने 'फूड स्ट्रीट्स' के विकास का लक्ष्य प्रस्तावित किया है? **- 100**
- भारत सरकार द्वारा मत्स्य क्षेत्र में 2024-25 तक कितने रुपये के निर्यात का लक्ष्य निर्धारित किया गया है? **- एक लाख करोड़ रुपये**
- किस योजना के अंतर्गत 12 ब्रांड्स को ब्रैंडिंग और मार्केटिंग हेतु चुना गया है? **- एक जिला एक उत्पाद**
- भारत सरकार द्वारा 2,000 करोड़ रुपये का एक विशेष खाद्य प्रसंस्करण फंड किसके अंतर्गत सृजित किया गया है? **- नाबार्ड**
- माइक्रो खाद्य प्रसंस्करण ईकाइयों को प्रोत्साहन देने हेतु किस योजना का आरंभ किया गया है? **- पीएम फार्मेलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड एंटरप्रासेज स्कीम**
- एग्रीकल्चर इन्फ्रा फंड कब से लागू किया गया है? **- जुलाई 2020**

# योजना

## न्याय बन्धु

- न्याय बन्धु क्या है? **- एक नि:शुल्क कानूनी सेवा**
- न्याय बन्धु का विकास क्यों किया गया है? **- यह पंजीकृत वकीलों को पंजीकृत लाभार्थियों से जोड़ने के लिए**
- यह योजना किन व्यक्तियों की मदद करता है? **- वैसे जो कानूनी सलाह लेने में असमर्थ होते हैं**
- प्रो बोनो पब्लिको का क्या अर्थ है? **- सार्वजनिक हित के लिए**
- प्रो बोनो पब्लिको किस भाषा का शब्द है? **- लातिनी भाषा का**
- कौन सा विभाग इस पहल के सफल कार्यान्वयन के लिए समन्वय और सुविधा प्रदान करने में सहायता प्रदान करता है? **- न्याय विभाग**
- किस अधिनियम के तहत अनुसूचित जाति/जनजाति, मानव तस्करी या भीख मांगने के शिकार, महिलाएं या बच्चे, दिव्यांग और अन्य पात्र न्याय बंधु कार्यक्रम द्वारा मुफ्त कानूनी सहायता और सलाह प्राप्त करने का अधिकार रखते हैं? **- कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 की धारा 12**
- न्याय बंधु (प्रो बोनो लीगल सर्विसेज) की प्राथमिक पहल का उद्देश्य क्या है? **- देशभर में प्रो बोनो कानूनी सेवाओं के वितरण के लिए एक रूपरेखा स्थापित करना**

## क्षमता-निर्माण के दृष्टिकोण से सिविल सेवा में सुधार

- किसके द्वारा नौकरशाह शब्द को गढ़ा गया था? **- जैक्स गौरेन**
- जैक्स गौरेन किस देश से संबंधित था? **- फ्रांस**
- भारत के संविधान का कौन सा भाग, संघ और राज्य लोक सेवा आयोग से संबंधित है? **- भाग 14**
- हैच अधिनियम का संबंध किस देश से है? **- अमेरिका**
- विभिन्न सरकारी संगठनों का संचालन करने वाले सिविल सेवकों की क्षमताओं को बढ़ाने और तेज करने के लिए कौन सा मिशन लॉन्च किया था? **- मिशन कर्मयोगी**
- राष्ट्रीय सिविल सेवा क्षमता विकास कार्यक्रम (एनपीसीएससीबी) का उद्देश्य क्या है? **- एक ऐसे पेशेवर, सुप्रशिक्षित और भविष्य का दृष्टिकोण रखने वाली सिविल सेवा का निर्माण करना है, जो भारत की विकासात्मक आकांक्षाओं, राष्ट्रीय कार्यक्रमों और प्राथमिकताओं की साझा समझ का जज्बा रखती हो।**
- एनपीसीएससीबी का मुख्य बल किन विषयों पर होता है? **- नागरिक और सरकार के परस्पर संबंध को बढ़ाकर जीवनयापन की सुगमता (ईज ऑफ लिविंग) और व्यापार करने की सुगमता (ईज ऑफ डूइंग बिजनेस) को बढ़ावा देना।**
- एनपीसीएससीबी का प्रमुख दर्शन क्या है? **- 'नियम आधारित' प्रणाली को 'भूमिका-आधारित' प्रणाली में बदलकर दक्षता उन्मुख प्रशिक्षण और मानव संसाधन (एचआर) प्रबंधन का एक व्यवस्था तंत्र बनाना**
- राष्ट्रीय सिविल सेवा क्षमता विकास कार्यक्रम में कुल कितने प्रमुख स्तंभ हैं? **- छः**

- राष्ट्रीय सिविल सेवा क्षमता विकास कार्यक्रम में छः प्रमुख स्तंभ कौन कौन से हैं? - **नीतिगत ढांचा, सांस्थानिक ढांचा, दक्षता ढांचा, डिजिटल लर्निंग फ्रेमवर्क, आईगॉट-कर्मयोगी (एकीकृत सरकारी ऑनलाइन प्रशिक्षण कर्मयोगी प्लेटफॉर्म), इलेक्ट्रॉनिक मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (ई-एचआरएमएस), निगरानी और मूल्यांकन ढांचा**
- डिजिटल इंडिया अधिसंरचना (स्टैक) के अभिन्न अंग के रूप में एक ऑनलाइन लर्निंग मंच, आईगॉट–कर्मयोगी क्यों विकसित किया गया है? **- सभी सरकारी कर्मचारियों की क्षमता विकास के लिए**
- क्षमता निर्माण आयोग (सीबीसी) में कुल कितने सदस्य हैं? **- तीन**
- मिशन कर्मयोगी के तहत 2020–25 के बीच लगभग कितने लाख सरकारी कर्मचारी को शामिल करने का लक्ष्य तय किया गया है? **- 46 लाख केंद्रीय कर्मचारी**

## जवाबदेही और वित्तीय प्रशासन

- कौन सी पुस्तक राजनीति सरकार तंत्र और प्रशासन के बारे में विश्व की सबसे पुरानी लिखित पुस्तक है? **- कौटिल्य का अर्थशास्त्र**
- देश के लोक वित्त प्रबंधन में कौन–सा संस्थान प्रमुख भूमिका का निर्वाह करता है? **- नियंत्रक और महालेखा परीक्षक**
- केंद्र तथा राज्य सरकार को खाते रखने के तौर–तरीके के बारे में कौन सुझाव देता है?**- नियंत्रक और महालेखा परीक्षक**
- भारत में नियंत्रक और महालेखाकार संस्थान किस वर्ष अस्तित्व में आया? **- 1860**
- भारत में नियंत्रक और महालेखाकार संस्थान को किस वर्ष संवैधानिक दर्जा प्रदान किया गया? **- 1950**
- संविधान निर्माताओं द्वारा संसद द्वारा स्वीकृत सरकारी व्यय पर निगरानी और अंकुश रखने की जिम्मेदारी किसे प्रदान की गयी थी? **- सी ए जी**
- सी ए जी का कार्य किसके माध्यम से संचालित होता है? **- भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा विभाग**
- भारत का सर्वोच्च लेखा परीक्षा संस्थान किनसे मिलकर बनता है? **- सी ए जी और आईएंडएडी**
- सी ए जी द्वारा किया गाया लेखा परीक्षा और उनके ऑडिट रिपोर्ट कहाँ प्रस्तुत की जाती है? **- भारत के राष्ट्रपति, राज्यों के राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभा के समक्ष**
- सी ए जी कितने प्रकार का लेखा परीक्षा करता है? **- 3**
- समेकित वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (सीएफएमएस) का आरम्भ कब से किया गया है? **- 1 अप्रैल, 2019**
- सभी विभागों के बजट निर्माण की प्रक्रिया ऑनलाइन होने के साथ बजट के प्रोविजन, अलाटमेंट और निकासी भी ऑनलाइन की व्यवस्था के लिए किस प्रणाली को अपनाया गया है? **- समेकित वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (सीएफएमएस)**

## संसदीय समितियां

- संसद गहन मामलों की जांच हेतु किन पर निर्भर करती है? **- संसदीय समितियों पर**
- किस समिति की सिफारिश पर 1921 में संसदीय समितियां अस्तित्व में आई? - **मॉटेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधारों के आधार**
- भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में संसदीय समितियों का उल्लेख किया गया है? **- अनुच्छेद 105**
- स्थायी समितियों को आमतौर पर कितने प्रकारों में बर्गीकृत किया गया है? **- चार**
- वर्गीकृत स्थायी समितियां किन नामो से जानी जाती हैं? **- विषय, वित्तीय, जबाबदेही, प्रशासनिक**
- विषय समितियों की संख्या कितनी है? **- 24**
- प्रत्येक विषय समिति में कितने सदस्य होतें हैं? **- 31**
- विषय समिति 31 सदस्यों में कितने सदस्य लोकसभा से होते हैं? **- 21**
- संसदीय समितियों की उत्पत्ति कहाँ से हुई है? **- ब्रिटिश संसद**
- वित्तीय समितियों में कितनी समितियां शामिल हैं? **- तीन**
- तीनो वित्तीय समितियों के नाम क्या हैं? **- प्राक्कलन, सार्वजनिक उपक्रम और सार्वजनिक लेखा समिति**
- बजट पूर्व अनुमानों की जांच कौन सी समिति करती है? **- प्राक्कलन समिति**
- संसद द्वारा अनुमोदित सरकार के व्यय विवरण की समीक्षा किस समिति के द्वारा की जाती है? **- लोक लेखा समिति**
- संसद सदस्यों को प्राप्त अधिकारों, विशेषाधिकारों और उन्मुक्तियों के उल्लघन से जुड़े प्रश्नों की जांच किस समिति के द्वारा की जाती है? **- विशेषाधिकार समिति**
- संविधान की समीक्षा करने हेतु गठित राष्ट्रीय आयोग (2002) ने कितनी नई समितियों की स्थापना की सिफारिश की थी? **- तीन**
- संविधान की समीक्षा करने हेतु गठित राष्ट्रीय आयोग (2002) द्वारा कौन–सी तीन नई समितियों की सिफारिश की गयी थी? **- संविधान समिति, राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था पर समिति, विधान पर समिति**
- कौन–सी समिति राष्ट्रपति द्वारा संसद में रखे गए नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट की जांच करती है? **- लोक लेखा समिति**

## डाटा संरक्षण

- डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन (डीपीडीपी) विधेयक को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा कब स्वीकृति प्रदान की गयी है? **- 5 जुलाई, 2023**
- डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक, 2023 कितने सिद्धांतों पर आधारित है? **- 7**
- डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक, 2023 के सात सिद्धांत कौन–कौन से हैं? -

**1. व्यक्तिगत आंकड़ों के सहमतिपूर्ण; वैध और पारदर्शी उपयोग का सिद्धांत; 2. उद्देश्य की सीमा का सिद्धांत; 3. न्यूनतम आंकड़ों का सिद्धांत 4. आंकड़ों की सटीकता का सिद्धांत; 5. भंडारण की सीमा का सिद्धांत; 6. सुरक्षा के उचित उपायों का सिद्धांत; 7. जवाबदेही का सिद्धांत**

- डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन (डीपीडीपी) विधेयक का उद्देश्य क्या है? **– भारत के अन्दर और बाहर डिजिटल व्यक्तिगत डेटा के प्रसंस्करण को विनियमित करना**
- डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन (डीपीडीपी) विधेयक के तहत डेटा उल्लंघनों पर कितने रुपये तक के जुर्माने का दंड निर्धारित किया गया है? **– 250 करोड़ रुपये**
- डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक, 2023 के तहत व्यक्तिगत अपराधों के लिए जुर्माना कितने रुपये से शुरू होगा? **– ₹10,000**
- डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक, 2023 किन-किन प्रावधानों के द्वारा व्यक्तिगत डिजिटल आंकड़ों की सुरक्षा करता है? **– आंकड़ों के संसाधन, डेटा प्रिंसिपल, अधिकारों, कर्तव्यों और दायित्वों के उल्लंघन के लिए वित्तीय दंड**
- डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक, 2023 में व्यक्तियों को कौन–कौन सा अधिकार प्रदान करता है? **– संसाधित व्यक्तिगत आंकड़ों के बारे में जानकारी पाने का अधिकार; जानकारियों को सुधारने और हटाने का अधिकार; शिकायत के निवारण का अधिकार; और मृत्यु या अक्षमता की स्थिति में अधिकारों का प्रयोग करने के लिए किसी व्यक्ति को नामांकित करने का अधिकार।**
- विधेयक का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिये सरकार द्वारा किस बोर्ड के गठन का प्रावधान किया गया है? **– डेटा संरक्षण बोर्ड**

## विधि आयोग

- भारत का विधि आयोग किस प्रकार का निकाय है? **– एक गैर-सांविधिक निकाय**
- भारत के विधि आयोग का विजन और मिशन क्या है? **– समाज में न्याय का अधिकतम प्रसार करने और कानून के शासन के तहत सुशासन को बढ़ावा देने के लिए कानूनों में सुधार करना।**
- भारतीय विधि आयोग का प्रमुख कार्य क्या है? **– कानूनी सुधारों हेतु कार्य करना तथा कानून संबंधी अनुसंधान और भारत में मौजूदा कानूनों की समीक्षा करना**
- भारत सरकार द्वारा 22वें विधि आयोग का गठन कब किया गया था? **– 21 फरवरी, 2020**
- 22वें विधि आयोग का कार्यकाल कब तक के लिए विस्तारित कर दिया गया है? **– 31 अगस्त, 2024**
- 22वें विधि आयोग की संरचना में कौन शामिल है? **– एक पूर्णकालिक अध्यक्ष, चार पूर्णकालिक सदस्य (सदस्य-सचिव सहित), कानून और विधायी सचिव इस आयोग का पदेन सदस्य, अंशकालिक पाँच सदस्य**
- भारत के विधि आयोग के 22वें अध्यक्ष कौन हैं? **– जस्टिस रितु राज अवस्थी**
- भारत के विधि आयोग का अध्यक्ष कौन होता है? **– सर्वोच्च न्यायालय का सेवानिवृत्त न्यायाधीश या उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश**
- 21वें विधि आयोग का गठन किस वर्ष किया गया था? **– 2015**
- 21वें विधि आयोग का कार्यकाल कब समाप्त हुआ था? **– 31 अगस्त, 2018**
- 21वें विधि आयोग के अध्यक्ष कौन थे? **– न्यायाधीश बलबीर सिंह चौहान**
- ई-कोर्ट सर्विस मोबाइल एप्लीकेशन में कौन-कौन सी सेवा उपलब्ध है? **– वाद स्थिति, वाद सूची, कोर्ट के आदेशों को इस मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से एक्सेस किया जा सकता है**
- स्वतंत्र भारत का पहला विधि आयोग किस वर्ष गठित किया गया था? **– 1955**
- भारत के पहले विधि आयोग के प्रथम अध्यक्ष कौन थे? **– एम. सी. सीतलवाड़**
- स्वतंत्र भारत का पहला विधि आयोग कितने वर्षों के लिए गठित किया गया था? **– तीन साल**
- पहला विधि आयोग किस वर्ष स्थापित किया गया था? **– 1834**
- ब्रिटिश काल के दौरान वर्ष 1834 में किस अधिनियम के तहत विधि आयोग का गठन किया गया था? **– 1833 के चार्टर अधिनियम**
- ब्रिटिश काल के दौरान वर्ष 1834 में गठित विधि आयोग का अध्यक्ष कौन थे? **– लॉर्ड मैकाले**

## प्रत्यक्ष कर सुधार

- वर्तमान में सहकारी समितियों को कितने प्रतिशत वैकल्पिक न्यूनतम कर का भुगतान करना पड़ता है? **– 18.5%**
- वित्त अधिनियम 2022 में सहकारी समितियों द्वारा भुगतान किये जाने वाले वैकल्पिक न्यूनतम कर को कम कर कितना कर दिया गया है? **– 15%**
- विकास और निवेश को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने कौन–सी ऐतिहासिक कर सुधार लागू किया है। **– कराधान कानून (संशोधन) अध्यादेश 2019**
- अधिकारियों के समक्ष करदाताओं की भौतिक रूप में उपस्थिति की आवश्यकता को दूर करने के लिये कौन-सी प्रणाली आरम्भ की गई है? **– फेसलेस मूल्यांकन प्रणाली**

- करदाताओं को कर विवादों के मामले में त्वरित राहत प्रदान करने के लिये कौन सी समिति का गठन किया गया है? **- विवाद समाधान समिति (DRC)**
- विवाद समाधान समिति (DRC) आयकर अधिनियम के किस खंड के तहत किया गया है? **- 245 MA**
- प्रधानमंत्री ने पारदर्शी कराधान - ईमानदार का सम्मान के तहत कौन से तीन महत्त्वपूर्ण संरचनात्मक कर सुधारों की की घोषणा की है? **- फेसलेस मूल्यांकन, फेसलेस अपील और करदाता चार्टर**
- प्रत्यक्ष कर विवादों को विभिन्न अपीलीय मंचों में निपटाने के लिये कौन-सा अधिनियम पारित किया गया है? **- प्रत्यक्ष कर विवाद से विश्वास अधिनियम (Direct Tax Vivad se Vishwas Act)**
- प्रत्यक्ष कर विवाद से विश्वास अधिनियम (Direct Tax Vivad se Vishwas Act) को कब से लागू किया गया है? **- मार्च 2020**
- काला धन (अघोषित विदेशी आय और संपत्ति) कर अधिरोपण अधिनियम, 2015 को लागू करने का उद्देश्य क्या था? **- काले धन की समस्या से निपटने हेतु**
- बेनामी सम्पत्तियों की वसूली हेतु कौन-सा अधिनियम अधिनियमित किया गया था? **- बेनामी लेन-देन निषेध संशोधन अधिनियम 2016**

## उपभोक्ता और व्यवसाइयों के हितों की रक्षा

- प्रतिस्पर्द्धा कानून का उद्देश्य क्या है? **- बाजारों में प्रतिस्पर्धा के माहौल को बढ़ावा देकर प्रतिस्पर्द्धा विरोधी गतिविधियों पर रोक लगाना**
- प्रतिस्पर्द्धा की स्थिति और उपभोक्ता कल्याण की सुरक्षा के लिए एक नियामक आयोग के रूप में कौन कार्य करता है? **- भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग**
- भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग किस प्रकार का निकाय है? **- अर्द्ध-न्यायिक निकाय**
- भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग का गठन किस अधिनियम के अंतर्गत किया गया था? **- प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2002**
- प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002 को किस वर्ष संशोधित किया गया था? **- प्रतिस्पर्द्धा (संशोधन) अधिनियम, 2007 द्वारा**
- प्रतिस्पर्द्धा (संशोधन) अधिनियम, 2007 द्वारा किस अधिकरण की स्थापना की गई थी? **- भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग और प्रतिस्पर्द्धा अपील अधिकरण**
- वर्तमान में, भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग कितने सदस्य हैं? **- एक अध्यक्ष और छः सदस्य**
- भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग को विधिवत रूप से किस वर्ष गठित किया गया था? **- मार्च 2009**
- किस अधिनियम को निरस्त कर प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2002 लाया गया था? **- एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापार व्यवहार. अधिनियम, 1969 (Monopolies and Restrictive Trade Practices Act- MRTP Act)**
- एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापार व्यवहार. अधिनियम, 1969 अधिनियम को किस समिति की अनुशंसा पर निरस्त कर दिया गया था? **- राघवन समिति**
- भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग (सीसीआई) का कार्यक्षेत्र क्या है? **- प्रतिस्पर्द्धा पर विपरीत प्रभाव डालने वाले व्यवहारों को रोकना, बाजारों में प्रतिस्पर्द्धा का संवर्द्धन और उसे बनाए रखना, उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा, व्यापार की स्वतंत्रता सुनिश्चित करना।**
- अंतरराष्ट्रीय कार्टेल किसे कहा जाता है? **- जब किसी कार्टेल के सभी उद्यम एक ही देश में स्थित नहीं होते हैं**
- किस वर्ष सरकार द्वारा प्रतिस्पर्द्धा अपीलीय न्यायाधिकरण (COMPAT) को राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण (National Company Law Appellate Tribunal - NCLAT) के रूप में प्रतिस्थापित कर दिया गया है? **- वर्ष 2017**
- उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 को किस अधिनियम के स्थान पर लाया गया है? **- उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986**
- उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के तहत उपभोक्ता की श्रेणी का विस्तार करते हुए किसे शामिल किया गया है? **- वैसे व्यक्ति जो ऑनलाइन या इलेक्ट्रोनिक माध्यम से सामान या सेवाएं खरीदते हैं**
- उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 में विज्ञापन की परिभाषा में क्या शामिल किया गया है? **- इलेक्ट्रोनिक मीडिया या इन्टरनेट या वेबसाईट के माध्यम से किया गया कोई भी ऑडियो या विजुअल प्रचार, प्रतिनिधित्व, विज्ञापन या घोषणा**
- उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा के लिये कानून द्वारा दिये गए अधिकार कौन-कौन से हैं?**- सुरक्षा का अधिकार, सूचना का अधिकार, चयन का अधिकार, क्षतिपूर्ति निवारण का अधिकार, उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार**
- केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (CCPA) स्थापित करने की घोषणा सरकार द्वारा कब की गयी है? **- अप्रैल-2020**
- केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (CCPA) का गठन किस अधिनियम के तहत किया गया है? **- उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम-2019 की धारा 10 (1)**
- केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण का उद्देश्य क्या है? **- उपभोक्ता के उन अधिकारों की रक्षा करना है, जो जनता और उपभोक्ताओं के हितों के लिए हानिकारक हैं।**
- केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण को प्राप्त प्रमुख शक्ति क्या है? **- "नुकशानदायक, खतरनाक या असुरक्षित" माल या सेवाओं को वापस करने की शक्ति**

- उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के माध्यम से उपभोताओं के अधिकारों को सशक्त और संरक्षित करने हेतु कौन–कौन से कदम उठाये गए हैं? **- उपभोक्ता संरक्षण परिषद् की स्थापना, उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग का गठन, मध्यस्थता, उत्पाद संबंधी दायित्व, ई कॉमर्स और डायरेक्ट सेलिंग संबंधी नियम, मिलावटी और नकली सामान के लिए जुर्माना**

## लोकतंत्र और संवैधानिक निकाय

- सबसे आवश्यक लोकतान्त्रिक निकाय कौन सा है? **- निर्वाचित विधायिका**
- लोकतंत्र का तात्पर्य क्या है? **- लोग उन कानूनों से ही शासित हो, जिन्हें बनाने में उनकी भूमिका हो**
- लोकतंत्र की स्थापना और मजबूती की अनिवार्य शर्त क्या है? **- निर्वाचित विधायिका**
- लोकतंत्र में सरकार की किसी भी कार्य की किसकी आवश्यकता होती है? **- वैधता**
- लोकतान्त्रिक वैधता का अर्थ क्या है? **- कोई भी ऐसा कार्य उचित और वैध है, जिसके पीछे लोगों की इच्छा शक्ति मौजूद होती है**
- कानून के शासन वाली व्यवस्था में किसे सर्वोच्च स्थान प्राप्त होता है? **- कानून**

## प्रशासनिक सुधार

- प्रधानमंत्री द्वारा प्रशासन में किस बात पर बल दिया गया है? **- अधिकतम शासन - न्यूनतम सरकार**
- अधिकतम शासन - न्यूनतम सरकार के तहत किस परिकल्पना पर बल प्रदान किया गया है? **- डिजिटली सशक्त नागरिक और डिजिटली परिवर्तित संस्थान**
- केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली (सीपीजीआरएएमएस) क्या है? **- एनआईसीएनईटी पर एक ऑनलाइन वेब-सक्षम प्रणाली**
- केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली (सीपीजीआरएएमएस) को किसके सहयोग से तैयार किया गया है? **- प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग**
- केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली (सीपीजीआरएएमएस) का उद्देश्य क्या है? **- मंत्रालयों/ विभागों/ भारत सरकार के संगठनों द्वारा शिकायतों के तीव्र निपटान और प्रभावी निगरानी**
- सुशासन सूचकांक किस विभाग के द्वारा तैयार किया जाता है? **- प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (DARPG)**
- सुशासन सूचकांक द्वारा राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में शासन की स्थिति का आंकलन कितने वर्षों पर किया जाता है? **- द्विवार्षिक रूप से**
- सुशासन सूचकांक में कितने क्षेत्र और सूचक शामिल है? **- 10 क्षेत्र और 58 सूचक**
- सुशासन सूचकांक के अंतर्गत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कितनी श्रेणियों में बाँटा गया है? **- चार श्रेणी**
- सूचकांक में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को किन चार श्रेणियों में बाँटा गया है? **- केंद्रशासित प्रदेश, पूर्वोत्तर राज्य, पर्वतीय राज्य, अन्य राज्य**
- सुशासन सूचकांक-2021 में 10 क्षेत्रों को कवर करते हुए समग्र रैंकिंग में कौन सा राज्य शीर्ष पर है? **- गुजरात**
- सुशासन सूचकांक-2021 में 10 क्षेत्रों को कवर करते हुए समग्र रैंकिंग में कौन सा राज्य दूसरे और तीसरे स्थान पर है? **- क्रमशः महाराष्ट्र और गोवा**
- डिजिटल सरकार को उत्कृष्ट बनाने के लिये प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग (DARPG) द्वारा कौन-सी पहले का आरम्भ किया गया है? **राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सेवा वितरण आकलन (NeSDA)**
- राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सेवा वितरण मूल्यांकन का उदेश्य क्या है? **- नागरिकों को ऑनलाइन सेवाओं के वितरण में राज्यों/ केंद्रशासित प्रदेशों और केंद्र सरकार की प्रभावशीलता में सुधार करना**
